डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शुक्रवार
26.08.2022
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-307 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
मित्रों का चुनाव सावधानी से करें, क्योंकि हमारे व्यक्तित्व की झलक हमारे उन मित्रों से भी मिलती है जिनकी संगत से हम दूर रहते हैं।

चुनाव आयोग का फैसला राजभवन पहुंचा, राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी

गहमागहमी का केंद्र बना रहा राजभवन

रांची। मुख्यमंत्री हेमेत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्राफिट से जुड़े केस में चुनाव आयोग की अनुशंसा आने के बाद राजभवन में गहमागहमी बनी रही। राजभवन सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की सुबह दिल्ली से आनेवाली पहली फ्लाइट से ही चुनाव आयोग का पत्र राजभवन को मिला। इसके बाद इसे लेकर राजनीतिक कयासों का दौर शुरू हो गया। इन सबके बीच दिन के 1.55 बजे राज्यपाल रमेश बैस दो दिनों के दिल्ली के निजी कार्यक्रम के बाद रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने पत्र नहीं देखा है। राजभवन जाने के बाद पत्र देखकर ही ज्यादा जानकारी दे पायेंगे। तकरीबन 2.10 बजे राज्यपाल राजभवन पहुंचे। इसके बाद राजभवन के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गयी। रांची पुलिस लाइन से अतिरक्त बलों की तैनाती राजभवन के बाहर कर दी गयी थी। वहीं, मीडिया का जमावड़ा भी राजभवन के बाहर लगा रहा। दिन के तकरीबन साढ़े तीन बजे राजभवन के सूत्रों से जानकारी मिली कि चुनाव आयोग से आये पत्र के संबंध में विधिक मंतव्य लिया जायेगा। इसके बाद इस संबंध में शुक्रवार को आगे का फैसला लिया जा सकता है। राजभवन सूत्रों से शुक्रवार को संबंधित मामले में फैसले की सूचना के बाद वहां गहमागहमी कम हुई।

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत निर्वाचन आयोग ने सीएम हेमंत सोरेन के खनन पट्टा मामले में अपना मंतव्य राजभवन को भेज दिया है। चुनाव आयोग की अनुशंसा आने के बाद राजभवन में गहमागहमी बनी रही। राजभवन सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की सुबह दिल्ली से आनेवाली पहली फ्लाइट से ही चुनाव आयोग का पत्र राजभवन को मिला। इसके बाद इसे लेकर राजनीतिक कयासों का दौर शुरू हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द होगी या उन्हें क्लीनचिट मिल जायेगा, इसका खुलासा अब जल्द ही होने की संभावना है।

इधर, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सीलबंद लिफाफे राजभवन को भेज दिये जाने के बाद अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में आनेवाले फैसले पर सबकी नजरें टिक गयी है। राज्यपाल रमेश बैस तीन दिवसीय नयी दिल्ली यात्रा पूरी कर गुरुवार को दोपहर रांची वापस लौट आये। रांची एयरपोर्ट पर आयोग के पत्र पर राज्यपाल ने कुछ भी बोलने में असमर्थता जाहिर की। वहीं, दिनभर मुख्यमंत्री आवास के बाहर हलचल तेज रही। राजनीतिक सरगर्मी के बीच सीएम हेमंत सोरेन से लगातार मंत्रियों और विधायकों के मिलने-जुलने का सिलसिला जारी रहा। रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि अभी उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि चुनाव आयोग ने क्या सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि राजभवन जाने के बाद ही इस बात का पता चलेगा। राज्यपाल की ओर से यह भी जानकारी दी गयी कि वे निजी कार्यों को लेकर दिल्ली दौरे पर गये थे। वहीं, राजभवन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल रमेश बैस दिल्ली से लौटने के बाद इस फसले पर कानूनविदों से राय ले रहे हैं। चुनाव आयोग की रिपोर्ट पर रायशुमारी के बाद राज्यपाल शुक्रवार को इस मसले पर फैसला ले सकते हैं। हालांकि, कुछ तकनीकी अड़चन सामने पर फैसले लेने में विलंब भी हो सकता है।

सीएम ने मंत्रियों-विधायकों से की चर्चा : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कई मंत्रियों और विधायकों ने मुलाकात की। सीएम से मुलाकात करनेवाले मंत्री मिथिलेश ठाकुर, चंपई सोरेन, कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री हफीजुल अंसारी, विधायक मथुरा प्रसाद, सांसद महुआ माजी, विजय हांसदा, वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य और अन्य वरिष्ठ नेता-विधायक शामिल थे।

सीएम ने बिना किसी का नाम लिये साधा निशाना : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजनीतिक हलचल के बीच बीजेपी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा। सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा-संवैधानिक संस्थानों को तो खरीद लोगे, जनसमर्थन कैसे खरीद पाओगे? मुख्यमंत्री ने इस वक्तव्य के साथ एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें राज्य के पुलिसकर्मियों के लिए क्षतिपूर्ति अवकाश फिर से शुरू किये जाने पर उन्हें बधाई देने पुलिसकर्मी सीएम आवास पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकल्पों पर मंथन शुरू

रांची। मुख्यमंत्री हेमेत सोरेन के आफिस ऑफ प्राफिट से जुड़े केस में चुनाव आयोग के फैसले के बाद एक तरफ जहां विकल्पों को लेकर सत्ता पक्ष में मंथन शुरू हो गया है। वहीं, विपक्ष भी वेट एंड वॉच की स्थिति में है, लेकिन राजनीतिक कयासबाजी के साथ साथ ट्वीटर पर भी गुरुवार को झारखंड हैशटैग ट्रेंड में रहा। राजभवन को पत्र मिलने के बाद निर्दलीय विधायक सरयू राय ने ट्वीट किया कि भारत के निर्वाचन आयोग ने झारखंड के राज्यपाल के पास अपनी अनुशंसा भेज दिया है कि हेमंत सोरेन भ्रष्ट आचरण के दोषी पाये गये हैं। फलतः ये विधायक नहीं रह सकते। इन्हें अगले तीन वर्षों तक विधायक का चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिया जा सकता है। सरयू राय ने कहा कि जहां तक उनका अनुमान है अयोग्य ठहराने की अधिसूचना राजभवन से निकलते ही हेमंत सोरेन इसके विरूद्ध हाईकोर्ट/सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। उन्हें जाना भी चाहिए। यदि मुख्यमंत्री रहते न्यायालय से तुरंत स्थगन आदेश नहीं मिला तो मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद भी वे न्यायिक लड़ाई लड़ सकते हैं।

मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए : निशिकांत दूबे : निशिकांत दूबे ने गुरुवार को दिन के 10 बजे सबसे पहले ट्वीट किया कि राजभवन को चुनाव आयोग ने पत्र भेज दिया है। मीडिया से बातचीत में निशिकांत दूबे ने कहा कि उन्होंने पहले ही ट्वीट किया था कि हेमंत सोरेन सरकार अगस्त पार नहीं कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यूज गैलरी

बारामूला में मुठभेड़ में तीन घुसपैठिये मारे गये

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम तीन सशस्त्र घुसपैठिये मारे गये। आधिकारिक सूत्रों बताया कि सुरक्षाबलों ने घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया है। जवानों ने उरी सेक्टर के कमलकोट इलाके में सीमा के पास संदिग्ध हरकत देखी। सूत्रों ने बताया कि जवानों ने घुसपैठियों को ललकारा तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में अब तक तीन घुसपैठिए मारे गये। इलाके से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ की कोशिशों में तेजी देखी गयी है। सेना ने पिछले चार दिनों में जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ के कम से कम तीन प्रयासों को विफल किया है।

मुर्मू 46 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर विज्ञान भवन में 46 शिक्षकों को वर्ष 2022 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षक दिवस के अवसर पर हर वर्ष पांच सितंबर को राष्ट्रीय समारोह का आयोजन करता है, जिसमें देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं। पुरस्कारों के लिए शिक्षकों का चयन ऑनलाइन तीनस्तरीय चयन प्रक्रिया के जरिये पारदर्शी तरीके से किया जाता है। शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने का उद्देश्य देश के शिक्षकों के अनूठे योगदान को रेखांकित करना और ऐसे शिक्षकों का सम्मान करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व परिश्रम से न सिर्फ स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है।

कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए अभियान जारी रखें सुरक्षा बल : शाह

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का सफाया करने के लिए सुरक्षा बलों और पुलिस को सुनियोजित आतंकवाद विरोधी अभियानों के माध्यम से समन्वित प्रयास जारी रखने को कहा है। श्री शाह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर समीक्षा बैठक की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और सेना तथा जम्मू-कश्मीर प्रशासन सहित केंद्र सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में गृह मंत्री ने सुरक्षा ग्रिड के कामकाज और पिछले कुछ वर्षों में आतंकवाद की घटनाओं को कम करने के लिए की जा रही विभिन्न कार्रवाइयों की समीक्षा की। उन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद इस साल हुई अमरनाथ यात्रा के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा एजेंसियों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

मोदी की सुरक्षा चूक, सुप्रीम कोर्ट ने जांच समिति की रिपोर्ट पंजाब सरकार को भेजा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय की ओर से नियुक्त जांच समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनवरी में पंजाब दौरे के दौरान हुई सुरक्षा चूक के लिए फिरोजपुर के तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरमनदीप सिंह हंस को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और समय रहते पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहे का आरोप लगाया है। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने गुरुवार को शीर्ष अदालत की पूर्व न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा कमेटी की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उसे आवश्यक कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेजने का आदेश दिया। समिति ने यह रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश की थी।

झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने क्षतिपूर्ति अवकाश लागू करने के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

हमारा प्रयास राज्य का हर कर्मचारी खुले मन से निर्भीक होकर कार्य करे : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के पुलिसकर्मियों का उत्साह देखते बन रहा है। आज होली नहीं है, फिर भी हमारे पुलिसकर्मी भाइयों ने सड़कों पर होली जैसा माहौल बना दिया है। मुख्यमंत्री ने उक्त बातें मुख्यमंत्री आवास में आये झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के पुलिसकर्मियों को कहीं। आज पुलिस मेंस एसोसिएशन राज्य में क्षतिपूर्ति अवकाश को पूर्व की भांति लागू करने के लिए पुलिसकर्मियों की ओर से मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित कर रहा था। बैंडबाजे के साथ आयी मेंस एसोसिएशन की टीम ने मुख्यमंत्री को मिठाई खिलाकर एवं रंग-गुलाल उड़ाकर अपनी खुशी को मुख्यमंत्री से साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि राज्य का हर कर्मचारी खुले मन से निर्भीक होकर कार्य कर सके और राज्य को नयी दिशा दें। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के पुलिसकर्मी जंगलों से लेकर शहर तक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

प्रेम प्रकाश गिरफ्तार, छह दिनों की रिमांड पर

ईडी ने 14 दिनों की मांगी पुलिस रिमांड, पूछताछ के बाद 31 अगस्त को होगी पेशी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में मनरेगा घोटाले व अवैध खनन के जरिये करोड़ों की अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग के मामले में ईडी ने बुधवार की देर रात प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद ईडी को प्रेम प्रकाश की छह दिनों की रिमांड मिल गयी है। ईडी खनन पट्टे एवं अन्य माध्यम से की अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने से संबंधित मामले 26 से 31 अगस्त तक आरोपी को कब्जे में लेकर पूछताछ करेगी। पूछताछ के बाद आरोपी को 31 अगस्त की शाम पांच बजे तक अदालत में पेश किया जायेगा। इससे पूर्व ईडी की टीम गुरुवार को शाम चार बजे आरोपी पीपी को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया। आरोपी की पेशी के साथ ईडी ने उसे 14 दिन की पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन दिया था। ईडी के आवेदन पर विशेष लोक अभियोजक अतिश कुमार ने बहस की। बहस के दौरान ईडी की ओर से कहा गया कि गिरफ्तार आरोपी से लंबी पूछताछ करने की आवश्यकता है। इनका ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एके-47 बरामदगी मामले में पुलिस पदाधिकारी ईडी ऑफिस पहुंचे

रांची। प्रेम प्रकाश के ठिकाने से दो एके-47 बरामदगी मामले में गुरुवार को रांची पुलिस के पदाधिकारी ईडी ऑफिस पहुंचे। बताया जा रहा है कि अरगोड़ा थाना प्रभारी ईडी के अधिकारियों को हथियार से संबंधित मामले की कागजी प्रकिया को लेकर गये थे। ईडी सूत्रों ने बताया कि सुरक्षार्थ रांची पुलिस को बरामद हथियार और गोली सौंपा दिया गया है। कागजाती प्रकिया पूरी होने के बाद ही थाना प्रभारी पुलिस लाइन में हथियार सौपेंगे।

प्रेम प्रकाश के घर से एके-47 व गोली मिलना काफी गंभीर मसला : अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रेम प्रकाश के घर से बरामद हथियार के मामले में रांची पुलिस की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि रांची में पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में आये किसी प्रेम प्रकाश के घर से एके-47 और गोली निकलना बहुत ही गंभीर विषय है। झारखंड में बढ़ते राजनीतिक सरगर्मी के बीच केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा उठाये गये सवाल को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अर्जुन मुंडा ने कहा कि रांची पुलिस की ओर से यह जानकारी दी जा रही है कि दो बॉडीगार्ड के यह हथियार थे। झारखंड पुलिस के ये बॉडी गार्ड किसके नाम, कब और कहां के लिये थे? और इन्होंने जो हथियार रखने के बहाने ढूंढे, वह हास्यास्पद है। केंद्रीय मंत्री ने इस मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की है। अर्जुन मुंडा ने बताया कि इस मामले में जब उन्होंने झारखंड के डीजीपी से बात की, तो उनकी ओर से कहा कि अभी तक उनको रिपोर्ट नहीं मिली। राजधानी में हुई इतनी बड़ी घटना की रिपोर्ट डीजीपी को नहीं मिलना गंभीर विषय है। गौरतलब है कि झारखंड की राजधानी रांची के हरमू इलाके में अवस्थित एक मकान में ईडी द्वारा चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश से जुड़े ठिकाने पर छापेमारी के दौरान दो एके-47 और कारतूस बरामद किया गया था। बाद में रांची पुलिस की ओर से यह जानकारी दी कि ये हथियार रांची पुलिस के दो जवानों की थी और बारिश की वजह से दोनों ने 23 अगस्त को प्रेम प्रकाश ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गोलीकांड मामले में तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शहर के कन्नीराम चौक के पास 17 अगस्त को गोली कांड की घटना को अंजाम देने वाले तीन मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार 17 अगस्त की रात्रि करीब 10.00 बजे अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा पैराडाइज टेलर के मालिक तौहिद आलम पे० स्व० मो० नईम, सा०- मुस्लिमनगर, थाना शहर जिला पलामू पर गोली मारकर जानलेवा हमला करते हुए गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया था। इस संबंध में तौहिद आलम थाना शहर जिला पलामू के फर्दब्यान के आधार पर अज्ञात कर्मियों विरूद्ध शहर थाना कांड संख्या - 281/2022 दिनांक- 18.8.2022 धारा 307/34 भा0द0वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया तथा पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकि सहयोग की मदद से तौहिद आलम की पत्नी का अपने भगीना इरसाद से प्रेम प्रसंग तथा इस मामले को लेकर वादी के द्वारा भगीना इरसाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मामी के प्रेम में पागल भांजे ने मामा की हत्या के लिए दी 3.5 लाख की सुपारी

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने पाराडाइज टेलर के मालिक तौहीद अंसारी पर हुए गत 17 अगस्त को हुए जानलेवा हमले का पदार्फाश कर दिया है। इस मामले में टेलर मालिक की पत्नी, सगे भांजे समेत तीन को गिरफ्तार किया गया है। मामी के इश्क में अंधे भांजे ने मामी के साथ मिलकर टेलर मालिक की हत्या के लिए तीन शूटरों तीन लाख पचास हजार की सुपारी दी थी। इस संबंध में गुरुवार को एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामला अवैध प्रेम संबंध का है। दरअसल, तौहीद का भांजा इरशाद अपनी सगी मामी के प्यार में अंधा हो गया था। इस कारण अपने एक दोस्त आरजू के साथ मिलकर मामा तौहिद आलम को रास्ते से हटाने के लिए 3.5 लाख की सुपारी मंजर व जुम्मन को दी थी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना व तकनीकी साक्ष्य के आलोक में मुस्लिम नगर निवासी मामी गोसीया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

न्यायालय के अग्रिम आदेश को नहीं मानते पाण्डू थाना प्रभारी

जांच के बाद अविलंब काम रोका जाये : पलामू एसपी

ओपी

मेदिनीनगर। पांडू थाना अंतर्गत ग्राम बेलहारा में पांडू थाना प्रभारी न्यायालय के अग्रिम आदेश को नहीं मानते हैं। न्यायालय में धारा 145 की कार्रवाई के बावजूद भी दूसरे पक्ष द्वारा इसकी अवहेलना कर रहा है। इस स्थल पर शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए 145 धारा लगायी गई। ताकि दोनों पक्ष उस जमीन पर कोई कार्य नहीं कर सकें। जब तक न्यायालय का फैसला नहीं आ जाता। फिर भी जमीन पर अवैध रूप से मकान बनने का कार्य बदस्तूर जारी है। भुक्तभोगी सुरेश पाल पलामू एसपी चंदन कुमार सिंन्हा को आवेदन देकर गुहार लगाया है कि उसकी खरीदी हुई जमीन पर अवैध रूप से उमेश पाल पिता राम चंद्र पाल, सिकंदर पाल, पंकज उर्फ सुरेंद्र पाल, दोनों के पिता स्वर्गीय नाथू पाल के द्वारा जमीन पर अवैध रूप से मकान बनाने का कार्य जारी है। जबकि इसकी जानकारी पांडू थाना प्रभारी को है। बावजूद वह बिचौयागिरी और प्रलोभन के लालच में मुक्तदर्शक बन बैठे हैं। उन्हें न्यायालय के आदेश की परवाह नहीं है। भुक्तभोगी ने आवेदन में कहा है कि दिनांक 17 जुलाई को आवेदन के साथ सभी घटना की जानकारी पांडू थाना प्रभारी को दे दी थी। फिर भी आज तक जमीन पर अवैध रूप से जारी है। थाना प्रभारी आज तक भुक्तभोगी को टालमटोल करते आ रहे हैं। जिसके चलते भुक्तभोगी के परिवार सहित अन्य लोगों को जान माल का डर सता रहा है। उधर इस बाबत थाना प्रभारी धूम्मा किस्को ने कहा कि भुक्तभोगी रात में काम करता है। हम क्या करें? इस पर कहा गया कि न्यायालय का आदेश है। कानून व्यवस्था की रक्षा करना आप का दायित्व है। इस पर उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

क्या कहना है पलामू एसपी का

इस संबंध में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पाण्डू थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिया है कि जांच कर काम को रोका जाये। उस जमीन पर न्यायालय की धारा 145 चल रही है। किसी को भी कानून को हाथ में लेने की आजादी नहीं है।

झारखंड में सीएम हेमंत सोरेन की कुर्सी पर संकट, कांग्रेस बोली-

चुनाव आयोग के फैसले का होगा स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुर्सी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सदस्यता को लेकर निर्वाचन आयोग ने अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को सौंप दी है। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा है कि झारखंड सीएम के विधानसभा सदस्यता को लेकर काफी गहमा-गहमी है। मैं कांग्रेस पार्टी के प्रभारी की हैसियत से कह रहा हूं, चुनाव आयोग का जो भी निर्णय होगा, हम उसका स्वागत करेंगे। अविनाश पांडे ने वीडियो जारी कर कहा कि चुनाव आयोग के किसी भी फैसले का कांग्रेस पार्टी स्वागत करेगी। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्णय से अवगत हो जाने के बाद पार्टी गठबंधन दल के सहयोगी दलों के साथ विचार-विमर्श कर आगे का निर्णय लेगी। इससे पहले झारखंड सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा पर सरकारी संस्थाओं के घोर दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि उनकी विधानसभा सदस्यता से जुड़े मामले में केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्यपाल की ओर से अब तक कोई सूचना नहीं मिली है, पर उन्हें ऐसी खबरों के बारे में पता चला है, जिसमें कहा जा रहा है कि निर्वाचन आयोग ने उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की है। अविनाश पांडे ने आगे कहा कि यह भी बात किसी से छिपी नहीं है कि जिस दिन से झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से भारतीय जनता पार्टी हर तरीके के हथकंडे अपना कर राज्य की सरकार को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। चाहे फिर वह संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग क्यों ना हो, ईडी-सीबीआई व अन्य सभी एजेंसी के माध्यम से एक जैसी परेशानी उत्पन्न करके जितने भी विकास कार्य हैं, उसमें अड़चन ला रही है। हम अपने घटक दलों के साथ इस मसले पर चर्चा करेंगे और आगे की रणनीति भी बनायेंगे।

बालू के अभाव में पीएम आवास सहित सभी विकास कार्य बाधित

मजदूर हुए बेकार, पलायन को मजबूर

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सरकार की अदूरदर्शिता की वजह से विगत कई वर्षों से बालू घटो की नीलामी नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप पीएम आवास, निजी आवास निर्माण कार्य समेत सभी विकास का कार्य बाधित है। एक तरफ सरकार ने घटो की नीलामी नहीं की दूसरी ओर कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की। आम लोग बालू के लिए परेशान हैं। एक ओर अधिकारी पीएम आवास के लाभुकों को आवास निर्माण जल्द नहीं कराने पर कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं, तो दूसरी ओर बालू उठाव करने पर पुलिस की कार्रवाई हो रही है। उक्त बातें राष्टवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सह इंटक नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र में एक भी बालू घाट का टेंडर सरकार ने नहीं किया। जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिन डंपिंग प्वाइंट की सूची जारी की है। वह हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र के हरिहरगंज, पिपरा से 70 किलो मीटर

और हुसैनाबाद हैदरनगर मोहम्मदगंज से 30 से 60 किलो मीटर दूर विश्रामपुर है। वहां भी बालू उपलब्ध नहीं है। डंपिंग प्वाइंट पर न बालू है ,और न उनके पास चालान है। अवैध ढंग से कहीं कहीं बालू बेचा जा रहा है।जो चार गुणा महंगा पड़ता है। उन्होंने कहा कि खनन विभाग ने कुछ छोटी नदियों से बालू का उठाव अंचल के माध्यम पंचायत स्तर से चालान काट कर देने की सूची जारी की है। उसमे हुसैनाबाद की हढ़ी नदी, कुकही नदी, काशी सोत, करारबार शामिल है। इन सभी नदियों में एक छटाक बालू नहीं है। बालू के अभाव में पीएम आवास, नाली, गली के अलावा निजी आवास निर्माण का काम पूरी तरह ठप्प है। जिससे मजदूर बेरोजगार हो गए है। एक और बारिश नहीं होने से खेत में काम नहीं मिल रहा है, दूसरी ओर बालू नहीं मिलने से मजदूर को रोजगार नहीं मिल रहा है। बालू की वजह सीमेंट छाड़ के दुकानदारों के साथ साथ ईट का कारोबार बंदी के कगार पर है। हुसैनाबाद समेत जिले के सभी प्रखंडों से बड़ी संख्या में मजदूर प्रतिदिन दिल्ली मुंबई हैदराबाद चेन्नई पलायन कर रहे हैं। यह नजारा पलामू जिला के किसी भी रेलवे स्टेशन पर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बालू की समस्या विगत दो वर्ष से विकराल रूप लेती जा रही है। इस संबंध में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड विधानसभा में तीन बार मामला उठाया है। मगर सरकार ने बालू घाटों की नीलामी भी नहीं की और वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं। परिणांस्वरूप विकास के सभी कार्य बाधित होने के साथ साथ मजदूरों का पलायन जारी है। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने राज्य सरकार को 15 दिनों के अंदर बालू घाटों की नीलामी करने या वैकल्पिक व्यवस्था करे। ऐसा नहीं करने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पलामू जिला मुख्यालय को जाम कर देंगे।

13 लोगों पर विद्युत चोरी की प्राथमिकी दर्ज,1.91 लाख रुपये का लगा जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता



हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विशेष छापामारी अभियान के तहत अवैध बिजली का उपयोग करते कुल 13 लोगों को पकड़ा गया है। इसमें ओमप्रकाश ठाकुर खरडीहा, मो. हनान खान, लुकमान खान, तकसीर खान, नेयाज खान, मकसुद खान, महफूज आलम खान सभी कुड़वा खुर्द, देवचरण शर्मा, अनीस खान नोखिला, शमसाद खान, तौफिक खान, इकबाल खान करीमनडीह व मोकहर कला गांव निवासी जिब्रिल खान का नाम शामिल हैं। इन पर बगैर वैद्य कनेक्शन लिये निजी घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व खेत में तार खींचकर पटवन करने का आरोप लगाया गया है। जेवीएमएल के कनीय प्रबंधक प्रदीप कुमार सिंह ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए उन पर 1. 91 लाख रुपया का जुर्माना भी लगाया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान एई संजय कुमार के अलावे मानव दिवसकर्मी जितेन्द्र ठाकुर, मनोज कुमार शामिल थे। उन्होंने कहा कि अब भी वैद्य कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करने की सलाह दी है। इसके लिये उनकी सुविधा अनुसार सभी स्थानों पर निर्धारित दिवस व तिथि को विशेष शिविर का भी आयोहजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा है कि जेचीएनएल का आगे भी छापामारी जारी रहेगा। इस दौरान अवैध बिजली का उपयोग करते पकड़े जाने पर जुर्माना के साथ प्राथमिकी भी दर्ज होगी।

हरिहरगंज के मजदूर की ट्रेन से गिरकर मौत

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी 40 वर्षीय मजदूर कृष्णा यादव की मौत बुधवार की शाम ट्रेन से गिरकर हो गयी। वह परिवार के भरण- पोषण के लिए मजदूरी करने दिल्ली जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक आसपास गांव के चार अन्य लोगों के साथ दिल्ली जाने के लिए बिहार के औरंगाबाद जिले के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन से पूर्वा एकसप्रेस पकड़ा था। अत्यधिक भीड़ होने के कारण अन्य साथी किसी प्रकार बोगी के अन्दर चले गये। किंतु वह गेट का हैंडल पकड़कर लटके रहा. तभी स्टेशन से ट्रेन के खुलने के करीब तीन -चार किमी की दूरी पर ही सिमरिया पोखराहा गांव के समीप बिजली के पोल से टकराकर नीचे गिर पड़ा। जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं रेलवे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

विवाहिता की हत्या कर शव गायब करने का आरोप, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के गौरेयाथान गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों द्वारा विवाहिता की हत्या कर शव कहीं गायब कर देने का मामला थाना में आया है। इस सम्बंध में गढ़वा जिला के थाना रमना के जोगीराल गांव निवासी रामप्रसाद यादव ने हुसैनाबाद थाना में पिंटू यादव, अवधेश यादव, आरती कुँवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की मेरी पुत्री चांदनी की शादी 26जून 2020 को गौरेयाथान निवासी स्वर्गीय घुना यादव के पुत्र पिंटू यादव से हुआ था। शादी के एक वर्ष बीतने के बाद मेरा दामाद पिंटू यादव, अवधेश यादव, आरती कुंवर मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये की मांग मेरी पुत्री से करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उसे पड़तारित किया जाने लगा। कुछ दिन पूर्व मेरी पुत्री ने मोबाइल पर बताया की मांग पूरी नहीं होने पर मेरी हत्या कर सकते हैं। 20 अगस्त को ग्रामीण विनय पासवान ने मोबाइल पर इस घटना की सूचना दी। बारिश के कारण हम उस दिन गोरेया थान नहीं पहुंच सके। दूसरे दिन जब अपनी लड़की के ससुराल पहुंचा, तो घर के सभी सदस्य फरार थे। मुझे पूरा शक है की मेरी पुत्री चांदनी की हत्या कर शव को कहीं गायब कर दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया की मामले की जांच की जा रही है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हवा में पठन-पाठन बाधित

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड के कुम्हवा गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विगत 5 माह से स्कूल में ताले लटके हुए हैं। बहुत दिनों से स्कूल में ताला लटकने का मामला यह है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हवा में कोई भी शिक्षक इस विद्यालय में पढ़ाना नहीं चाहते हैं। क्योंकि कुम्हवा गांव के ही एक पारा शिक्षक जिनका नाम महेंद्र सिंह है महेंद्र सिंह फर्जी शैक्षणिक का सर्टिफिकेट पर बहाल हुए थे। इसकी शिकायत गांव के ही ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड शिक्षा परियोजना को आवेदन देकर पारा शिक्षक महेंद्र सिंह के शैक्षणिक कागजात की जांच करवाने की मांग की थी। जो इसकी जांच परीक्षा नियंत्रण रांची, रांची विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। जिसमें पारा टीचर महेंद्र सिंह शैक्षणिक सर्टिफिकेट में फेक प्रमाणित पाया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के द्वारा महेंद्र सिंह को पारा शिक्षक के पद से बर्खास्त भी कर दिया गया। फिर भी या जोर जबरदस्ती से स्कूल में दखल डाल रहे थे। कुम्हवा गांव के ग्रामीणों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भी 5 माह से बंद पड़े स्कूल को अवगत कराया है। फिर भी अभी तक प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखंड के शिक्षा परियोजना से एक प्राप्तांक, दिनांक के साथ पारा शिक्षक महेंद्र सिंह पर एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन केंद्र पाटन को सूचनार्थ किया गया था। फिर भी अभी तक कोई विभाग की तरफ से पहल नहीं की गई। ग्रामीण में रोष व्याप्त है। स्कूल बंद रहने से पठन-पाठन में बाधाएं पहुंच रही है। उस गांव के बच्चों का भविष्य बर्बाद की कगार पर है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंद की खबर सुनकर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने पहुंच कर ग्रामीणों को संतवाना दी। जल्द से जल्द स्कूल खोले जाएंगे शिक्षक की पदस्थापना की जाएगी। पढ़ रहे स्कूल के विद्यार्थियों का पठन-पाठन चालू किया जाएगा।

अवैध माइनिंग पर रोक लगाने को लेकर कई संगठनों ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में चल रहे अवैध माइनिंग पर रोक लगाने और आंदोलनरत जनता और उनके अगुओं पर से फर्जी केस वापस लेने के सवाल पर विभिन्न दलों व संगठनों का संयुक्त प्रेस वार्त्ता किया गया। प्रेसवार्ता के जरिये जिम्नाकित समस्याओं और मांगों व सवालों की ओर नागरिक समाज, प्रशासनऔर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिसमे पलामू जिले में खनन मानदंडों का उल्लंघन कर चल रहे अवैध माईनिंग पर तत्काल रोक लगाने की बात कही गयी। अवैध माइनिंग के खिलाफ आंदोलनरत जनसमूह व जनसंगठनों के अगुओं पर किये गये फर्जी केस संख्या 287, दिनांक 22.05.2022, टाऊन ब्याना मेदिनीनगर,) वापस लिया जाये।3 दिनांक 22.08. 2022 को उपायुक्त पलामू के समय प्रदर्शन के जरिये उठाये गये 07 सूत्री मांगों के समर्थन में जाँच पड़ताल हेतु संयुक्त जांच दल गठित किये जायें। जिसमें प्रशासन और आंदोलनरत जन संगठनों के प्रतिनिधिमंडल संयुक्त रूप से शामिल हो।अवैध माइनिंग की जाये इस प्रीघ्र की जाये व जाँच होने तक अवैध माइनिंग बंद की जाये। और जोन के उपरांत बीज रद्द की जाये। यथा धनवा - पहाड़ पर हो रहे अवैध माइनिंग तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाये। पलामू के चैनपुर प्रखंड अन्तर्गत चोबाद ग्रामीणों के पुश्तैनी जमीन को मुक्त कराया जाये । पत्यामू को अकाल क्षेत्र घोषित कर तत्काल व्यापक तौर पर राहत कार्य चलाया जाये।

न्यूज गैलरी

ठाकुरबाड़ी में छठी कार्यक्रम के साथ भंडारे का आयोजन

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को कामगारपुर स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह के सौजन्य से श्रीकृष्ण के प्रसाद के साथ छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कई श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद के रूप में कढ़ी चावल ग्रहण किया। जन्माष्टमी से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाला इस कार्यक्रम को भंडारे के साथ संपन्न हुआ। कामगारपुर निवासी प्रभात कुमार सिंह ने बताया इस गांव में वर्षो से यह परंपरा चली आ रही है। इसमें श्री कृष्ण की प्रतिमा बनाकर उन्हें पालने पर झुलाया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में काफी संख्या में लोग आते है। इस मौके पर भुनेश्वर प्रसाद सिंह, पप्पू सिंह, हीरा सिंह, केदार सिंह, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, रामराज मेहता, संजय सिंह, अजय सिंह, शत्रुधन सिंह, शैलेश सिंह, लोकेश सिंह समेत कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

डीलर ने किया साड़ी, धोती व लूंगी का वितरण

विश्रामपुर। गुरुवार को विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 16के जन वितरण प्रणाली के डीलर कुबेर राम ने सोना सोबरन योजना के तहत अपने 150लाभुको के बीच धोती,साड़ी व लूंगी का वितरण किया। डीलर कुबेर राम ने बताया कि हमारे पास कुल 354 लाभुक है जिनमे आज 150 लाभुको को धोती और साड़ी दिया गया। वहीं दो दिनों के अंदर सभी लाभुको के बीच अनिवार्य रूप से धोती,साड़ी और लूंगी का वितरण कर दिया जायेगा। मौके पर उपस्थित नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने कहा की सरकार की यह अति महत्वाकांक्षी योजना है। जिसने गरीबो की जरूरत को समझा और उसे धरातल पर लाने का काम किया है। वहीं निवर्तमान पार्षद पूनम देवी ने कहा की सोना सोबरन योजना गरीब लाभुको के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उक्त मौके पर समाजसेवी विजय कुमार रवि, दीपक कुमार, अरुण प्रजापति, चंदन कुमार सहित कई अन्य लाभुक मौजूद थे।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री ने एक यूनिट ब्लड प्रदान की

पाटन। प्रखंड के भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान का मोटरसाइकिल दुर्घटना में पैर फ्रैक्चर हो गया। उनका इलाज सदर हॉस्पिटल मेदनीनगर में चल रहा है। दुर्घटना का खबर सुनकर भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री पिंकी विश्वकर्मा ने उनसे मुलाकात की। शरीर की कमजोरी के करण निरंजन पासवान को एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। जो पिंकी विश्वकर्मा ने एक यूनिट ब्लड प्रदान की। इन्होने अपने कार्यकर्त्ता के प्रति साहस का परिचय देकर एक यूनिट ब्लड डोनेट कर बीजेपी कार्यकर्ता पर गौरवान्वित महसूस किया।

बिजली के करंट से युवक की मौत

हरिहरगंज। बिजली करंट लगने से 20 वर्षीय महफूज आलम नामक युवक की मौत हो गयी। मृतक नगर पंचायत क्षेत्र के सियारभुका गांव निवासी रुस्तम अंसारी का पुत्र है। वह मकान में टाइल्स मार्बल लगाने का कार्य करता था। घटना के वक्त भी वह मेन रोड स्थित कंचन कुमार के मकान में टाइल्स लगा रहा था। मृतक के साथ काम करने वाले उसी गांव के शाहबाज अंसारी ने बताया कि महफूज आलम रोशनी के लिए बल्ब लगा रहा था। इस दौरान उसे बिजली का करंट लगा और गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर परिजन व अन्य ग्रामीण सीएचसी पहुंचे। वहीं परिवार के लोगों का रो- रो कर बुरा हाल है।

दो ट्रक आमने-सामने टकराई चालक घायल

हरिहरगंज। थाना के समीप एनएच 98 पर गुरुवार को विपरीत दिशा से आ रही ट्रक व ट्रेलर आमने सामने टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक अरुण कुमार घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार अन्य अधिकारियों व पुलिस जवान के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही ट्रेलर में फंसे चालक को निकालकर तत्काल सीएचसी लाकर इलाज कराया।

भाकपा ने किरण देवी आत्महत्या की निंदा की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने पलामू जिला के रामगढ़ थाना अंतर्गत महिला किरण देवी के आत्महत्या की निंदा की है एवं इसे दुखद घटना बताया। और इस घटना के लिए उन्होंने रामगढ़ थाना प्रभारी को जिम्मेवार बताया। घटना के अनुसार यह विदित है कि रामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बाघी में मृतक महिला एवं उसके एक रिश्तेदार को ग्रामीणों ने बंधक बनाकर सरेआम पिटाई किया जिसके बाद उक्त महिला ने थाने में एफ आई आर भी दर्ज किया लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन ने कुछ नहीं किया।

दादी प्रकाशमणि की 15 वीं पुण्य स्मृति दिवस मनी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सद्भावना भवन में दादी प्रकाशमणि जी की 15 वीं पुण्य स्मृति दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नीलम ने कहा कि डॉ.दादी प्रकाशमणि ने सभी को धैर्य, आशा और उमंग का पाठ पढ़ाया।जिसके बल पर ही हम समाज को आध्यात्मिक नैतिक व मानवीय मूल्यों में बांध दिव्य बना सकते हैं। तभी हमारा भारत देश पुनः विश्व गुरु कहलाएगा।ब्रह्माकुमारी नम्रता ने कहा कि दादी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति व मूल्यों को 140 से भी अधिक देशों में फैला समूचे विश्व को अध्यात्म से प्रकाशित किया। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा की दादी प्रकाशमणि प्रकृति प्रेमी थी, मानव को जितना आध्यात्मिक मूल्यों से भरपूर करते थे। उतना ही प्रकृति को भी शुभ भावना, श्रेष्ठ भावना आदि प्रकृति को पावन बनाने का कार्य करते थे। बीके नीरज ने कहा कि दादी के बताए मार्ग पर चल अपने घर परिवार को सुख शांति आनंद से भरपूर अध्यात्म का मार्ग अपना बनाएं तभी हमारा समाज सुख शांति दिव्यता से भरपूर होगा। साथ साथ कुछ समय हम स्वचिंतन व परमात्म चिंतन के लिए अवश्य निकालें, जिससे हमारी कर्मेंद्रियां शांत शीतल होती जाएंगे और हम एक संयमित जीवन जीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन में आध्यात्मिक सामाजिक नैतिक मूल्यों को जीवन में धारण कर समाज को श्रेष्ठ बनाने का दृढ़ संकल्प लें यही उनके लिए सच्ची सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर बीके. नीरज, लल्लन, मुकेश, आनंद किशोर, राम नरेश यादव, शोभा, कृष्णा, मनोज भगत, रंधीर, कुसुम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना, चोरी गयी वाहन

पैशन प्रो मोटरसाईकिल (रंग-BHG)

गढ़वा थाना कांड सं0-258 / 22 दि0-24.03.2022 धारा-379 भा0द0वि0 में चोरी गयी पैशन प्रो मोटरसाईकिल (रंग-BHG) जिसका रजी0 नं0 JH14D-7944, इंजन नं0- HA10ETFHD82390 एवं चेचिस नं0-MBLHA10BJFHD88211 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0- 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 276404 Police(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

शुद्धि -पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0-निविदा सूचना संख्या- RWD/SD/LATEHAR/01/2022-23 जिसका PR No- 275500(Rural Development) 22-23(D) में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:-

(1) क्रमांक-1. में वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि-20.08.2022 था, का आंशिक संशोधन करते हुए उसका प्रकाशन की तिथि- 26.08.2022 को निर्धारित किया जाता है।

अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 276419 Rural Development(22-23)#D

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

बीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा

E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

आम सूचना

माह-अगस्त एवं सितम्बर-2022 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में "दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर" आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम विवरण तिथिवार :-

क्र. स.	प्रखण्ड	पंचायत	षिविर आयोजन की तिथि	शिविर स्थल का नाम	उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम
1	कुडू	कुडू	29.08.2022 एवं 30.08.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, कुडू	डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू, लोहरदगा 9934038731 / 9431361554
2		कोलसिमरी,	03.09.2022 एवं 05.09.2022	पंचायत भवन, कोलसिमरी	
3		जिंगी	07.09.2022 एवं 08.09.2022	पंचायत भवन, जिंगी	
4		जीमा	12.09.2022 एवं 13.09.2022	पंचायत भवन, जीमा	
5		लावागाई,	15.09.2022 एवं 16.09.2022	पंचायत भवन, लावागाई	
6		उडुमूडू	19.09.2022 एवं 20.09.2022	पंचायत भवन, उडुमूडू	
7		पण्डरा,	22.09.2022 एवं 23.09.2022	पंचायत भवन, पण्डरा,	
8		चन्दलासो	24.09.2022 एवं 25.09.2022	पंचायत भवन, चन्दलासो	
9		ककड़गढ़	27.09.2022 एवं 28.09.2022	पंचायत भवन, ककड़गढ़	
10		टाटी	29.09.2022 एवं 30.09.2022	पंचायत भवन, टाटी	
11	कुडू	सुन्दरू	29.08.2022 एवं 30.08.2022	पंचायत भवन, सुन्दरू	डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652
12		सलगी	01.09.2022 एवं 03.09.2022	पंचायत भवन, सलगी	
13		बड़की चोंपी	08.09.2022 एवं 09.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, चोंपी	
14		चीरी,	13.09.2022 एवं 14.09.2020	पंचायत भवन, चीरी	
15	लोहरदगा	निगनी	29.08.2022 एवं 30.08.2022	पंचायत भवन, निगनी	डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212
16		हिरही,	03.09.2022 एवं 05.09.2022	पंचायत भवन, हिरही	
17		तिगरा	07.09.2022 एवं 08.09.2022	पंचायत भवन, तिगरा	
18		जुरिया,	09.09.2022 एवं 10.09.2022	पंचायत भवन, जुरिया	
19		हेसल	13.09.2022 एवं 14.09.2022	पंचायत भवन, हेसल	
20		अरकोसा	15.09.2022 एवं 16.09.2022	पंचायत भवन, अरकोसा	
21		रामपुर,	19.09.2022 एवं 20.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, रामपुर	
22		बाघा,	21.09.2022 एवं 22.09.2022	पंचायत भवन, बाघा	
23		जोरी	23.09.2022 एवं 24.09.2022	पचायत भवन, जोरी	
24		भटखिजरी	29.09.2022 एवं 30.09.2022	पंचायत भवन, भटखिजरी	
25	लोहरदगा	मनहो,	29.08.2022 एवं 30.08.2022	पंचायत भवन, मनहो	डा0 वीरा संयुक्ता नैन्सी खलखो पशु शल्य चिकित्सक, लोहरदगा 8340468437 / 9430390984
26		हरमू,	09.09.2022 एवं 10.09.2022	पंचायत भवन, हरमू	
27	सेन्हा	सेन्हा	07.09.2022 एवं 08.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, सेन्हा	डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738
28		बदला,	09.09.2022 एवं 10.09.2022	पंचायत भवन, बदला	
29		चितरी डाडू,	12.09.2022 एवं 13.09.2022	पंचायत भवन, चितरी डाडू,	
30		उगरा	15.09.2022 एवं 16.09.2022	पंचायत भवन, उगरा	
31		अरू,	19.09.2022 एवं 20.09.2022	पंचायत भवन, अरू	
32		मुर्की तोरार	22.09.2022 एवं 23.09.2022	पंचायत भवन, मुर्की तोरार	
33		झालजमीरा,	27.09.2022 एवं 28.09.2022	पंचायत भवन, झालजमीरा	
34	सेन्हा	सेरेंगहातू तोरार	15.09.2022 एवं 16.09.2022	पंचायत भवन, सेरेंगहातू तोरार	डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652
35		भडगाँव	19.09.2022 एवं 20.09.2022	पंचायत भवन, भडगाँव	
36		बुटी	22.09.2022 एवं 23.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, कण्डरा	
37		अलौदी	27.09.2022 एवं 28.09.2022	पंचायत भवन, अलौदी	
38	भण्डरा	भौरो,	07.09.2022 एवं 08.09.2022	पंचायत भवन, भौरो	डा0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989
39		उदरंगी	09.09.2022 एवं 10.09.2022	पंचायत भवन, उदरंगी	
40		बड़गाँई	12.09.2022 एवं 13.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, चट्टी	
41		भीठा	15.09.2022 एवं 16.09.2022	पंचायत भवन, भीठा	
42		भण्डरा	19.09.2022 एवं 20.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, भण्डरा,	
43	भण्डरा	मरामानो	08.09.2022 एवं 09.09.2022	पंचायत भवन, मरामानो	डा0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460
44		अकासी	14.09.2022 एवं 15.09.2022	पंचायत भवन, अकासी	
45		जमगाई	19.09.2022 एवं 20.09.2022	पंचायत भवन, जमगाई	
46		गड़रप्पो	23.09.2022 एवं 24.09.2022	पंचायत भवन, गड़रप्पो	
47	किरको	परहेपाठ	29.08.2022 एवं 30.08.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, किरको	डा0 लक्ष्मण मुर्मू भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, किरको 8340515494 / 9835144669
48		बेटहट,	08.09.2022 एवं 09.09.2022	पंचायत भवन, बेटहट	
49		नारी नवाडीह	13.09.2022 एवं 14.09.2022	पंचायत भवन, नारी नवाडीह	
50		अरेया	15.09.2022 एवं 16.09.2022	पंचायत भवन, अरेया	
51		खरकी	20.09.2022 एवं 21.09.2022	पंचायत भवन, खरकी	
52	किस्को	पाखर	08.09.2022 एवं 09.09.2022	पंचायत भवन, पाखर	डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा 9430190718
53		देवदरीया	14.09.2022 एवं 15.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, खरचा	
54	किस्को	हिसरी	29.08.2022 एवं 30.08.2022	पंचायत भवन, हिसरी	डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205
55		बगड़ू	15.09.2022 एवं 16.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, पतरातू	
56	कैरो	नरौली,	29.08.2022 एवं 30.08.2022	पंचायत भवन, नरौली	डॉ0 अनिल कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो 8210921284
57		गुड़ी	01.09.2022 एवं 03.09.2022	पंचायत भवन, गुड़ी	
58		हनहट	08.09.2022 एवं 09.09.2022	पंचायत भवन, हनहट	
59		कैरो	12.09.2022 एवं 13.09.2022	प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, कैरो	
60		सढ़ावे	15.09.2022 एवं 16.09.2022	पंचायत भवन सढ़ावे	
61		गजनी	19.09.2022 एवं 20.09.2022	पंचायत भवन, गजनी	
62	पेशरार	रोरद	08.09.2022 एवं 09.09.2022	पंचायत भवन, रोरद	डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205
63		तुईमू	13.09.2022 एवं 14.09.2022	पंचायत भवन, तुईम	
64		हेसाग	20.09.2022 एवं 21.09.2022	पंचायत भवन, हेसाग	
65		पेशरार	22.09.2022 एवं 23.09.2022	पंचायत भवन, पेशरार	
66	पेशरार	सिरम	29.08.2022 एवं 30.08.2022	पंचायत भवन, सिरम	डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा 9430190718

PR 276387 Lohardaga(22-23)D

जिला पशुपालन पदाधिकारी लोहरदगा

डीसी ने लगाया जनता दरबार मिली सड़क की सौगात

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे गुरुवार को जिले के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र हुसैनाबाद के महुडंड पहुंचे। यहां उन्होंने महुडंड पंचायत सचिवालय के समीप जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं उन समस्याओं के निष्पादन हेतु बीडीओ-सीओ को निर्देशित किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और आम जनमानस के बीच की दूरी को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि सभी लक्षित समुदायों को उनके लिए चल रही योजनाओं का फायदा मिलना चाहिए एवं किसी भी स्तर पर संवाद हीनता नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनो महुडंड के ग्रामीण विभिन्न शिकायतों को लेकर मेरे पास जनता दरबार में आये थे और यहां आने हेतु अनुरोध किया था। जनता

दरबार में स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से महुडंड से काला पहाड़ होते हुए हुसैनाबाद प्रखंड तक के लिए सड़क की मांग की इसपर उपायुक्त ने लोगों को जानकारी देते हुए ऐलान किया कि इस सड़क के निर्माण हेतु सारी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है टेंडर की प्रक्रिया भी समाप्त हो चुकी है। ऐसे में आगामी 6 सितंबर को इस सड़क का शिलान्यास किया जायेगा। आज के जनता दरबार में महुडंड पंचायत अंतर्गत सभी गांव के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष सबसे अधिक नेटवर्क की समस्या रखी। लोगों ने बताया कि नेटवर्क नहीं रहने के कारण पूरे पंचायत में कम्युनिकेशन ठप है जिसके कारण जीवन व्यापम में विभिन्न तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ता है उन्होंने बताया कि गाँव के अधिकतर चापाकल व जलमिनार खराब पड़े हैं। इसके बाद लोगों ने बिजली,शिक्षा,राशन वितरण से संबंधित शिकायतों से उपायुक्त को अवगत कराया। जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने लोगों से कहा कि पुलिस आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि किसी आमजन को कोई भी विधि-व्यवस्था से संबंधित शिकायत है तो वह निर्भीक होकर स्थानीय ओपी में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जनता दरबार में आयी शिकायतों को लेकर उपायुक्त ने बीडीओ-सीओ को पेंशन,वन पट्टा,म्युटेशन व अन्य योजनाओं से महुडंड वासियों को लाभान्वित करने हेतु स्थानीय पंचायत भवन में विशेष शिविर लगाने का निर्देश दिया। मौके पर उपरोक्त के अलावा हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, योजना पदाधिकारी, एनआरईपी के अभियंता समेत अन्य उपस्थित रहे।

28 अगस्त को नाट्य, नृत्य व गायन का ऑडिशन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रावा रेनेसांस आर्टिस्ट एंड राइटर्स एसोसिएशन पलामू की ओर से 28 अगस्त को नृत्य, गायन, नाट्य, योग आधारित ऑडिसन स्थानीय रेड़मा चौक स्थित शिवम होटल में होगा। इस ऑडिसन में मुख्य अतिथि और निर्णायक की भूमिका में मृणाल पाठक रहेंगे। नृत्य कला में सामाजिक चेतना को जगाने और व्यक्ति को आध्यात्मिक आत्म-साक्षात्कार की ओर ले जाने की क्षमता होती है। हालाँकि, वर्तमान युग में कला व्याव। रेनेसां आर्टिस्ट्स एंड राइटर्स एसोसिएशन, (रावा) आनंदमार्ग का ही अंग है। इसकी स्थापना प्रभात रंजन सरकार द्वारा 1958 में की गई थी। ताकि कला को सामाजिक और आध्यात्मिक जागृति के लिए एक उपकरण के रूप में बहाल किया जा सके। उन्होंने एक नये कलात्मक कार्ड पुनर्जागरण की कल्पना की जहां कलाकार और लेखक एकजुट होंगे। वित और समाज को प्रगतिशील दिशा में वित

आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य कर रहा है। ऑडिसन के उपरांत चयनित प्रतिभागी को रांची फिर मुम्बई फिर आनंद नगर पश्चिम बंगाल में होने वाले प्रशिक्षण में भाग लेने का मौका मिलेगा। जिसमे महालक्ष्मी, नरहरि, पंडित शैलेन्द्र पाठक, राकेश बाबू, दीपक थोंबरे जैसे कलाकार से सीखने का मौका मिलेगा। आयोजक चंदन देव ने बताया कि ऐसे आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतिभा में निखार आए इसलिए किया गया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में मासूम आर्ट्स ग्रुप के सैकत चट्टोपाध्याय, सुर संग्राम कला केंद्र के राम और श्याम अहम भूमिका निभा रहे है।

कांग्रेस ने हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से 4 सितंबर को आयोजित होने वाले हल्ला बोल रैली की तैयारी को लेकर पलामू परिसदन भवन में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की बैठक में रणनीति बनाई गई। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने बैठक की अध्यक्षता किया सर्वप्रथम पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के सफलतापूर्ण एक साल पूरा होने पर केक काटकर सभी एक दूसरे को बधाई दिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक जन जागरण कार्यक्रम सम्पन हुआ। बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड एवं जिला से जाने वाले पदाधिकारियों की सूची 28 अगस्त तक प्रदेश कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश प्राप्त हुआ। मंहगाई के खिलाफ हल्ला बोल रैली का नेतृत्व राहुल गांधी करेंगे। हल्ला बोल रैली के माध्यम से असंवेदनशील मोदी सरकार को जोरदार संदेश दिया जाएगा। पलामू जिला से सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेतागण इस रैली में भाग लेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी समीम अहमद राईन इश्वरी सिंह उर्मिला देवी सतनारायण तिवारी भिखारी राम राजेन्द्र अग्रवाल घुरा तिवारी इकराम हुसैन माइकल सत्येंद्र सिंह अशोक पासवान सुरेश पाठक इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त किया

छठी जेपीएससी के 326 अभ्यर्थियों की नौकरी सुरक्षित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छठीं जेपीएसी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरूवार को फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के सिंगल बेंच और डबल बेंच के आदेश निरस्त कर दिया है। जिससे 326 अधिकारियों को राहत मिली है। जबकि नये मेरिट लिस्ट में आये 62 अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने जेपीएससी द्वारा की गई पहली रिकमंडेशन को सही करार दिया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने रिट कोर्ट में लिए गये। स्टैंड को भी सही करार दिया है। हाई कोर्ट में जेपीएससी के अधिवक्ता संजोय पिपरवाला ने पक्ष रखा था। इस फैसले से 62 अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है। गौरतलब है कि 28 जुलाई को सभी पक्षों की दलिलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस दौरान सभी पक्षों के वकीलों की बहस को कोर्ट ने सुना है। जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। बताते चले कि झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. रविरंजन और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की डबल बेंच ने एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखते हुए छठी जेपीएससी के रिजल्ट को खारिज कर दिया था। अदालत ने एलपीए 204 और 207 पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया था। कोर्ट ने 7 जून 2021 को छठी जेपीएससी की नई मेरिट लिस्ट जारी करने का फैसला दिया था। साथ ही आयोग को आठ सप्ताह में फ्रेश लिस्ट (रिजल्ट) जारी करने का निर्देश दिया था। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेपीएससी से पुनरीक्षित अनुशंसा मिलने पर चार सप्ताह के अंदर अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाये। कोर्ट ने इस मामले में जेपीएससी के अधिकारियों की जिम्मेवारी तय कर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया था। हाइकोर्ट के फैसले के विरोध में अनुशंसित अभ्यर्थी का मामला देश की सर्वोच्च अदालत के समक्ष पहुंचा। फैजान सरवर सहित कई अभ्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पक्ष को रखा।

14 अक्टूबर को होगा एनपीयू का दीक्षांत समारोह

जीएलए कॉलेज के परिसर में होगा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एनपीयू का दूसरा दीक्षांत समारोह 14 अक्तूबर को स्थानीय जीएलए कॉलेज के परिसर में आयोजित होगा। ये निर्णय एनपीयू के 74वीं सिंडिकेट के बैठक में लिया गया। स्थानीय जनता शिवरात्रि कॉलेज में कुलपति प्रो. डॉ रामलखन सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में फाइनेंस कमेटी ने दीक्षांत समारोह के लिए अनुमानित खर्च 69 लाख रुपए की स्वीकृति भी दी गई है। इस बैठक में 160 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल देने पर भी सहमति बनी। प्रभारी परीक्षा नियंत्रक को वेतन के अलावे अगल से प्रतिमाह पांच हजार और एक हजार रुपए मोबाइल रिचार्ज के लिए देने पर भी सहमति बनी। परीक्षा विभाग के अनुबंध और दैनिक वेतन भोगी कर्मी को अवकाश के दिनों में परीक्षा संबंधित कार्य करने पर प्रति अवकाश कार्यदिवस का पांच सौ रुपए देने का निर्णय लिया गया। एमबीबीएस के प्रति छात्र, पांच हजार रुपए शुल्क बढ़ोतरी करने की संपुष्टि प्रदान की गई। इसमे 40 प्रतिशत राशि एनपीयू रखेगी और 60 प्रतिशत राशि कॉलेज रखेगा। बैठक में 29 जुलाई को हुई क्रय विक्रय समिति की बैठक पांच अगस्त को हुई संबंद्धता एवं पाठ्यक्रम समिति की बैठक और पांच अगस्त को हुई वेतन निर्धारण समिति की बैठक में लिए गये। निर्णय को भी संपुष्ट किया गया। इस बैठक में एनपीयू के प्रति कुलपति डॉ दीप नारायण यादव, अभिषद सदस्य चंद्रशेखर दुबे, रजिस्ट्रार डॉ राकेश कुमार, डीएसडबल्यू डा अंबालिका प्रसाद, कुलानुशासक डॉ केसी झा, गणेश लाल अग्रवाल कालेज के कालेज के प्राचार्य डा आरपी सिंह, डा प्राचार्य डॉ आईजे खलखो, जेएस विनोद कुमार पाठक व डा गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

किसानों की समर्पित योजनाओं को लेकर चार दिवसीय कैम्प शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा प्रखण्ड के सभी पंचायतों में बुधवार को छेछौरी, मझिगांव, पतरा, मुरमा, लोहड़ा, पंडवा, गाड़ी व कजरी में 24 अगस्त से 27 अगस्त तक पीएम किसान के पंजीकृत किसानों के लंबित भुगतान को ले ईकेवाईसी व किसानों के भूमि विवरणी संकलन तथा झारखंड राज्य फसल राहत योजना को ले पंचायतों में चार दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने कैंप का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित पंचायत के मुखिया,पंचायत सचिव , कृषक मित्रों व प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देश दिया कि अगले चार दिनों तक पंचायत में प्रज्ञा केंद्र संचालक पीएम किसान के लाभुकों का ईकेवाईसी करना सुनिश्चित करें। कहा कि कृषक मित्र अगले चार दिनों में पंचायत में आने वाले लाभुकों से भूमि विवरणी प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना के अंतर्गत आवेदन देने वाले किसानों के आवेदन व वंशावली का वार्ड सदस्य व मुखिया सत्यापन करेंगे। इस मौके पर मुरमा पंचायत की मुखिया कमला देवी पंचायत सचिव उपेंद्र कुमार, उप मुखिया गयात्री देवी, विनोद विश्वकर्मा, सहित दर्जनों उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

प्लस टू नियुक्ति में आवेदन की तिथि में बदलाव

मेदिनीनगर। जेएसएससी के द्वारा प्लस टू में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के लिये आवेदन की तिथि में बदलाव किया है। विज्ञापन संख्या - 14 / 2022 एवं 15 / 2022 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 (नियमित एवं बैकलॉग भर्ती) में 25 अगस्त से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होनी थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से ऑनलाईन आवेदन की तिथि में आयोग ने बदलाव किया है। अब नई तिथि के अनुसार 8 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आवेदन जमा किया जायेगा। परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु अंतिम तिथि 9 सितंबर होगा। वही फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 11 सितंबर की मध्य रात्रि तक होगा। समर्पित ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन की तिथि 13 से 15 सितंबर तक किया जायेगा। गौरतलब है कि आयोग द्वारा प्लस टू स्कूलों में 3120 स्नातकोत्तर शिक्षकों की नियुक्ति होना है। आयोग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार नियमित 2855 पदों और बैकलॉग के 265 पदों पर नियुक्ति होगी। इसमें 2341 पदों पर सीधी भर्ती होगी। जबकि 779 पद हाई स्कूलों के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों से भरे जायेंगे। करीब 25 फीसदी पद हाईस्कूल के शिक्षकों के लिए होंगे। अगर इसमें योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलेंगे तो सीधी भर्ती वाले अभ्यर्थियों से पद भरे जायेंगे। अभ्यर्थियों के झारखंड से मैट्रिक और इंटरमीडिएट होना अनिवार्य किया गया है।

नई संस्कृति सोसाइटी ने मनाई 7वीं वर्षगांठ

मेदिनीनगर। पलामू जिला के मुख्यालय डाल्टेनगंज से कार्यालय में नई संस्कृति सोसायटी ने गुरुवार को सातवी वर्षगांठ मनाई उक्त अवसर पर संस्था के सचिव अजीत कुमार पाठक ने बताया कि नई संस्कृति सोसायटी वर्ष 2015 में आज के दिन ही पंजीकृत होकर हम सभी लोगों के बीच आई थी। उसके पूर्व अभी नई संस्कृति सोसायटी के तत्वावधान में बहुत सारे सामाजिक कार्य होते रहे हैं लेकिन जब से संस्था पंजीकृत होकर आई है नित नई ऊंचाइयों को छूने का कार्य कर रही है नई संस्कृति सोसायटी एक संस्था नहीं बल्कि विचारधारा है और लोगों की चेतना और लोगों के अच्छे समाज के प्रति जागरूक करने की परिकल्पना की सोच है नई संस्कृति सोसायटी। वर्षगांठ कार्यक्रम में संस्था की एडमिन चंदा झा एचआर हिमांशु त्रिवेदी वरीय सदस्य अशोक कुमार पांडे उदय कुमार झा अजय चौधरी सुनील कुमार राजू कुमार रिया आनंद संगीता कुमारी सिमरन कुमारी कामिनी कुमारी के साथ ही साथ वरीय संवाददाता मोरध्वज पांडे एवं कौशल किशोर पांडे उपस्थित थे।

समाजसेवी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। विभिन्न बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए समाजसेवी राकेश पासवान ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि राज्य का गठन हुए 22 वर्ष होने को है। इतने समय के बाद भी इस राज्य का अपेक्षित विकास संभव नहीं हो पाया है। राज्य में शिक्षा रोजगार सहित मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। वही पलामूके मानसून समाप्त हो जाने के बाद भी पर्याप्त वर्षा नहीं हो सकी है अतः पलामू प्रमंडल को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाए। राज्य में शिक्षा की स्थिति बेपटरी हो चुकी है। राज्य में रोजगार की स्थिति को मध्य नजर रखते हुए विभिन्न विभागों में बड़ी रिक्तियों को यथाशीघ्र भरने का कार्य करें। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पूर्ति योजना जल्दी ही सुनिश्चित किया जाय। सभी सरकारी कार्यालयों में जनता को बहुत अधिक परेशान किया जाता है। अतः सभी अफसरों को अविलंब निर्देशित किया जाय। युवाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा में जोड़ा जाए।

एनएसयूआई ने जेएस कॉलेज में चलाया छात्र जोड़ो अभियान

मेदिनीनगर। एनएसयूआई ने सभी शिक्षा संस्थान में घूम-घूम कर छात्रों को जागरूक करने और संगठन से जोड़ने का काम करेगा। उक्त बाते संगठन के जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने बताया। उन्होंने कहा की नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय में सदस्यता अभियान शुरू है। इसमें पलामू इकाई का यह प्रयास भी रहेगा की पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा छात्रों को जोड़ने में पलामू की बड़ी भूमिका आए। इसी कड़ी में गुरुवार को स्थानीय जेएस कॉलेज में भी सैकड़ो छात्रों ने सदस्यता ग्रहण किया और उनकी समस्याओं से भी अवगत कराया। आने वाले समय मे सभी महाविद्यालय और कोचिंग क्लास में जाकर छात्रों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

चार दिन से लापता है अंकित, परिजन परेशान

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज पत्थर मिल निवाशी प्रदीप राम का पुत्र अंकित कुमार 21अगस्त दिन रविवार की सुबह से अपने घर से गुम है। उसके गुम हो जाने के बाद पिता प्रदीप राम ने अपने पुत्र की गुमसुदगी का मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है। वही गुमसुदगी का मामला शहर थाना में दर्ज होते ही। थाना के एएसआइ नवी अंशारी गुमसुदा बच्चे की तलाश में जुट गये है। नवी अंशारी ने बताया कि बच्चे की खोज बिन की जा रही है। पुलिस जल्द ही बच्चे को खोज निकालेगी। यदि किसी व्यक्ति को यह बच्चा दिखे तो मोबाइल नंबर 94 31705 849 शहर थाना को सूचित करें। बच्चे के पिता का मोबाइल नंबर 7070360502 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

पर्यावरणविद ने विश्वविद्यालय परिसर में लगाया कई दुर्लभ प्रजाति के पौधे

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर अनुमंडल के चिरू पंचायत कार्यालय एवं पटखाही देवी मंदिर परिसर के अलावे मेदिनीनगर के बैरिया प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने दुर्लभ प्रजाति के कईं पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों के साथ उक्त परिसर में दुर्लभ प्रजाति के सिंदूर, रुद्राक्ष, कपूर, चंदन, के पौधा पर्यावरण प्रार्थना के साथ लगाकर दादी प्रकाशमणि जी के पुण्यतिथि पर याद किया। वहीं उन्होंने ग्रामीणों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाते हुए उनके बीच निशुल्क पौधा वितरित

किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे भगवान शिव के समान होते हैं । क्योंकि वृक्ष दूसरों के उपकार के लिए ही होते हैं। समाज में यह मान्यता रही है कि जो देता है वह पूजनीय होता है उसे देवता का स्वरूप माना जाता है। इसीलिए तो भारतीय संस्कृति में वृक्षों की पूजा होती आ रही है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भगवान बुध का ज्ञान पीपल के वृक्ष के नीचे मिला था । जबकि आँवला को भी महिलाएं देव तुल्य मानकर पूजा करती हैं। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने ग्रामीणों से वृक्ष की खेती करने की अपील की। वृक्ष की खेती से सुखाड़ का भय नहीं होता है। पौधे ग्रामीणों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट के समान होते हैं। आज वृक्ष की खेती होती तो लोगों को सुखाड़ की सामना नहीं करना पड़ता।कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद यादव, एवं संचालन सचिन कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिरू मुखिया सोना मती देवी, डॉ बैजनाथ साव डाली उप मुखिया अफजाल अंसारी ,नवीन पासवान, बसंत विश्वकर्मा, मुरली प्रसाद गुप्ता, डॉ आया राम, कर्मा के सुभाष गुप्ता व सरजू विश्वकर्मा ,चिरु के विष्णु यादव, पंकज कुमार, असंत पासवान, सहदेव यादव लखराज साव बबलू चंद्रवंशी अनिल रजक, महेंद्र रजक समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड सरकार

राशनकार्ड धारकों के सशक्तिकरण संबंधित सेवाएं

- नाम में Spelling Mistake का सुधार
- Gender में सुधार
- माता पिता के नाम में Spelling Mistake का सुधार
- संबंध (Relation) में सुधार
- जन्म तिथि में सुधार
- जन वितरण प्रणाली विक्रेता में बदलाव
- राशन कार्ड में अंकित मोबाइल नम्बर में बदलाव
- राशन कार्ड में पता बदलवाना
- आधार सीडिंग
- एक राशनकार्ड से दूसरे राशनकार्ड में नाम जोड़ना
- राशन कार्ड को सरेण्डर करना
- अन्तोदय परिवार से पूर्वविक्ता परिवार में स्थिति परिवर्तन होने पर राशन कार्ड का परिवर्तन

राशनकार्ड धारकों/नागरिकों के सशक्तिकरण तथा संबंधित सेवाओं के सुगम, सरल एवं त्वरित उपलब्धता हेतु आधार आधारित OTP सत्यापन के द्वारा अनेको सुविधाएं उपलब्ध है

www.jsfss.jharkhand.gov.in पर जाएं एवं Ration card holder log in में जाकर इस सुविधा का लाभ उठायें। आपको आधार के साथ seeded मोबाइल सं० पर OTP जायेगा।
प्रत्येक वर्ष माह जुलाई से सितम्बर तथा माह अक्टूबर से दिसम्बर के मध्य वर्ष में एक बार जन वितरण प्रणाली दुकान में जाकर प्रत्येक लाभुक का बायोमेट्रिक सत्यापन कराना आवश्यक होगा।

PR No. 276434 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 2022-23

किसी भी समस्या के लिए संपर्क करें। 1967
अधिक जानकारी के लिए जिला/प्रखंड आपूर्ति कार्यालय से संपर्क करें।

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग
झारखण्ड सरकार
www.aahar.jharkhand.gov.in

न्यूज गैलरी

अंचलकर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर आंदोलन का किया समर्थन

भवनाथपुर। झारखंड राज्य राजस्व उप-निरीक्षक संघ के 11 सूत्री मांगों को के समर्थन में भवनाथपुर अंचल के कर्मी ने काला बिला लगा कर काम करते हुए आंदोलन का समर्थन किया। भवनाथपुर अंचल निरीक्षक इंतिखाब आलम ने बताया कि हम लोग की मांग 10 अक्टूबर 2019 को झारखंड सरकार के साथ हुए समझौते के अनुसार राजस्व उप निरीक्षकों का ग्रेड पे रु 2400 दिया जाए। तीन वर्ष उपरांत ग्रेड पे 2800 किया जाए, अंचल निरीक्षको की सीधी बहाली पर रोक लगाते हुए 50 प्रतिशत पदों पर वरीयता एवं 50 प्रतिशत पदों पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर प्रोन्नति दी जाए।, प्रोन्नति हेतु राजस्व उपनिरीक्षकों का कार्यावधि पांच वर्ष रखा जाए, राजस्व प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। सभी राजस्व उपनिरीक्षकों को लैप-टॉप व नेट खर्च दिया जाए। हल्का इकाई का पुर्नगठन किया जाए। सहित अन्य मांग शामिल है आंदोलन में बंशी पाठक, सुमित देव, मानस कुमार, गौरव कुमार, जनार्धन महतो सामिल थे।

राधे-कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का मना छठी महोत्सव

भवनाथपुर। दुर्गा मंदिर परिसर स्थित राधे कृष्ण मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन गुरुवार को विधिवत महिला भक्तों के साथ पंडित लवजी पांडे व सतेंद्र वेद के द्वारा छठी महोत्सव मनाया गया पूजा के पश्चात भक्तों के बीच हलुवा हल्दी प्रसाद बितरण के साथ साथ पूजा महोत्सव के जजमान बुचुन सिंह अपने पत्नी के साथ लोंगो को पूड़ी बुनिया सब्जी का भोज लोंगो को कराया गया। इस अवसर पर महिला मंडली के पूनम देवी पूजा सिंह, फूलमती देवी ,बेबी देवी शकुंतला देवी,प्रभावती देवी मिनी निर्मल देवी, सोनी देवी सहित लोंगो ने विगत छह दिनों तक मंदिर में छठी पूजन में भजन कृतन सोहर में भाग लेकर सफल बनाया।

बैठक नहीं करने पर मांगा स्पष्टीकरण

भवनाथपुर। बीडीओ जयपाल महतो के द्वारा प्रधानमंत्री आवास में कोताही बरतने एवं 24 अगस्त को बैठक में नहीं शामिल होने के कारण स्पष्टीकरण मांगा है। जिन स्वयंसेवकों से स्पष्टीकरण मांगा गया रीना देवी आवास सखी अरसली दक्षिणी, अरूण कुमार पाठक पंचायत स्वयंसेवक बनसानी , नितेश राम पंचायत स्वयंसेवक बनसानी , विवेक कुमार पंचायत स्वयं सेवक सिंदुरिया, सुशीला देवी आवास सखी सिन्दुरीया, दीपक कुमार पंचायत स्वयंसेवक पंडरिया का नाम शामिल है।

करंट की चपेट में आने से दुधारू मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय स्थित चिनिया के टोला चिखुरा पत्थर में गुरुवार की सुबह विद्युत प्रवाहित करंट की चपेट में आने से एक दुधारू पशु की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । जिस पर पशुपालक ने बिजली विभाग से उसके नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। प्राप्त खबरों के अनुसार चिखुरा पथर टोला निवासी गणेश यादव के पुत्र दशरथ यादव का दुधारू पशु जिसकी कीमत 50000 बताई जा रही है। वह अपने अन्य पशुओं को लेकर चराने के लिए पास के ही धान की क्यारियों में गया हुआ था जहां उक्त स्थल पर पहले से ही बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है । वही बीती रात ऐले अर्थ सौट करने करने की वजह से ग्यारह हजार विद्युत प्रवाहित तार नीचे गिरा हुआ था जिसके संपर्क में आने से ?50000 की दुधारू मवेशी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई गलीमत यह रही कि पशुपालक दशरथ यादव भी पास में ही खड़ा था लेकिन वह बाल-बाल बच गया। उन्होंने कहा है कि उनके नुकसान का आकलन किया जाए और उन्हें सहायता राशि प्रदान की जाए । इसी बाबत बिजली विभाग के एसडीओ कामेश्वर ठाकुर से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पशुपालक अपने मृत पशु का पोस्टमार्टम कराकर इसकी रिपोर्ट आवेदन के साथ बिजली ऑफिस में जमि करें । उन्हें उचित मुआवजा दिलवाने की पूरी कोशिश की जाएगी। मौके पर पंचायत का मुखिया पति अयूब मंसूरी, राम सागर यादव, जगतपाल साह, विद्युत कर्मी तम्जिद मंसूरी, रघुनंदन सिंह, सीमन्त चंद्रवंशी, भरदुल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

परती गांव के पीडीएस डीलर पर बीडीओ ने दर्ज करायी प्राथमिकी

केतार। थाना क्षेत्र के ग्राम परती के पीडीएस डीलर लालमुनि चेरो पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी सह आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ द्वारा केतार थाना प्रभारी को दिया गया है। उल्लेखनीय है की उक्त डीलर पर ग्रामीणों के द्वारा एक सप्ताह पुर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर जुलाई एवं अगस्त माह का पर्ची निकलने के वावजूद राशन नहीं देने का आरोप लगाया गया था। दो अगस्त राशन कार्ड धारियों के द्वारा उपायुक्त गढ़वा को डीलर के विरूद्ध राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत की गई थी। इसके आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा लालमुनि चेरो के जनवितरण प्रणाली की दुकान की जांच की गई थी। जिसमें स्टांक पंजी एवं वितरण पंजी संधारित नहीं पाया गया।साथ ही जुन माह में राशन वितरण में अनियमितता पाई गई । जबकि अगस्त माह का आवंटन प्राप्त नहीं होने के कारण राशन वितरण नहीं किया गया था। परंतु बीना राशन वितरण के ही ई पॉस मशीन से राशन कार्ड धारियों से पर्ची निकाल लिया गया था।साथ ही डीलर द्वारा राशन कार्ड धारियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने से ग्रामीण में आक्रोश था। उक्त मामले को लेकर डीलर के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

एसपीडी कॉलेज में ई-कॉमर्स पर सेमिनार आयोजित

वैश्वीकरण युग में ई-कॉमर्स से व्यवसाय के क्षेत्र में क्रांति आयी है: आरके द्विवेदी

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में एसएन सिन्हा इंस्टीच्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, रांची के द्वारा ई0 कॉमर्स के लाभ एवं हानि विषय पर एक दिवसीए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य आरके द्विवेदी ने कहा कि वैश्वीकरण के इस युग में ई0 कामर्स ने व्यवसाय के क्षेत्र में एक क्रान्ति ला दी है। सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी सियाजानकी सिंह, एसएन सिन्हा इंस्टीच्यूट के डा. बीके सिंह आदि उपस्थित थे।

मौके पर प्राचार्य ने कहा कि ई0 कॉमर्स से सम्पूर्ण विश्व एक छोटी मण्डी में बदल गया है। विश्व के किसी भी भाग

में बैठा व्यक्ति अपनी मनपसंद वस्तुओं को क्रय कर सकता है। इससे समाज को रोजगार का अवसर मिलता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डीआरडीए पदाधिकारी सियाजानकी सिंह ने कहा कि ई0 कॉमर्स व्यापार को सरल और आधुनिक रुप प्रदान किया है। आज के व्यस्तम जीवन में किसी के पास इतना वक्त नही होता कि वह प्रत्यक्ष रुप से खरीददारी कर सके। वह अपने घर बैठे अपनी आवश्यकता की चीजें ऑनलाईन माध्यम से मंगवा लेता है। ई0 कॉमर्स से केवल कम्पनियां, विक्रेता या व्यापारी ही लाभान्वित नही हो रहे हैं बल्कि उपभोक्ताओं को भी अनेक लाभ मिल रहे हैं। सेमिनार को संबोधित करते हुए डा. बीके सिंह ने कहा कि छात्र स्नातक के बाद प्रबंध क्षेत्र में पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं। इससे उन्हे रोजगार का अवसर मिलेगा। साथ ही समाज को नई दिशा मिलेगी तथा देश को उन्नति का मार्ग मिलेगा। मौके पर कैरियर एंड काउंसेलिंग सेल के समन्वयक प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी ने कहा कि ई0 कॉमर्स में सभी वाणिज्यिक क्रियाओं को इन्टरनेट के माध्यम से पुरा किया जाता है। वहीं डा. अरुण कुमार तिवारी ने ई-कॉमर्स के नुकसान के बिन्दु पर चर्चा किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. बिनोद द्विवेदी ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को इंस्टीच्यूट की ओर से प्रमाण पत्र वितरीत किया गया।

जन्माष्टमी महोत्सव के कार्यकर्ता को उपद्रवियों ने पीटकर किया घायल

नवी मेल संवाददाता

गढ़वा। जिले के मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत। जहां व्यवसायिक संगठन द्वारा गुरुवार की सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल घोषित कर दिया गया है। मझिआंव की लगभग सारी दुकानें बंद हैं। साथ ही लगभग 500 की संख्या में व्यवसाय समाज के लोग सुबह 10 बजे थाना पहुंचे। थाना पहुंचे लोगों के द्वारा प्रशासन से उपद्रिवी तत्वों की अविलंब गिरफ़्तारी की मांग की जा रही है।

क्या है मामला: बीते बुधवार को नगर पंचायत स्थित राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में जन्माष्टमी महोत्सव के तहत श्री कृष्ण भगवान की छठी एवं भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे के बाद रात को दुगोला कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। भंडारे के दौरान दुगोला कार्यक्रम की एक टीम के सदस्य सुदेश्वर शर्मा टेंपू से सामग्री लेकर मंदिर परिसर की ओर जा रहे थे।

इसी बीच नशे से भरपूर एक युवक जिसका नाम बद्री सिंह पिता विजय सिंह बताया जा रहा है। उसके द्वारा उन्हें अंदर जाने से रोका गया। उन्होंने बताया कि वो मंदिर के कार्यक्रम के लिए समान के कर जा रहे हैं। उन्हे जाने दिया जाए। इतनी सी बात पर बद्री सिंह के द्वारा उन्हें गाली गलौज किया गया एवम मार पीट की धमकी भी दी गई। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ लग गई। चुकी प्रशासन कार्यक्रम में पहले से मुस्तैद थी तो मामले को शांत करा दिया गया।

कुछ देर बाद सुदेश्वर शर्मा पास के एक दुकान में बैठे थे। इसी बीच बद्री सिंह 10 15 लड़को के साथ उस दुकान में घुस गया। दुकान का सटर अंदर से बंद कर के सभी युवकों के द्वारा सुदेश्वर शर्मा को मार कर लहू लुहान कर दिया गया। बाद में स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद गढ़वा भेज दिया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जाया गया है।

प्रशासनिक आश्वासन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से अनशन पर बैठी महिला

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। गलत दस्तावेज तैयार कर पीएम आवास की स्वीकृति दिए जाने को लेकर प्रशासन द्वारा दिये गए अश्वासन पर कारवाई नहीं किये जाने खिलाफ गुरुवार को दुबारा पुनर्वास टोला की महिला अधीनता देवी अपने पूरे परिवार के साथ प्रखंड कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठी गई।

महिला अधीनता देवी ने बताया कि मैं वर्तमान में वनसानी के ललकीदामर में रहती हूं। बोकारो स्टील प्लांट का स्थापना काल में ही खदान खोलने के लिए घाघरा में संपूर्ण भूमि तथा मकान अधिग्रहण कर ली गई,इसके बाद सेल द्वारा विस्थापितों को पुनर्वास टोला में पुनर्वासित करने का काम किया गया,जहां पर मेरे पूर्वज स्व दुखी भुईंया के नाम से 10 डिसमिल जमीन आवंटित किया गया। जिसपर मेरा कच्चा का खपरैल मकान भी अवस्थित है।परंतु मेरे पूर्वज के नाम आवंटित जमीन पर ब्लॉक और अंचल

अधिकारियों और कर्मियों की मिलीभगत से दिनेश भुईंया की पत्नी रानी देवी के नाम से फर्जी दस्तावेज बनाकर पीएमआवास आवंटित कर दिया गया। जिसका पता चलने पर हम बीडीओ तथा सीओ को आवेदन दिए। जिसपर आवास निर्माण पर तो रोक लगा दी गई। साथ ही बीते 8 अगस्त को अनशन पर बैठे,लेकिन सीओ रामशंकर श्रीवास्तव तथा पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक द्वारा एक सप्ताह के भीतर कारवाई करने का अश्वासन दिया था,लेकिन कोई कारवाई नहीं किया गया,जिसकारण से पीएम आवास निर्माण का अनवरत सिलसिला जारी है।

बिलैतीखैर पंचायत में रोजगार दिवस का आयोजन, मजदूरों ने रोजगार की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत बिलैती खैर पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव की अध्यक्षता में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें मौके पर पहुंचे पंचायत के सैकड़ों मजदूरों के द्वारा मुखिया गोपाल कुमार यादव एवं पंचायत के रोजगार सेवक कृष्ण कुमार शर्मा के द्वारा रोजगार की मांग की गई । बताते चलें कि अति सुदूरवर्ती इलाके होने के कारण यहा के ग्रामीण जीवन उपार्जन के लिए मनरेगा अधिनियम को एक मुख्य साधन समझते हैं । लेकिन गांव में बीते कई महीनों से मनरेगा अंतर्गत कोई भी कार्य संचालित नहीं हो रही

है जिससे लोगों के पास रोजगार का कोई भी साधन नहीं है । जबकि झारखंड सरकार के द्वारा झारखंड को सूखा क्षेत्र घोषित भी कर दिया गया है । फिर भी इस गांव में मनरेगा अंतर्गत योजनाएं संचालित नहीं हो रही है वहीं मजदूरों ने मुखिया गोपाल कुमार यादव एवं रोजगार सेवक कृष्ण शर्मा को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 1 सप्ताह के अंदर हम लोगों को रोजगार मुहैया नहीं होती है तो हम लोग पलायन करने को विवश होंगे एवं बाध्य होकर अनशन पर भी बैठेंगे। मौके पर मुखिया गोपाल यादव ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोगों को बहुत जल्द मनरेगा अंतर्गत कार्य से रोजगार मुहैया होगी इसके लिए निश्चिंत रहें । मौके पर देवदत्त कुमार यादव, सरवन पाल,लाल मुन्नी सिंह,दुर्गेश यादव, राजेश यादव, विनोद यादव, प्रमोद यादव, विजय यादव,सुरेंद्र चौधरी, कामेश्वर यादव,बाल्कन कोरवू सोहर सिंह, प्रेम कुमार, निर्मला देवी, पिंकू देवी ,राजेश सिंह, धनू सिंह, चिंता देवी,सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे ।

एग्री क्लिनिक सेंटर में किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

श्री बंशीधर नगर। प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित एग्री क्लिनिक सेंटर में भारतीय लोक कल्याण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रखण्ड समन्वयक सरोज सोनकर ने किसानों को झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना की जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने किसानों को मिट्टी जांच कराने तथा उससे होने वाले लाभ, बीज उपचार,उर्वरक की शुद्धता जांच व टपक सिंचाई योजना की जानकारी भी दियाद्ध प्रखण्ड समन्वयक ने किसानों को पौधारोपण के लिये जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पौधा लगाने तथा बचाने की जरूरत है .इससे वातावरण शुद्ध रहता है तथा शुद्ध हवा मिलती है। उन्होंने किसानों को जैविक खेती व आधुनिक तरीके से खेती करने की जानकारी देते हुये उन्हें जागरूक किया। उन्होंने किसानों को काला धान की खेती करने की जानकारी दिया। गोष्ठी में प्रखण्ड समन्वयक सरोज सोनकर, किसान मित्र संजय प्रजापति, बीडीसी रविन्द्र राम,सुरेश भंडारी, जल सहिया उषा देवी, नरेश भुइयां सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। गोष्ठी की अध्यक्षता मुखिया अजय प्रसाद ने किया।

कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा। कांडी थाना क्षेत्र के रामबांध गांव निवासी अश्वनी दुबे कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि किस कारण किटना शक पदार्थ खाया किसी को जानकारी नहीं है। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो घर वालों ने उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए रांची रेफर किया है।

स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को नहीं आने दी जायेगी कोई समस्या : धर्मराज पासवान

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। देश की स्वतंत्रता के लिए कुर्बानियां देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को जिला प्रशासन द्वारा अपेक्षित सहयोग नही मिल पा रहा है। स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों से तीन हजार लेने के वावजूद अभी तक पेंशन स्वीकृत नही हुआ।जब स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के साथ ऐसा हो सकता है तो आमजनों के साथ क्या हो रहा होगा। इसकी भनक जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान को मिली। जिपस धर्मराज पासवान ने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो से मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जिपस को आश्वस्त कराया की

स्वन्त्रता सेनानियों के परिजनों को प्रखंड प्रशासन की ओर से पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा व किसी भी पारिवारिक सदस्य को मुश्किल का सामना नहीं करने दिया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा।जिपस धर्मराज पासवान ने कहा कि देश के अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के पारिवारिक सदस्यों को सरकार से हर संभव सहायता प्रदान कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के चलते ही आज हम स्वतंत्र फिजा में सांस ले रहे हैं व इनकी ओर से दी गई कुर्बानियों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई मुश्किल सामने आती है तो तुरंत मुझे सूचित किया जाय मेरे द्वारा हरसंभव मदद करने का प्रयासः किया जाएगा।मौके पर झामुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य हिफाजत अंसारी,विनोद यादव,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य सहित स्वन्त्रता सेनानियों के परिजन उपस्थित थे।

रमना में एसबीआई ने वित्तीय साक्षरता शिविर का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रमना। प्रखंड अंतर्गत कर्णपुरा पंचायत सचिवालय में भारतीय स्टेट बैंक रमना शाखा द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का मुख्य उदेश्य ग्रामीण किसान मजदूर को ऑनलाइन ठगी से कैसे बचे और इस सुखाड़ की विकट स्थित में बैंक द्वारा वित्तीय लोन कैसे प्राप्त करे? उक्त विषयों पर रमना भारतीय स्टेट बैंकशाखा के नव पदस्थापित शाखा प्रबंधक संजय कुमार वर्मा ने विस्तार से जानकारी दिया। शाखा प्रबंधक द्वारा वित्तीय सहायता के बारे में केसीसी और सीसी के बारे में विस्तार से लोगो को बताया गया और इन वित्तीय सहायता लोन के लिए आवश्यक दस्तावेज पैनकार्ड, आधार कार्ड, तत्कालीन रसीद, और जीएसटी नंबर होना चाहिए।

केसीसी के लिए रसीद और आधार कार्ड जरुरी हैं इसमें किसान /पटादार /जमींदार को प्रति एकड़ 30हजार रुपए दिये जायेंगे और अधिकतम 3लाख रुपए बैंक द्वारा दिया जा सकता हैं। एक राशन कार्ड धारी के सदस्यों में से किसी एक को ही लोन दिया जायेगा।ग्रामीणों ने लोन सम्बंधित समस्या को रखा जिसे शाखा प्रबंधक द्वारा दूर किया गया। मौके पर मुखिया अजित कुमार पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में घोर अनियमितता

फर्जी तरीके से सामानों की खरीदारी का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

बिशुनपुरा/गढ़वा। पिपरी कला निरजलवा बियार टोला के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में घोर अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यपक दिनेश पाण्डेय द्वारा फर्जी तरीके से सामानों की खरीदारी में घोर अनियमितता बरती गयी है। विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधानाध्यपक दिनेश पाण्डेय और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नंदलाल बियार पर आरोप लगाया है कि इन दोनों की मिलीभगत से फजीर्वाड़ा कर बिकास फंड का लगभग एक लाख रुपए बंदरबाट कर लिया गया। बीईओ द्वारा मिली सूचना पर मामले की जानकारी लेने पहुचें सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता को विद्यालय पहुचते ही अभिभावकों ने विद्यालय की ब्यवस्था पर नाराजगी जताई। उपस्थित अभिभावक सामा

देवी, रुदनी देवी, बरती देवी, शोभा देवी, निर्मला कुंवर, उषा देवी, पूनम देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, बीरबल प्रजापति, राजेश बियार, उमेश बीयर, एसकुमार, अनिल चन्द्रवंशी, अशोक चन्द्रवंशी, मिथलेश प्रजापति सहित दर्जनों लोगो ने कहा कि विद्यालय का गैस चूल्हा प्रधानाध्यपक दिनेश पाण्डेय अपने घर ले जाकर उपयोग करते हैं वहीं विद्यालय का पंखा अध्यक्ष नंदलाल बियार उपयोग कर रहें हैं। वहीं बच्चों के बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर एक सौ से तीन सौ रुपए लगभग पैतीस बच्चों का पैसा प्रधानाध्यपक द्वारा लिया गया है लेकिन अभी तक खाता नही खुल पाया है। साथ ही छात्र छात्राओं का प्रतिपूर्ति का पैसा अभी तक प्रधानाध्यपक व अध्यक्ष के द्वारा नही दिया गया। वहीं उपस्थित सहयोगी शिक्षक रामराज पाण्डेय पर भडकते हुए 15 दिनों के अंदर देख लेने की धमकी दे डाली। मामले को गहनता से जांच करने पर सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बुनयादी सुविधा, विद्यालय का नाम, मेनू सूची, एसएमसी सदस्य का नाम, शिक्षक पद स्थापना विवरणी व विद्यालय की रख रखाव में काफी घोर लापरवाही है। प्रधानाध्यपक व अध्यक्ष के काफी डांट फटकार के बाद प्रधानाध्यपक बाजार से एक नया गैस चूल्हा लाकर रखा गया वहीं अध्यक्ष द्वारा अपने घर से पंखा खोलकर विद्यालय में रखा गया। साथ ही कहा की विद्यालय के अधूरे कार्य एवं प्रतिपूर्ति की राशि दो दिनों के अंदर बाटने का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों में सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता से प्रबंधन समिति को भंग कर चुनाव कराने एवं विद्यालय के प्रधानाध्यपक को पद से हटा कर दूसरे को नियुक्त किया जाए।

बीडीओ ने आवास योजना के लाभुकों के घरों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

केतार। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने गुरुवार को ग्राम केतार में पीएम आवास योजना निर्माण पुर्ण नहीं करने वाले हठी लाभुकों के घर घर जाकर स्थल निरीक्षण किया। वर्ष 2019-20 की योजना का पहली किस्त लेने के बाद भी राम नारायण राम के द्वारा अब तक आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया था। जिसे देखकर बीडीओ भड़क गये और आवास निर्माण अविलंब शुरू करने की चेतावनी दी। वही बीडीओ ने बालेश्वर बैगा, मोहन राम, शिवधारी राम, कृष्णा राम, मुमताज अंसारी, चंदलेश पाल का आवास योजना का जांच किया। जहां प्राप्त राशि के अनुरूप आवास निर्माण कार्य

पुर्ण नहीं किया गया था। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने उक्त सभी लाभुकों को एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण योजना को पुर्ण करने का निर्देश दिया। अन्यथा करवाई करने और राशि रिकवरी करने की चेतावनी दी। इस मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी संजय हेंब्रम, पीएम आवास समन्वयक रवि रंजन कुमार, पंचायत स्वयंसेवक कुंदन प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

बीएसएफ जवान के साथ मारपीट करने का एक आरोपी गिरफ्तार

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के बरियातू गांव में रविवार की एक बीएसएफ जवान और उसके साथी के साथ मारपीट के मामले में 14 नामजद आरोपियों में से एक को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लातेहार थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बीएसएफ जवान के साथ मारपीट करने के एक आरोपी मजीद आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं अन्य नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। विदित हो कि पीड़ित बीएसएफ जवान प्रमोद कुमार यादव ने भाजपा नेता और राजयसभा सांसद आदित्य साहू से मिलकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। इस सम्बन्ध में भाजपा जिलाध्यक्ष ने 24 घंटों में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। मालुम हो कि निंदिर गांव के रहने वाले बीएसएफ जवान प्रमोद कुमार यादव पिता धनेश्वर यादव ने लातेहार थाना में आवेदन देकर बताया है कि 21 अगस्त 2022 को शाम पांच बजे मैं अपने दोस्त निंदिर गांव निवासी मनोज प्रसाद पिता स्व रामदेव प्रसाद के साथ मक्का बाजार से आ रहा था। इसी बीच बारियातू गांव के समीप एक फेरी वाला आ रहा था। उस फेरी वाला को रोक कर पैंट दिखाने की बात कही। पैंट दिखाने के दौरान बोरा में बंधा हुआ मांस का गंध आने लगा।

दादी प्रकाशमणि की 15 वीं पुण्य स्मृति दिवस मनायी गयी

लातेहार। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालाय बाईपास रोड बी एस एन एल टावर के पांस दादी प्रकाशमणि की 15 वी पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा। उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद कर उनके बताए मार्ग मे चल अपने जीवन को सफल करने का संकल्प लिया गया लातेहार उप सेवाकेंद्र कि संचालिका बी के अमृता ने बताया कि दादी जी का जन्म 1 सितम्बर 1922 मे सिंध हैदराबाद मे हुआ था उनके बचपन का नाम रमा था और वह बचपन से ही श्री कृष्ण की भक्त थी ब्रह्मा बाबा के बाद इनको ब्रह्माकुमारी का के मुख्य प्रशासिका बनाया गया इनके नेतृत्व मे देश के साथ साथ विदेशो मे भी सेवा का विस्तार हुआ इस कार्यक्रम मे बी के राजमणि नविन विनोद अनिल बनारसी अजय बी के नीलम ज्योति सुनीता अनीता कंचन पुष्पा सहित सैकड़ो भाई बहनों ने भाग लिया।

बारिश का पानी घर में घुसने से खाद्य सामग्री नष्ट

लातेहार। सदर प्रखंड स्थित धनकारा पंचायत के बाचकूम गांव में मुन्नी देवी पति बिरेन्द्र उरांव के घर मे पानी मे घुस जाने से घर में रखे खाद सामग्री चावल दाल गेहूं समेत कई जरूरत की वस्तुएं पूरी तरीके से बर्बाद हो जाने से इस परिवार के समक्ष आर्थिक स्थिति उत्पन्न हो गई है इस आशय की जानकारी देते हुए पीड़िता मुन्नी देवी ने बताया कि गुरुवार को रात्रि लगातार मानसून बारिश के कारण मेरा घर सड़क से नीचे होने के कारण बारिश के पानी में डूब गया हैं, हम लोग कूल 6 परिवार हैं। जिसमें 3 बेटा और 1 बहु हैं। हम लोगों के समक्ष खाने-पीने और रहने की समस्या उत्पन्न हो गई है जिसको लेकर मेरा परिवार चिंतित है। पीड़िता ने धनकारा पंचायत प्रतिनिधियों समेत जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

बालूमाथ दुर्गा पूजा समिति की बैठक 28 को

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर(पंचायत भवन के पास) परिसर में श्री दुर्गा पूजा समिति बालूमाथ की एक आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए श्री दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष रवि सिंह ने माता के भक्तों से आग्रह करते हुवे कहा है कि उक्त बैठक में रविवार दोपहर 2 बजे ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित हो कर पूण्य की भागी बने।

सर्पदंश से महिला हुई मूर्छित

बालूमाथ। थाना अंतर्गत मुरपा ग्राम के जीपुआ ग्राम में एक महिला गीता देवी (42वर्ष) पति बंधन प्रजापति मुरपा को सांप ने डंक मार लिया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार महिला मकई में खाद दे रही थी। कि इसी दौरान बहरा जोड़ा नामक सांप ने काट लिया जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। जिसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

संकुल स्तरीय प्रश्न-मंच प्रतियोगिता में गिद्धौर के तीन बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

गिद्धौर(चतरा)। जिला मुख्यालय स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल में संकुल स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहरा रोड गिद्धौर के तीन बच्चों ने बेहतर प्रर्दषन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को इस सफलता के लिए शुभकामना के साथ बधाई दिया। विद्यालय के प्राचार्या सुनीता वर्मा ने बताया की संकुल स्तरीय प्रश्नमंच में वैदिक गणित में 150 बच्चे भाग लिये थे, जिसें तीन बच्चों ने द्वितीय स्थान ला विद्यालय का मान बढ़ाया है। बच्चों को मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया है। बधाई देने वाले में शिक्षक देवेन्द्र कुमार, अभिमन्यु कुमार, मनोज कुमार, शिक्षिका चंदा कुमारी, कुमारी मीनू, ममता कुमारी आदि शामिल थे।

विभिन्न विद्यालयों में हुई विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावकों की बैठक

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति व बच्चों के अभिभवकों की बैठक हुई। जिसमें बच्चे को विद्यालय में समय पर भेजने, 100 प्रतिशत नामंकन, शिक्षा की भरपाई, व्यवसायीक शिक्षा की जानकारी व बच्चों के प्रति माता-पिता की भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की गयी। जबकि राजकीयकृत मध्य विद्यालय गिद्धौर में बच्चों ने मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी को ले शिकायत की। इस दौरान उपस्थित मुखिया निर्मला देवी ने कहा कि भोजन में गड़बड़ी करने कि शिकायत उपायुक्त से की जाएगी। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिनोद दांगी, निशा देवी, उपाध्यक्ष घन्यश्याम कुमार, पहरा मुखिया बेबी देवी, प्रधानाध्यपक ब्रजेश सिंह, सिद्धेश्वर पांडेय, सीआरपी राजू कुमार, शिक्षक संतोष सेठ, राजीव दास, गेंदों रविदास, राजीव नयन, रमजान अली, उमेश राज, कृष्ण कुमार टिंकू, सत्यदेव उपाध्याय, समाजसेवी मुकेश कुमार साव आदि शामिल थे।

जिला स्तरीय तकनीकी समिति व पर्यावरण समिति की हुई बैठक

वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न को जांच करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान कि अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति व जिलला स्तरीय पर्यावरण समिति की अलग-अलग बैठक गुरुवार को हुई। तकनीकी समिति के बैठक में उपायुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी), विशेष केन्द्रीय सहायता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबर्न मिशन, कल्याण मद से इंडोर स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम, विद्यालय, सड़क, स्वास्थ्य भवन, पुल पुलिया, अनुमण्डल कार्यालय भवन सिमरिया का निर्माण एवं मरम्मती कार्य की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जिस भवन का कार्य पूर्ण हो चुका है उसे संबंधित विभाग को हैंडओवर करें तथा वन विभाग, भूमि विवाद के कारण लंबित मामले में संबंधित के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य पूर्ण करने

का निर्देश दिया गया। साथ ही वैसे कार्य जो संवेदक के लापरवाही के कारण लंबित है उन संवेदकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। विद्युत उपकरणों की मरम्मति के लिए वर्कशॉप निर्माण हेतू संबंधित अंचलाधिकारी के साथ भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। जल जीवन मिशन, चापानल मरम्मति व स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत निर्माण किये गए शौचालयों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अभियंता को दिए गए। वहीं जिला स्तरीय पर्यावरण समिति के बैठक में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण के रोकथाम को लेकर शहर में फैले कचरे के उठाव समेत अन्य बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए नपा के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। मेडिकल कचरा के प्रबंधन के संबंध में उपायुक्त ने सभी चिकित्सालयों से प्राप्त चिकित्सा अपशिष्टों का निपटान, उत्पादन, भस्मीकरण की सुविधाओं पर विमर्श किया।

उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

ध्वनि प्रदूषण के संबंध में उपायुक्त ने वाहनों में लगे प्रेसर हॉर्न की जांच करने का भी निर्देश दिया। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र के संबंध में रात्रि 10 बजे से सुबह के 06 बजे तक डीजे प्रतिबंधित होने की जानकारी आम लोगों को देने की बात कही गई। नियमों के उलंघन करने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जानकारी दी गई। कोल परियोजना में चलने वाले वाहनों का प्रदूषण जांच, वाहनों को ढक कर चलवाने को लेकर निर्देशित किया गया। राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, हजारीबाग से वायु प्रदूषण के रोकथाम हेतु जिले में अभी तक चलायें गए जांच अभियान कि विस्तृत जानकारी ली गई और जिले में चल रहे वाहनों का समय समय पर अभियान मोड में जांच करने को कहा गया। प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर एसडीओ चतरा व सिमरिया को जिले भर में संचालित दुकानों में इस्तेमाल हो रहे प्लास्टिक की जांच करने का निर्देष दिया गया। बैठक में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, डीएफओ आर. थांगा पांडियन, एसपी सुमन, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीओ सुधीर दास, एसडीपीओ अविनाश कुमार, सिविल सर्जन डॉ. श्याम नंदन सिंह व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

मयूरहंड में पुलिस ने अवैध देशी शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

नवीन मेल संवाददाता

मयूरहंड (चतरा)। मयूरहंड थाना क्षेत्र के फुलांग गांव के श्मशान घाट के बगल में नदी किनारे संचालीत अवैध देशी शराब भट्ठियों ध्वस्त करते हुए बड़ी मात्रा में देशी शराब बनाने में प्रयुक्त जावा महुआ को नष्ट किया। इसके साथ ही ग्राम झरदाग और गौरेया में भी अवैध देशी शराब भट्ठियों और जावा महुआ को ध्वस्त किया गया। अवैध कारोबारी इतने शातिर हैं कि वे जावा महुआ और तैयार देशी शराब को जमीन में दबाकर रखे हुए थे। दुसरी ओर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर भट्ठियां तो ध्वस्त तो किया जा रहा है पर कारोबारी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं। यही नहीं लगातार स्थान बदल-बदलकर कारोबार कर रहे हैं। ज्ञात हो कि 23 अगस्त को अलकडीहा गांव के बंद विद्यालय भवन में भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब की खेप पकड़ी गई थी। इस मामले में चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। ऐसे में गिरफ्तारी के साथ इस औध कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस के सूचनातंत्र मजबूत कराना होगा व पंचायत प्रतिनिधियों को आगे आना होगा।

संवेदक की लापरवाही से कुंदा-प्रतापपुर सड़क जर्जर, आवागमन में हो रही परेशानी

अजीत कुमार यादव।

कुंदा(चतरा)। विभागीय उदासीनता का आलम यह है कि जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड से प्रतापपुर सड़क इन दिनों जर्जर हो चुकी है। ऐसे में आवागमन करना लोगों के लिए दुर्लभ हो चुका है। स्थिति यह है कि थोड़ी सी लापरवाही राहगीरों के लिए जानलेवा साबित सो सकती है। ज्ञात हो की निर्माण कार्य पिछले डेढ़ वर्षो से चल रहा है, लेकिन संवेदक के सुस्ती के कारण निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। महज 12 किलोमीटर सड़क निर्माण में काफी अनियमितता के साथ घोर लापरवाही बरती जा रही है। बताया जाता है कि सड़क लगभग 5 करोड़ 41 लाख की लागत से रमेश राम कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माण करवाया जा रहा है। लेकिन योजना बोर्ड में अंकित कार्य प्रारंभ तिथि 31-12-2020 व पूर्ण तिथि 30-12-2021 अंकीत है। जबकी निर्माण कार्य

प्रारंभ किए लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं किया गया है संवेदक के द्वारा। इसके अलावे सड़क में नाम मात्र का डस्ट डाला गया है, जिससे कई जगह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार विभाग को कर चुके हैं, पर विभाग की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। वही कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वर्तमान उपायुक्त से किया है।

हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाना का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड। कुरो गांव निवासी रेमोन गिद्ध (23) की 16 अगस्त की रात हुई हत्या के आरोप में हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बुधवार की शाम आठ गांव के ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया था। थाना प्रभारी के आश्वासन से संतुष्ट नही होने पर ग्रामीण आपनी मांगो को लेकर गुरुवार सुबह पांच बजे से रांची-नेतरहाट रोड एसएच नौ कूड़ो कला मोड़ स्थित गांव परहाटोली पंचायत के विश्रामापूर, शाहपुर, बोडाकोना आदि गांव के ग्रामीणो ने पांच घंटे तक सड़क जाम रखा। इस दौरान रांची, गुमला, लोहरदगा जाने वाले यात्री बस एवं निजी वाहन की कतार सड़क पर लगी रही।

थाना प्रभारी आशुतोष यादव जाम

स्थल पर दल-बल के साथ पहुंचे। कहा तीन लोगों को पकड़कर लाया गया है, पुलिस अपने स्तर से पूछताछ कर करी है।

जाम स्थल में बैठे परहाटोली पंचायत की पंसस निर्मला टोप्पो, मुखिया रीता खलखो, चंपा पंचायत मुखिया सुषमा कुजूर, आदिवासी नेता लुईस कुजूर की मांग थी कि आदिवासी मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। मृतक की पत्नी को नौकरी दिया जाए और मृतक के दो छोटे-छाटे बच्चो को बेहतर शिक्षा का प्रबंध किया जाए,

लगभग सुबह 10 बजे महुआडांड़ के डीएसपी राजेश कुजूर, महुआडांड़ सीओ प्रताप टोप्पो भी जाम स्थल पर पहुंचे। डीएसपी श्री कुजूर ने ग्रामीणों को बताया कि कुछ लोग को गुरूवार सुबह थाना प्रभारी के द्वारा थाना लाया गया है. आपलोग जाम खोल दे, अन्य मांगो को लेकर हम बैठक कर आपस में वार्ता करेंगे। जहां लुईस कुजूर ने रेमोन गिद्ध की हत्या को माबलिंचिग ठहराते हुए कहा कि थाना प्रभारी सही से जांच-पड़ताल नही कर रहे है, क्योंकि एक विशेष समुदाय ने मिलकर रेमोन गिद्ध को मारा है, और इसकी लाश जंगल में फेक दिया गया था।

सीओ व मुखिया ने किया विद्यालय का निरीक्षण

गिद्धौर(चतरा)। सीओ जयशंकर पाठक व मुखिया बेबी देवी ने गिद्धौर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा का संयुक्त बरुप से निरीक्षण किया। इस दौरान दोनो ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से पढ़ाई व उपलब्ध व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। साथ ही प्रधानाध्यपक को सीओ ने समय पर व मेनु के अनुसार मध्याह्न भोजन देने के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मुकेश कुमार साव, शिक्षक रामलखन राम सहित अन्य उपस्थित थे।

विद्यालय के छत का गिरा पलास्टर, महिला अभिभावक घायल,

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फुलांग उत्क्रमित उच्च विद्यालय भवन के छत का पलास्टर गुरुवार को अचानक गिरने से एक महिला अभिभावक घायल हो गई व कई बाल-बाल बचे। प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यालय में अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की कार्यवाही समाप्त होने के बाद लोग निकल रहे थे, तभी छत का पलास्टर अचानक टूट कर गिरा, जिसके चपेट में आने से एक महिला अभिभावक घायल हो गई। जिन्हें उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। बताया जा रहा है कि विद्यालय भवन का छत जर्जर होने से यह घटना घटी। संयोग अच्छा था कि बैठक के समय या बच्चों के पढाई के दौरान नहीं घटी। विद्यालय का छत इतना जर्जर स्थिति होने के बावजूद जोखीम उठाकर संचालन किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी के तत्वावधान में चला सदस्यता अभियान, बोले वक्ता

जन समस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। चंदवा के पथ निर्माण विभाग के सभागार में आम आदमी पार्टी के तत्वाधान में सदस्यता अभियान चलाया गया । अभियान के माध्यम से चंदवा प्रखंड के कई लोगों ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने किया है। वही लातेहार जिला संयोजक परमेश्वर गंझू ने नए लोगों का स्वागत माला पहना कर किया है । अपने संबोधन में परमेश्वर गंझू ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पहली प्राथमिकता जन समस्याओं का समाधान करना है। आज भी लातेहार जिले के सुदूरवर्ती इलाकों में समस्याओं का अंबार है। जिले में कई ऐसे गांव है जहां बिजली ,पानी ,आवास ,राशन की समस्या है। आम आदमी पार्टी के दिशा निर्देश पर

सर्वप्रथम मूलभूत समस्याओं का समाधान करना पहली प्राथमिकता है। इधर प्रदेश प्रवक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि दिल्ली के तर्ज पर झारखंड का विकास होना चाहिए। यह तभी होगा जब झारखंड में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था की चर्चा पूरे विश्व में है। वहां पर आम आदमी पार्टी ने पूरी तन्मयता से जनता का सेवा किया है। निशुल्क बिजली व अन्य सुविधाएं बहाल किया है। अगर झारखंड में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो जन समस्याओं को लेकर सरकार उनके द्वार पर जाएगी। इधर पार्टी ने सर्वसम्मति से युवा प्रकोष्ठ में अध्यक्ष पद पर प्रखंड चंदवा से कालेश्वर कुमार ,दामोदर उपाध्यक्ष पद पर संजय गंझू लटडाग तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पर अख्तर अंसारी बोदा उपाध्यक्ष पद मोहम्मद इरफान उर्फ सज्जू को बनाया है। सभी ने पद धारियों का स्वागत जिला संयोजक ने माला पहनाकर किया है। इन्होंने किया सदस्यता ग्रहणः गुड्डू अखा, राजकुमार जयसवाल ,गणेश लोहरा अशोक लोहरा ,मनोज लोहरा, महेंद्र गंझू, नरेश गंझू, राहुल नायक, पंकज अफरोज खान ,वसी अहमद, मोहमद सकील, मोकिम आलम दिनेश प्रसाद, नागेश्वर गंझू, सुमन भगत, सुनीता देवी।

ओम सांई ऑटोमोबाइल कालरा होंडा शो रूम का मंत्री ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गुरुवार को राज्य के श्रम नियोजन एवंम कौशल विकास मंत्री सत्यांन्द भोक्ता गिद्धौर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, शो रूम संचालक चरित्र दांगी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष बिनोद पासवान ने संयुक्त रुप से ओम साई ऑटोमोबाइल कालरा होंडा शो रूम का उद्घाटन विधिवत नारियल फोड़ व फिताकाटकर किया। इस दौरान मंत्री श्री भोक्ता ने कहा कि गिद्धौर में ऑटोमोबाइल शो रूम के साथ कई प्रतिष्ठित दुकान खुल रहे हैं। जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। लोगों को अब होंडा मोटरसाइकिल के लिए हजारीबाग, चौपारण व चतरा नही जाना पड़ेगा। साथ ही इस दौरान

विधि व्यवस्था व सरकार द्वारा संचालीत योजनाओं को लेकर मंत्री ने बीडीओ संजीत कुमार सिंह, सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल को कई दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव, राजू लाल वर्मा, चंदा कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

बीडीओ ने सभी निजी विद्यालय संचालकों के साथ की बैठक

छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। बीडीओ राकेश साहनी सहाय ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड के सभी निजी विद्यालय के संचालकों के साथ बैठक कर विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र बनाने पर जोर दिया। उपायुक्त के निर्देश पर विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय के संचालकों को निर्देश दिया कि संबंधित पंचायत के राजस्व कर्मचारी व अंचल निरीक्षक से व्यक्तिगत संपर्क कर जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं जाति प्रमाण पत्र का आवेदन भरकर खतियान के साथ ऑनलाइन कराए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास पुराना खतियान ना हो वैसे लोगों को ग्राम सभा के माध्यम से अनुमोदन करा कर आवेदन प्रमाण पत्र

ऑनलाइन कराएं. उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों से आवश्यक रूप से 2 दिनों के अंदर जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जानकारी हो कि इससे पूर्व बीडीओ राकेश सहाय प्रखंड के राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक संग बैठक कर जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया था। इसके साथ ही प्रखंड में सभी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र जोर से बनाया जा रहा है .बैठक में अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूरज कुमार, फिरोज अहमद समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने किया सेमिनार आयोजित

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के स्थानीय डीलर साहू ट्रेडर्स के उमेश प्रसाद के दुकान परिसर में प्रखंड के राज मिस्त्री के संग सेमिनार आयोजित कर सीमेंट की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दें . प्रेम में कार्यक्रम में अल्ट्राटेक के पलामू प्रमंडल मीनू सिन्हा कंपनी की कई लोग शामिल थे। वही सेमिनार में प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के 50 से अधिक राज मिस्त्री उपस्थित थे। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक कंपनी के मीनू सिन्हा ने अल्ट्राटेक सीमेंट को देश का नंबर वन गुणवत्तापूर्ण सीमेंट बताते हुए सभी राज मिस्त्री को भवन निर्माण समेत अन्य निमार्णों में अल्ट्राटेक सीमेंट की उपयोगिता पर जोर दिया कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट अपनी गुणवत्ता के कारण आज पूरे देश में नंबर वन सीमेंट की जगह बनाने में कामयाब हुआ है। ऐसे में हम सभी को अल्ट्राटेक सीमेंट लगाने पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। सेमिनार में उपस्थित अल्ट्राटेक के अन्य प्रमुखों ने अपने-अपने तरीकों से सीमेंट की गुणवत्ता बताने का प्रयास किया। वही स्थानीय अल्ट्राटेक सीमेंट के डीलर उमेश प्रसाद ने भी कहा कि प्रखंड में अल्ट्राटेक सीमेंट हर समय पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राजमिस्त्री इसकी गुणवत्ता को देखते अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दें। कार्यक्रम में तकनीकी हेड सुधांशु शेखर, अमरजीत कुमार, गौरव कुमार, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार, धीरज कुमार, राजमिस्त्री माथुर सिंह, बिशन सिंह, संजय सिंह, चंद्रिका राम, कलाम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

भगवान कृष्ण की छठी को लेकर भंडारा कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर अंतर्गत शिवपुरी में स्थापित शिव मंदिर में बुधवार की शाम जन्माष्टमी के बाद भगवानश्री कृष्ण के छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जहाँ छठी कार्यक्रम में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद महिलाओं के द्वारा पारंपरिक छठी गीत भी गाने का काम किया गया .वही मंदिर समिति के द्वारा मंदिर परिसर में भव्य भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिप सदस्य संतोषी शेखर, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी समेत काफी संख्या में लोगों ने शिरकत की भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत होने के पूर्व भंडारे के प्रसाद को भगवान श्री कृष्ण को भोग लगाने का काम किया गया.। भंडारे में लगभग 300 से अधिक

लोगों ने शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर पंडित गिरधारी मिश्र, पंडित आलोक मिश्रा पंडित, बल्लू मिश्रा, पूर्व प्रमुख पंकज गुप्ता, कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत कुमार राजू, आर एन यादव, गौरव यादव,बैजनाथ प्रसाद, अरुण कुमार, मुरारी लाल, गौतम पेटन्डी, रेलवे क्लब महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक सचिव सुधा दुबे, यशी सिंह, दीपक चंद्रा, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

जिप सदस्य ने पंचायतों में विकास कार्य के संदर्भ में उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया

लोहरदगा। जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार ने किस्को प्रंखड के अर्न्तगत आने वाले सभी पंचायतो में विकास कार्य के संदर्भ में उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर ध्यान आकृष्ट कराया है। पत्र में कहा गया है कि मैं संदीप कुमार जिला परिषद सदस्य किस्को, आपसे किस्को प्रखंड के सभी पंचायतो में प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र के विकास के लिए मै महाशय का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ कि मेरे क्षेत्र में बुनियादी आवश्यकता की भारी कमी है. इसलिए इस क्षेत्र का विकास स्थिर हो गया है। अतः महाशय से विनम्र निवेदन है कि उक्त विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए अविलम्ब बुनियादी कार्यों को प्रारंभ कराने की कृपा की जाय।

बानो में गजराज का आतंक बारिश के बीच तीन घरों को किया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त

बानो। प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। कब कहां किसका घर शिकार हो जाय पता नहीं रहता बुधवार रात्रि प्रखण्ड के बेडाइरगी पंचायत के सुन्नीउली आराहासा में जंगली हाथियों ने तीन घरों को अपना निशाना बनाया। बारिश हो रही थी लोग गहरी नींद में थे तभी हाथियों के उत्पात से लोग जाग उठे और सहायता के लिये पड़ोसियों को आवाज दिया। हाथियों ने तीन घरोंके दीवार तोड़ा तथा छत भी उजाड़ दिया। घर मे रखे आनाज खा गये। बाकी सामान बारिश के कारण बर्बाद हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हाथियों ने सुकरा डुंग डुंग, फिरू डुंगडुंग व बुधवा कोनगाडी के घरों को छतिग्रस्त कर दिया। जंगलो के बीच बसा आराहासा टोली में रात्रि में पहरा भी नही दिया जा सकता है। मालूम हो कि घरों के कुछ दूरी से ही जंगल पड़ता है। बारिश के बीच गांव का पहरा देना भी खतरे से खाली नहीं है। मजबूरी वश ग्रामीणों को घर पर दुबक कर रह जाना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार 5 हाथियों का एक झुंड गांव के आस पास एक सप्ताह से डेरा जमाए हुए हैं। जिसमें दो गांव की ओर आकर घरों को निशाना बना रहे हैं। इधर जानकारी मिलने पर वन विभाग बानो के बनकर्मी मनीष डुंगडुंग व सुरेश टेटे गांव जाकर छति का आंकलन कर मुआवजा राशि दिलाने के लिए आवेदन अग्रसित कर दिया।

तीन अज्ञात अपराधियों ने बाइक चोरी कर हुए फरार

कैरो/लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र के जोजरो निवासी समसाद अंसारी पिता अजीज अंसारी का मोटरसाईकिल कैरो थाना क्षेत्र के अम्बवा पुल के पास से चोरी हो गई जिसको लेकर समसाद अंसारी ने गुरुवार को कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में कहा गया कि समसाद अंसारी अपनी यमाहा फाइजर मोटरसाकिल को पुल के सामने खड़ा करके नन्दनी जलाशय के समीप मछली खरीदने गया था तभी तीन अज्ञात स्कूटी सवार आये और गाड़ी लेकर फरार हो गए। कैरो थाना पुलिस ने कांड संख्या 34/22 धारा 379/34 के तहत मामले दर्ज कर अग्रतर करवाई में जुड़ गई है।

गहरानाला पुलिया के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत

कोलेबिरा। कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमडेगा रांची मुख्य मार्ग गहरा नाला पुलिया के समीप गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक वृद्ध महिला की घटनास्थल पूरी तरह से कुचल गई। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल से ब्रेकअप भेज दिया कयास लगाया जा रहा है कि महिला सड़क पार कर रही थी इसी दौरान किसी अज्ञात ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिसके बाद उसे पूरी तरह से कुचल दिया इधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ मृत महिला का पहचान करने में जुटी हुई है समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी।

सर्पदंश से महिला की हालत गंभीर समुचित इलाज नहीं मिल पाने के कारण हुई मौत

सिमडेगा। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाबासा पंचायत की आंगनबाड़ी सेविका की सर्पदंश से सदर अस्पताल में मौत हो गई। मृतिका की पहचान 21 वर्षीय प्रियंका लुगुन के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजाबासा गांव की नवनियुक्त आंगनबाड़ी सेविका प्रियंका लुगुन ने अपने घर में में सोई थी इसी दौरान जहरीले कैरत सांप ने उसे डस लिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिवार वालों ने झाड़-फूंक कराने के लिए ओझा के पास ले गए जिसके बाद काफी देर तक ओझा झाड़-फूंक करता रहा। लेकिन इस पर किसी प्रकार की सुधार नहीं हुई ।तब जाकर सुबह पीड़िता को सदर अस्पताल सिमडेगा लेकर गए जहां पर पहुंचते के साथ ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पंचायत के मुखिया बसंत समद अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी लेने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस शव का पंचनामा करने के पश्चात पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर पंचायत के मुखिया ने आम जनमानस से अपील किया है कि सर्पदंश मामले को हल्के में ना लें अगर किसी के साथ सर्पदंश होता है तो अंधविश्वास में ना पढ़कर त्वरित कार्रवाई कर उसे अस्पताल ले जाएं और जागरुक नागरिक बने।

28 को होने वाले जमीअत उलेमा कार्यक्रम को लेकर जैन मुनि सदस्यों ने की मुलाकात

सिमडेगा। जमीअत उलेमा के द्वारा 28 अगस्त को आयोजित होने वाले सदभावना मंच में सभी धर्म के लोग शामिल होंगे। जिससे समाज में आपसी सद्भाव बना रहे। जमीअत के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जैन मुनि महाराज से उनके आश्रम गुरुकुल में मुलाकात की। जमीअत के पदधारियों ने उन्हें 28 अगस्त की शाम 6 बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल और जैन मुनि महाराज ने क्षेत्र में आपसी सदभाव बनाने के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। जैन मुनि महाराज ने कहा कि सभी लोग मिलकर क्षेत्र में शिक्षा के विकास के लिए भी कार्य करेंगे। जैन मुनि महाराज ने ऐसे कार्यक्रम आयोजन की सराहना की और कार्यक्रम में शामिल होने में सहमति जताई। प्रतिनिधिमंडल में जमीअत के सदर मौलाना मिनहाज,सेक्रेटरी मौलाना असिफुल्लाह, हाजी जावेद,जफर खान आदि शामिल थे।

उपायुक्त की अगुवाई में लोहरदगा में संचालित विकास योजनाओं की हुई समीक्षा, कहा

क्रेडिट लिंकेज के कार्य को गति दिये जाने का निर्देश, मानव दिवस सृजन का लक्ष्य हासिल करें

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को सदर प्रखंड लोहरदगा में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2021-22 की समीक्षा की गई जिसमें तिगरा और भटखिजरी पंचायत का प्रदर्शन सबसे खराब पाया गया। दोनों पंचायतों के पंचायत सेवक व ग्राम रोजगार सेवक को नवंबर माह तक इस वित्तीय वर्ष की योजना पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। वर्ष 2016-21 अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा में हरमू, हिरही, तिगरा, मन्हो की उपलब्धि सबसे कम पायी गई। सभी पंचायतों को नवंबर माह के अंत तक वर्ष 2021 से पूर्व के आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रति गांव में संचालित योजना, दीदी बाड़ी योजना, कुआं योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, पशु शेड, योजनाओं की जियो टैगिंग, योजनाओं की पूर्णता, एरिया अफसर एप में बीडीओ/बीपीओ, एईई/जेईई का फील्ड विजिट इंट्री, मनरेगा मजदूरों का

आधार कार्ड इंट्री, जेएसएलपीएस के सीआइएफ का गठन, क्रेडिट लिंकेज आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। मानव दिवस सृजन के लिए हरमू पंचायत में 15 दिनों के भीतर लक्ष्य का 50 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार अगले 15 दिनों में हिरही पंचायत में 70 प्रतिशत, हेसल पंचायत मे 75 प्रतिशत, जोरी पंचायत में 85 प्रतिशत और तिगरा पंचायत में 90 प्रतिशत मानव दिवस सृजन का निदेश दिया गया। साथ ही, जिन पंचायतों में अब तक 70 प्रतिशत या इससे अधिक मानव दिवस सृजन हुआ है उन पंचायतों में अगले 15 दिनों के अंदर 100 फीसदी मानव दिवस सृजन किये जाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में योजनाएं स्वीकृत कर प्रारंभ करें और मानव दिवस सृजन का लक्ष्य हासिल करें। मनरेगा परियोजना पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि चलंत एलईडी वैन के माध्यम से सभी गांवों में ग्रामीणो के बीच जल संरक्षण से संबंधित जागरूकता वीडियो दिखाये जाने का निदेश दिया गया। इससे पूर्व एक टूर प्लान भी तैयार करने का निदेश दिया गया। प्रति गांव संचालित योजनाओं की समीक्षा में पाया गया कि हिरही और बाघा पंचायत में लक्ष्य से कम योजनाएं संचालित हैं, उपायुक्त द्वारा हिरही और बाघा पंचायत सेवक व रोजगार सेवक को निदेश दिया गया कि स्वीकृत योजनाओं को अविलंब प्रारंभ करायें। योजनाओं की पूर्णता में उलब्धि बढ़ाने के लिए मनरेगा परियोजना पदाधिकारी को कार्यनीति बनाये जाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा सभी पंचायत सेवक और रोजगार सेवक को निदेश दिया गया कि अगले चार दिनों के अंदर अपने-अपने पंचायत का प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम) प्लान का अध्ययन करें और इसका सारांश तैयार कर अपने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दें। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लोहरदगा नये वित्तीय वर्ष में ली जाने वाली योजनाओं में से इसी सारांश से 80-90 फीसदी योजनाओं का चयन करें।

योजनाओं की जियो टैगिंग एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। डीपीएम, जेएसएलपीएस को सीआइएफ की राशि निर्गत करने का निदेश दिया गया एवं प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस, लोहरदगा को क्रेडिट लिंकेज के कार्य को गति दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, प्रखण्ड की वरीय प्रभारी मनीषा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केके गुप्ता, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, सभी पंचायतों के मुखिया, सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

एमवीआई के नेतृत्व में पुलिस लाइन के समीप चला वाहन चेकिंग अभियान

वाहन चालकों ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। बुधवार को मोटरयान निरीक्षक गोपीनाथ डे के नेतृत्व में सिमडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन सिमडेगा के समीप मध्यरात्रि के समय में बड़े वाहनों के विरुद्ध सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी प्रकार के यात्री एवं व्यावसायिक वाहनों के कागजातों की सघनता पूर्वक जांच की गई। वहीं जांच के दौरान जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उनसे जुमार्ना वसूला गया। एमवीआई गोपीनाथ डे के नेतृत्व में मध्य रात्रि 11:00 बजे से रात के 2:00 बजे तक सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान की जानकारी मिलते ही कई बड़े व्यावसायिक वाहन चालक दूर खड़े होकर ही वाहन चेकिंग अभियान के खत्म होने का इंतजार किया। चेकिंग अभियान खत्म होने के पश्चात सभी अपने गंतव्य को रवाना हुए। इस दौरान लगभग 30 से 40 वाहनों की जांच की गई। वहीं चेकिंग अभियान के दौरान अवैध रूप से पैसे की उगाही करने का आरोप ट्रक चालकों ने लगाया है। नाम ना छापने की शर्त पर कई चालकों एवं वाहन स्वामित्व ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के समय कागजात ठीक-ठाक होने के बावजूद मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा ओवरलोड, अत्यधिक स्पीड, नशा में वाहन चलाना एवं तरह-तरह की अनर्गल बातें कर जबरन जुर्माना वसूला गया। जुर्माना वसूले जाने के बाद चालकों

को किसी भी प्रकार की पावती रसीद या जुर्माने की रशीद नहीं दी गई जिसके बाद चालकों के द्वारा उक्त मामले का विरोध किया गया। जिसके बाद चालकों को वाहन को सीज करते हुए थाना को सुपुर्द करने की बात कही गई। जिसकी वजह से वाहन चालक मौके पर से अपने-अपने वाहनों को गंतव्य तक ले जाना ही उचित समझा। बताते चलें कि बीते 23 अगस्त को भी महाराष्ट्र राज्य से निर्बंधित एक ट्रक को अधूरे कागजात होने पर परिवहन विभाग के द्वारा सीज करते हुए ठेठईटांगर थाना को सुपुर्द किया गया था। वहीं जब वाहन स्वामित्व ने जुर्माने की राशि जिला परिवहन कार्यालय में जमा कराने गए तो उनसे 40,000 जुर्मार्ना राशि की मांग की गई और कहा गया कि 10000 की ही रसीद दी जाएगी एवं बाकी 30,000 रुपये के सम्बंध में उनके द्वारा कोई भी सही जानकारी नहीं दी गई। जिसके बाद वाहन स्वामित्व के द्वारा इस मामले की जानकारी सिविल कोर्ट सिमडेगा में कार्यरत अपने एक रिश्तेदार को दी गई। जिसके बाद सिविल कोर्ट में कार्यरत कर्मी के द्वारा उक्त मामले की शिकायत जिला परिवहन पदाधिकारी एवं जिला उपायुक्त से की गई है।

नशा व जुआ अपराध के सबसे बड़े कारण : एसपी

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। पुलीस अधिक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार ने जलडेगा थाना का दौरा किया एवं ग्रामीणों के साथ औपचारिक रूप से बैठक कर प्रखंड एवं थाना से संबंधित जनसमस्याओं से अवगत हुए। एसपी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज वे ग्रामीणों से इस क्षेत्र की समस्या सुनकर उनका विधिवत समाधान करने का प्रयास करेंगे।समाजसेवी सुभाष साहू ने कहा कि स्कूल एवं मंदिर के निकट सरकारी शराब एवं मांस मछली की दुकानों को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए। वहीं कोनमेरला मुखिया ने सड़क सुरक्षा पर ध्यान देने के लिए पुलिस प्रशासन से अपील की।

स्कूल में नामांकन को लेकर कतरा रहे छात्रों के परिजन : पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी ने एसपी से कहा कि स्कूल के निकट शराब दुकान होने के कारण खासतौर पर छात्रओं को ज्यादा परेशानी होती है कभी कभी कई मनचले छात्रओं पर फब्तियां कसते हैं जिससे कई छात्रा असहज हो जाते हैं एवं कई छात्र भी घर जाकर शराब दुकान की बात करते हैं जिसके कारण कई परिजन जलडेगा स्कूल में नामांकन के लिए कतराते हैं जयंती देवी ने कहा कि कई बार इसकी जानकारी प्रशासन को दी किंतु कोई करवाई नही होती।

एसपी का थाना प्रभारी को सख्त निर्देश : ग्रामीणों द्वारा एसपी को बताया गया कि क्षेत्र में अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री होती है एवं प्रत्येक बाजार में देसी शराब की बिक्री भी खुलेआम होती है जिससे युवा बिगड़ रहे हैं एवं कई जगह घटनाएं हो रही हैं जिसपर एसपी ने थाना प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए करवाई करने की बात कही।

अगले माह से पूरे जिले में होगा तीन सप्ताह का जागरूकता अभियान : पत्रकारों से बात करते हुए एसपी ने बताया कि अगले माह से पूरे जिले में तीन सप्ताह का जागरूकता अभियान पुलिस चलाएगी जिसमे पहले सप्ताह मानव तस्करी,दूसरे सप्ताह महिला उत्पीड़न एवं तीसरे सप्ताह साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा वहीं एसपी द्वारा पत्रकारों से इस बारे में सुझाव मांगा गया जिसपर पत्रकारों द्वारा डायन प्रथा एवं सर्पदंश से झाड़फूंक द्वारा मृत्य होने के बारे में एसपी को अवगत कराया गया जिसे उन्होंने संज्ञान में लिया। साथ ही कोई आपात समस्या होने पर सीधे उनसे संपर्क करने के बारे में एसपी ने ग्रामीणों एवं पत्रकारों को कहा।

जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रखंड एवं जिले को करेंगे मानव तस्करी से मुक्त : एसपी ने सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों से खासतौर पर काम की तलाश में दूसरे राज्य जाने वालों की सूचना आसपास के जनप्रतिनिधियों को रखने की बात कही कहा कि सबके सहयोग से मानव तस्करी जैसे संगीन अपराध से निपटा जा सकेगा। मौके पर बीडीओ विजय राजेश बरला, अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो, जलडेगा इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, थाना प्रभारी फिलिप मिंज, एसआई अरुनिष रोशन,अंजन मंडल, प्रदीप खलको सहित ग्रामीण एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

लोहरदगा नगर क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद का मनाया गया 58वां स्थापना दिवस

खंडित भारत नहीं अखंड भारत की परिकल्पना को पूरा करना ही हमारा लक्ष्य : आनंद कुमार

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा नगर क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद 58वां स्थापना दिवस स्थानीय कुंजलाल भवन, बरवा टोली में भव्यता के साथ कार्यक्रम कर मनाया गया। कार्यक्रम को प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम भारत माता के चित्र में अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन तथा धूप धुवन दिखाकर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आनन्द कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, पटना क्षेत्र तथा विशिष्ट अतिथि में प्रान्त संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, प्रान्त मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, मार्गदर्शक मंडली प्रान्त प्रमुख स्वामी कृष्ण चैतन्य, विभाग मंत्री लाल ओंकार नाथ सहदेव, विहिप जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, जिला मंत्री रितेश कुमार, सह मंत्री विनोद उरांव गुड्डू, प्रतिमा देवी उपस्थित रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने अखंड भारत की परिकल्पना को कैसे पूरा करें, इस बात

पर प्रकाश डाले। कहा कि हिन्दुत्व जागरण, सनातन एकता व दृढ़ निश्चय ही अखण्ड भारत की सपना को पूरा कर सकता है। धर्म को जानना और अपने धर्म के प्रति आस्था को अटूट रखना हमारा परम कर्तव्य है। बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ साथ अपने परम्परा, धर्म, संस्कृति को बतलाना व उसका साश्वत जानकारी भी देना हम सभी माता पिता अभिवावक का परम कर्तव्य है। विश्व हिंदू परिषद का गठन अखंड भारत के परिकल्पना को साकार करने एवं सनातन धर्म को संस्थापित करना तथा हिंदुत्व को जागृत रखने व सनातन धर्म की रक्षा को ध्यान में रखकर आज से 58 वर्ष पूर्व किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप नगर अध्यक्ष चन्दन गोयल द्वारा किया गया एवं मंच संचालन अखाड़ा प्रमुख रोहित साहू जी ने किया। वहीं बजरंग दल संयोजक विपुल कुमार, नगर संयोजक आकाश पंकज, नगर मंत्री सुधीर कुमार सोनी, सह संयोजक रितिक कुमार, राजकुमार, सचिन कुमार, प्रचार मंत्री प्रमोद कुमार प्रजापति ने भी कार्यक्रम को सफल करने में सहयोग किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में उपरोक्त अतिथियों, पदाधिकारी के साथ साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक जिला प्रचारक दीपक कुमार व नगर के गणमान्यों में आनन्द पांडेय, डॉ कुमुद कुमार, धनन्जय प्रसाद अग्रवाल, अशोक साहू, संतोष लकड़ा, मिथुन तामेड़ा, सतीश जायसवाल, कृष्णा साहू, कपिल मिश्रा समेत अनेकों सनातन गणमान्य उपस्थित रहें।

खेत से पानी निकालने पर विवाद, टांगी से मारकर किया घायल

कुडू - लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र के ग्राम सुकुमार में खेत से पानी निकालने को लेकर दो किसानों में झगड़ा हो गया, मामूली नोक झोंख से शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे किसान पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मां कमला मुंडा और ग्रामीण घायल को उपचार के लिए सीएचसी कुडू लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया। पीड़ित किसान सुकुमार सरना टोली निवासी हरी मुंडा 36 पिता किशुन मुंडा ने बताया कि वो खेती बाड़ी का काम करता है। इसके लिए उसने कमले निवासी बबलू लाल की जमीन बटाईदारी पर ले रखी है। गुरुवार की सुबह वह खेत में गोभी तोड़ रहा था तभी वहां पहुंचे बोधे उरांव और उसके पुत्र रामबीर उरांव खेत से पानी ले जाने लगे, मना करने पर दोनों ने उसपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसके बाद वह किसी तरह जान बचाकर घर भागा। फिलहाल घायल किसान कि शिकायत पर कुडू थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

लोहरदगा अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, पुरानी कमिटी के लगभग सभी पदाधिकारी हारे

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड राज्य विधिक परिषद रांची के तत्वाधान मे लोहरदगा बार एसोसिएशन का चुनाव दिलचस्प और रोमांचक एवं अधिवक्तावाओं की भावना के अनुरूप संपन्न हुआ। पुराने कमिटी के लगभग सभी पदाधिकारी हारे और सारे नये पदाधिकारी चुनाव जीत कर आये। लोहरदगा जिला मे कुल 106 अधिवक्ता वोटर है जिसमे से 101 वोटरों ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद मे प्रमोद कुमार पुजारी ने अपने निकटतम प्रत्यासी कृपा शंकर पांडेय को 36 वोट से हराया वहीं तीसरे स्थान पर विमल किशोर नारायण तिवारी मात्र 17 वोट प्राप्त किये, महासचिव पद मे लाल दीपक कुमार ने अपने निकटतम प्रत्याशी अजय कुमार अग्रवाल को 39 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद मे अमिंन्द्र सिंह सर्वाधिक 45 वोट लाकर विजयी हुई तथा कोषाध्यक्ष पद मे सतीश महतो 61 वोट, सह सचिव प्रशासनिक पद मे लाल धर्मेंद्र देव 54 वोट लाकर विजयी हुए। कार्यकारिणी के 6 सदस्यों मे अजय लकड़ा(62 मत), विनय कुमार साहू (76मत), फुनी साहू (77मत), नरेन्द मिंज (77मत), राधाकृष्णन शर्मा (70मत) लाकर विजयी हुए तो खालिद यूसुफ और विपिन बिहारी दुबे दोनों बराबर (52 मत) लाने पर टॉस मे खालिद यूसुफ विजयी घोषित किये गए। वहीँ निर्विरोध सह सचिव पुस्तकालय मे विक्रम कुमार तथा सह कोषाध्यक्ष मे पवन कुमार निर्विरोध जीते है। इस अवसर पर पर्यवेक्षक सह स्टेट बार कौंसिल के सदस्य बिजय विद्रोही ने कहा की यही असली लोकतंत्र है और लोकतंत्र की यही खुशबु होती है की अधिवक्ता गणों ने दिखा दिया की क्यों उसे बुद्धिजीवी और लोकतंत्र के प्रहरी कहा जाता है। प्रमोद पुजारी ने कहा की अधिवक्ता को सम्मान जो गिरवी रखा गया था उसे विमुक्त की जाएगी और मुंशी संघ को मान्यता प्रदान की जाएगी। मौके पर देवाशीष कार, हेमंत सिन्हा, प्रवीण भारती, विवेक कुमार, मनोज प्रसाद, लाल बक्शी नाथ शहदेव, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

उपायुक्त ने रायडीह स्थित प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, विद्यालयों व थाना का किया औचक निरीक्षण, दिए कई निर्देश

15 नवंबर से पूर्व सभी कार्यों को दुरुस्त करें, अगली बार की जांच में सुधार नहीं तो कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। रायडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय में उपायुक्त सुशांत गौरव ने रायडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। सर्वे प्रथम उपस्थिति पंजी की जांच की अनियमित प्रविष्टि को देखते हुए उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर की, उन्होंने कहा कि उपस्थिति पंजी अप टू डेट होनी चाहिए। इसके साथ ही अंचल कार्यालय अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। प्रखंड स्तर पर आने वाले केसेस के दस्तावेजों, जमीन से जुड़े दस्तावेजों सहित अन्य सभी दस्तावेजों का मिलान करते हुए जांच किया। उन्होंने सभी दस्तावेजों के रखरखाव तथा अधूरे रजिस्टर एंट्री को देखते हुए नाराजगी व्यक्त की, जांच के दौरान कई पुराने दस्तावेजों के पन्ने फटे हुए देखे हुए जिसपर उपायुक्त ने खेद प्रकट की एवं सभी दस्तावेजों के पन्नों का लेमिनेशन करवाने तथा फाइल एंट्री को बेहतर

करने का निर्देश दिया। अंचल सीआई के त्रुटिपूर्ण कार्यों को देखते हुए फटकार लगाई उन्होंने अंतिम चेतावनी देते हुए कार्यों में सुधार करने का निर्देश दिया 15 नवंबर से पूर्व सभी कार्यों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। अगली बार के जांच में सुधार नहीं होगी तो कार्यवाही की जाएगी। रायडीह प्रखंड सह अंचल अधिकारी को कार्यों में सुधार लाने एवं प्रॉपर मॉनिटर कारण हेतु निर्देशित किया, साथ जिले के सभी प्रखंडों के अंचल अधिकारियों के लिए 1 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें अपर समाहर्ता गुमला द्वारा किसी एक अंचल कार्यालय में सभी सीओ को बुलाकर अंचल कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रखंड कार्यालय के सभागार में सेविका सहायिका की मासिक बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी सेविका सहायिका के साथ मुलाकात की एवं उन्हें समर अभियान, माल न्यूट्रिशन, एनीमिया, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या योजना आदि के विषय में जानकारी देते हुए उन्हें इन सभी योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। कृषक तकनीकी सूचना केंद्र को पूरी तरह कार्यरत करने हेतु निर्देश दिया गया। कार्यालय के समीप के रोड को पंचायत समिति के फंड से दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। इसी दौरान उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के बनवारी लाल साहू राजकियाकृत मध्य विद्यालय, पतराटोली पहुंचे विद्यालय में कस्तूरबा गांधी विद्यालय से आए 12वी कक्षा के विद्यार्थियों ने स्वागत गान गाते हुए उपायुक्त का पूस्प गुच्छ देकर स्वागत किया बच्चियों से मुलाकात करते हुए उपायुक्त ने सभी को शिक्षा एवं जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय कैसे लेते हैं उसपर भी सिख दी, बच्चियों को उचित मार्गदर्शन करते हुए उन्हें जीवन में खुद के साथ ईमानदार रहने की सलाह दी। इस दौरान विद्यालय के सभागार में प्रखंड के सभी विद्यालय से आए शिक्षकों का समर अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था, उपायुक्त ने सभी शिक्षकों से मुलाकात की एवं उन्हें समर अभियान के महत्व के बारे में बताया। शिक्षकों को उनके दायित्व से अवगत करवाते हुए उनके विद्यालयों में प्राथमिक सुविधा दुरुस्त है की नही इसकी जानकारी ली। एसएमसी फंड से विद्यालयों में किए गए कार्यों की भी जानकारी ली। शिक्षकों को इंस्पायर अवार्ड के लिए नामांकन करने के विषय में बताया। साथ ही उन्होंने विद्यालय में दिव्यांग बच्चों की संख्या बढ़ाने की बात कही, दिव्यांग बच्चे शिक्षा से केवल शर्म के कारण वंचित न रहे उसके लिए शिक्षकों को प्रेरणादायक बनकर उनकी सहायता करने की बात कही। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को सभी विद्यालयों की बाउंड्री मापी करते हुए पत्थरों से सीमांकन करने का निर्देश दिया। 2 माह के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रखंड स्तर पर सभी शिक्षकों के साथ पुनः बैठक करते हुए विद्यालय के गैप असेसमेंट पर चर्चा करने का निर्देश दिया। 11 बजे से शुरू हुए इस कार्यशाला में देर से आए शिक्षकों पर नाराजगी जाहिर की। कहा शिक्षकों का प्रथम कार्य है अनुशासन, यदि शिक्षक अनुशासन का पालन नहीं करेंगे तो वैसे शिक्षकों के भरोसे विद्यार्थियों को छोड़ना मुस्किल है। राजकियाकृत प्राथमिक विद्यालय कांचोड़ा के प्रधानाध्यापक को विद्यालय को 5 स्टार रेटिंग दिलवाने हेतु उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य पर उपायुक्त ने धन्यवाद दिया एवं उनके लिए ताली भी बजाई। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रायडीह, थाना प्रभारी के अलावा अन्य संबंधित कार्यालयों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

आसुस ने भारत में 6 नये लैपटॉप्स के साथ अपने क्रिएटर सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। आसुस ने आज भारतीय बाजार के लिए छह नए क्रिएटर सीरीज लैपटॉप्स के लॉन्च के साथ अपने कंज्यूमर नोटबुक लाइनअप के विस्तार की घोषणा की। मुख्य रूप से कॉन्टेंट क्रिएटर्स और रचनात्मकता पसंद कंज्यूमर्स के लिए डिजाइन किए गए आसुस की क्रिएटर सीरीज लैपटॉप्स की नई रेंज में फ्लैगशिप जेनबुक प्रो 14 ड्यूओ ओएलईडी और प्रो 16एक्स ओएलईडी के साथ-साथ प्रोआर्ट स्टूडियोबुक प्रो 16 ओएलईडी और 16 ओएलईडी तथा वीवोबुक प्रो 15 ओएलईडी और 16एक्स ओएलईडी शामिल हैं। नए जेनबुक लाइनअप की कीमत की शुरूआत 1,44,990 रूपए से होती है, स्टूडियोबुक लाइनअप की 1,99,990 रूपए से और वीवोबुक प्रो लाइनअप की शुरूआत 67,990 रूपए से होती है, जो कि सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन उपलब्ध होंगे। क्रिएटर्स और आर्टिस्ट्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से डिजाइन किए गए, क्रिएटर सीरीज की डिवाइसेस अद्वितीय एस्थेटिक्स और सहज यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करने वाले इनोवेटिव डिजाइन्स और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजीस से लैस हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, अर्नोल्ड सु, बिजनेस हेड, कंज्यूमर एंड गेमिंग पीसी, सिस्टम बिजनेस ग्रुप, आसुस इंडिया ने कहा, आसुस में, हमें जब भी नई टेक्नोलॉजी की पेशकश करने का अवसर मिलता है, तो हम इसमें अग्रणी रहने का प्रयास करते हैं। इसी प्रकार हमारी क्रिएटर सीरीज का लॉन्च, क्रिएटर्स कम्युनिटी के लिए एक बार फिर कुछ खास लाने की दिशा में एक कदम है।

धोनी के निवेश वाली कंपनी भारतीय सेना को मुहैया कराएगी ड्रोन सेवाएं, क्या है तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के निवेश वाली ड्रोन कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस भारतीय सेना को अपनी विशेषज्ञ सेवा मुहैया कराने के लिए तैयार है। कंपनी सेना को यह सेवा अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्क का पता लगाने, उन्हें रोकने और बाधित करने करने के लिए चलाए जा रहे विशेष मिशनों को पूरा करने के लिए देगी। बता दें कि पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, जो भारतीय प्रादेशिक सेना के पैराशूट रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद रैंक रखते हैं, कम लागत वाली ड्रोन सोल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी गरुड़ एयरोस्पेस में ब्रांड एम्बेस्डर और निवेशक हैं। उधर, भारतीय सेना ने भी आधुनिक युद्ध में ड्रोन का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गरुड़ एयरोस्पेस की विशेषज्ञता और तकनीकी ज्ञान का उपयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की है। कंपनी ने हाल ही में 250 मिलियन अमरीकी डालर के मूल्यांकन पर अपनी 30 मिलियन अमरीकी डॉलर की सीरीज ए फंडिंग हासिल की है। कंपनी के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा है कि गरुड़ एयरोस्पेस ने भारतीय सेना की मदद करने के उद्देश्य से अद्वितीय अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण उत्पाद तैयार किए हैं। अपनी रणनीतिक और सामरिक सेवाओं के दौरान कंपनी बहुउद्देशीय ड्रोन का उपयोग करेगी।

सशस्त्र बलों के योगदान के सम्मान में टाइटन ने शुरू की टाइटन शौर्य पहल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। टाइटन कंपनी ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में टैग लाइन देश के वीरों का आभार के साथ टाइटन शौर्य पहल शुरू की है। इस देश व्यापी पहल के तहत टाइटन के सभी ब्रांड कैटेगरी के उत्पाद सशस्त्र बलों को विशेष ऑफर के साथ उपलब्ध कराये जायेंगे। ये विशेष ऑफर सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए रिजर्व रखे गये हैं। देश भर में 2000 से ज्यादा स्टोर के विशाल नेटवर्क की सुविधा की वजह से सशस्त्र बलों के कर्मचारी हाउस ऑफ टाइटन के सभी ब्रांड के 10 हजार से अधिक उत्पादों को विशेष ऑफर के साथ खरीद सकेंगे। इनमें घड़ी, आभूषण और आईवेयर से लेकर परफ्यूम और भारतीय परिधान तक अनेक उत्पाद शामिल हैं। खरीदारी करते समय सशस्त्र बलों के कर्मचारियों या उनके परिजनों को अपना मूल सीएसडी स्मार्ट कार्ड दिखाना होगा। टाइटन ने इस मौके पर ह्यस्पेशल एडिशन वाच की पहली झलक दिखाई गयी। यह एक्सक्लूसिव कलेक्शन मार्च में लॉन्च किया जायेगा। इस अवसर पर एयर मार्शल के अनंतरामन वीएसएम भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, टाटा समूह की कंपनी के साथ जुड़कर हमें गर्व महसूस हो रहा है। हमें विश्वास है कि यह सहयोग हमारे कर्मचारियों और परिजनों को इस कंपनी के अलग-अलग ब्रांड और श्रेणी के उत्पादों की खरीदारी के अवसर प्रदान करेगा। टाटा की ओर से सशस्त्र बलों को सम्मान देना बहुत दयस्पर्शी है।

NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL
NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under the Ministry of School Education & Literacy Deptt. Govt. of Jharkhand)

VERY SHORT RE-TENDER NOTICE

Tender No- 1331 Dated-25.08.2022

Sealed tenders are invited from a reputed vendor/ firms having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for Supply,Uploading, Installation & maintenance of educational Digital Contents from Class V1 to X11 as per the Syllabus Prescribed by the CBSE.

1.	Name of the Tender	Supply, Uploading, Installation & maintenance of educational Digital Contents from Class V1 to X11 at Netarhat Residential School, Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand.
2.	Scope of Work	Supply, Uploading, Installation & maintenance of educational Digital Contents from Class V1 to X11 at Netarhat Residential School, Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand.
3.	Name and Address of the Office Inviting Tender	Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, District- Latehar
4.	Date of Publication of Tender on Website	25.08.2022 at 2:30 P.M
5.	Last Date and Time for receipt of Bids	02.09.2022 at 2:30 P.M
6.	Date of Opening of the Tender	03.09.2022 at 3.30 P.M (Technical Bid) 05.09.2022 at 11 A.M (Financial bid of only those firms who are found eligible in technical bids)
7.	Contact Persons with Details	1. Mr. Santosh Kumar Singh (Principal) Contact No-6201750198 Email id- principal.netarhat@gmail.com

Complete details could be seen in our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Santosh Kumar Singh)
Principal
NetarhatResidential School Netarhat.

PR276412 (Human Resource Developement)22-23*D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय लोहरदगा
(समाज कल्याण)

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष–2022–23 के लिए लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में निःशक्त व्यक्तियों को विशेष यंत्र एवं उपकरण एवम् वित्तीय वर्ष–2021–22 में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण होने वाली तथा बैचमार्क चलंत दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांग छात्राओं को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विशेष यंत्र उपकरणों का नाम निम्न है :–

क्र0	विशेष यंत्र/उपकरण का नाम	क्र0	विशेष यंत्र/उपकरण का नाम
1	ट्राईसाईकिल (वयस्क)	3.	श्रवण यंत्र (एस0 कोड/भी0 कोड)
2	व्हील चेयर (वयस्क)	4.	ब्लाईण्ड स्टिक
5	बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल		

सम्बन्धित नियम एवं शर्तें लोहरदगा जिला के बेबसाइट www.lohardaga.nic.in तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय,लोहरदगा के सूचना पट्ठ पर भी देखा जा सकता है।

निविदादाता मुहर बन्द लिफाफे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय,पाण्डेय शहीद गणपत राय भवन,लोहरदगा में दिनांक 12.09.2022 को 11:00 बजे पूर्वाहन् तक निविदा जमा करेंगे तथा निविदा उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् समाहरणालय सभा कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 276389 Lohardaga (22-23)_D

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज, के सामने,
मेदिनीनगर, पलामू –822101

कार्यालय जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

प्रिय किसान भाईयों,

जैसा कि आप अवगत है कि किसानों को कृषि कार्य में आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु जिले में केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) योजना चलायी जा रही है। इस योजना के तहत प्रति वर्ष 6000 रू0 तीन किस्तों में डी0बी0टी0 के माध्यम से किसानों के खाते में हस्तांतरित की जा रही है। सरकार के संयुक्त सचिव सह राज्य नोडल पदाधिकारी PM-KISAN योजना, झारखण्ड के पत्रांक 1810 कृ0/रॉची दिनांक 22.07.2022 द्वारा निदेशित किया गया था कि जिले के सभी PM-KISAN योजना के लाभुक किसानों का भूमि अभिलेख PM-KISAN के पोर्टल पर दिनांक 31.08.2022 तक अपलोड किया जाना है। परन्तु अबतक अधिकतर किसानों द्वारा भूमि अभिलेख PM-KISAN के पोर्टल पर अपलोड नही किया गया है। पुनः किसान भाईयों से अनुरोध है कि अपने प्रखण्ड के अंचल कार्यालय से सर्म्पक कर अपना भूमि अभिलेख पोर्टल पर यथाशीघ्र अपलोड करा लें साथ ही प्रज्ञा केन्द्र से e-kyc भी करा लें जिससे अगली किस्त की राशि हस्तांतरित करने में कोई कठिनाई नही हो। किसान भाईयों के लिए उक्त दोनों कार्य अति महत्वपूर्ण है। अतः अनुरोध है कि किसान भाई उक्त दोनों कार्य दिनांक 31.08.2022 तक निश्चित रूप से पूर्ण कर ले अन्यथा PM-KISAN सम्मान निधि की राशि प्राप्त करने से वंचित हो सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 276410 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 22-23 (D)

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज
E-Mail ID- dscopalamu2019@gmail.com

कृषको, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्प सेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना

सूचना

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, रॉची, राज्यादेश सं0 95 दिनांक 31.03.2022 के आलोक में पलामू जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य के लिए अनुदानित दर पर **पम्पसेट एवं पाईप तथा छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना** की योजना।

पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत् निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत् पम्पसेट (1.5–3.0 H.P तथा 3.5–5.0 H.P) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा **1.0 एच0पी0 सोलर पम्प सेट** (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

क्र0	पम्पसेट के प्रकार	90% अनुदान
1	पम्पसेट 1.5–3.0 H.P एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)	अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र)
2	पम्पसेट 3.5–5.0 H.P) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)	अधिकतम रू0 30,000.00 (तीस हजार रूपये मात्र)
3	**1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट** (Troly Mounted Movable Type)	अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र)

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग (निदेशक समेती/भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय) द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चूका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम सूचीबद्व करायेंगे।

छोटे कृषि उपरकण बैंक की स्थापना

महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स, में **कृषक समूह के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 (पाँच लाख) रूपये** पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर एवं उनके सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर इत्यादि के वितरण किया जायेगा। मिनी ट्रैक्टर पैकेज अथवा पावर टीलर या अन्य कृषि यंत्रों का पैकेज की कुल कीमत 6.25 (छः लाख पच्चीस हजार) रूपये से अधिक होने या अनुदान की राशि 5.00 (पाँच) लाख से अधिक होने पर कृषक समूह अपना अतिरिक्त अंशदान देकर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है। **व्यक्तिगत कृषको के लिए** अधिकतम लागत रूपये 2.00 लाख रखे जाने एवं इसका **80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 1.60 (एक लाख साठ हजार) रूपये** देय होगा।

लाभुक का चयनः–

- झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10 से 12 सदस्यों का होना आवश्यक है।
- छोटे कृषि उपकरण बैंक में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल **10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।**
- वैसे समूहों को भी प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैद्य लाईसेंस होगा।
- व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य **2.00 एकड़ भूमि होगी।**
- माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
- कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के द्वारा किसी यंत्रो/पम्पसेट/एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रो को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।

❖ **आवेदन पत्र जमा करने हेतु आवश्यक निर्देशः–**

(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला समूह का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) आवेदन पत्र पर त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
(3) कृषक/समूह/संस्था द्वारा आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में नियमानुसार सच्ची सूचना अंकित कर संबंधितों की अनुशंसा के पश्चात ही इस कार्यालय में जमा की जा सकेगी।
(4) आवेदक कृषक अंचलाधिकारी से निर्गत भू–धारिता संबंधित प्रमाण आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेगें।
(5) आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(6) अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।
(7) पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रोग्राम प्रबंधक, JSLPS, पलामू के कार्यालय में दिनांक 05.09.2022 को संध्या 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रोग्राम प्रबंधक, JSLPS, पलामू के कार्यालय से जाँच के फलस्वरूप दिनांक 10.09.2022 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जायेगा।
(8) आवेदन पत्र इस कार्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रोग्राम प्रबंधक, JSLPS, पलामू कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण निदेशालय के वेबसाईट- www.jharkjandsoil.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए निम्न पत्ते पर सर्म्पक किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः–कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, **BLOCK-C** के उपरी तल्ला **फोन नं0–06562–230223**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
डालटनगंज

PR 276396 (District)22-23*D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,लातेहार।

भर्ती कैम्प दिनांक : 27.08.2022

सूचना

जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक 27.08.2022 को जिला खेल स्टेडियम, लातेहार के सामने मैदान में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें Tata Motors Ltd, Sanand (Gujarat)के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत है :–

S. No.	Name of Company	Qualification	Gender	Designation	Stipend	No. of Vacancy	Age	Work Location	Others Benefits
1	2	3	5	6	7	8	9		10
1	Tata Motors Ltd, Sanand (Gujarat)	ITI Pass (Only 2 Years Trade Allowed)/ 12th Pass with 50% Marks	Male/ Female	Trainee	12850/ -P.M.	150	Age 18-23	Tata Motors Ltd, Sanand (Gujarat)	Canteen, Insurance Coverage, Study Materials, Uniform and Safety Shoes Rs.15000/- will be paid as scholarship at the end of every semester based on your marks & attendance

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र (Private Sector) की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, लातेहार।

PR 276373 Labour Employment and Traning(22-23)D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(समाज कल्याण)

विज्ञापन

बाल संरक्षण सेवाएँ (CPS) के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर चयन

बाल संरक्षण सेवाएँ (CPS) भारत सरकार के एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। बाल संरक्षण सेवाएँ के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

(1) जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

क्र0	पद का नाम	पदों की संख्या	उम्र	मासिक वेतन/ मानदेय	शैक्षणिक योग्यता	कार्यअनुभव
1.	संरक्षण पदाधिकारी –गैर संस्थानिक देखरेख Post Code – DCPU 03	01	30–45	21,000/–	सामाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	बाल कल्याण / बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम 3 (तीन) वर्ष का अनुभव।
2	विधि–सह–परिविक्षा पदाधिकारी Post Code – DCPU 04	01	30–45	21,000/–	समाजिक कार्य में स्नातकोत्तर/विधि में स्नातक की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	बाल कल्याण / बाल संरक्षण के क्षेत्र में कम से कम 3 (तीन) वर्ष का अनुभव।
3	सामाजिक कार्यकर्ता Post Code – DCPU 06	02 (01 अनुसूचित जनजाति/01 सामान्य)	30–45	14,000/–	समाजिक कार्य/मनोविज्ञान/समाज शास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एम0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0ए0/पी0जी0डी0बी0एम0/पी0जी0डी0आर0डी0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	बाल विकास एवं कॉउसिलिंग में कम से कम 2 (दो) वर्ष का अनुभव।
4	लेखापाल Post Code – DCPU 07	01	30–45	14,000/–	वाणिज्य में स्नातक। कम्प्यूटर में दक्षता/टैलीकाज्ञान। सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से एम0कॉम0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान/लोकउपक्रम/मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का लेखा कार्य का अनुभव।
5	आँकड़ा विश्लेषक Post Code – DCPU 08	01	30–45	14,000/–	समाजकार्य/समाज शास्त्र/एन्थोपोलॉजी में स्नातक। सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय संस्थान से एम0कॉम0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	संबंधित कार्य में कम से कम 2 (दो) वर्ष का अनुभव
6	सहायक–सह–डाटा इंन्ट्री ऑपरेटर Post Code – DCPU 09	01	21–35	10,000/–	किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अंग्रेजी–35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान/लोक उपक्रम/मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव
7	ऑउटरीच कार्यकर्ता DCPU 10	02 (01अनुसूचित जनजाति/01 सामान्य)	21–35	8,000/–	प्रवेशिका उत्तीर्ण।	संबंधित कार्य में कम से कम 2 (दो) वर्ष का अनुभव।

2. बाल कल्याण समिति (CWC-01)

8	सहायक–सह–डाटा इंन्ट्री ऑपरेटर	01	21–35	9,000/–	किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अंग्रेजी–35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान/लोक उपक्रम/मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव

3.किशोर न्याय बोर्ड (JJB-01)

9	सहायक–सह–डाटा इंन्ट्री ऑपरेटर	01	21–35	9,000/–	किसी भी संकाय में स्नातक। कम्प्यूटर दक्षता एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी में टंकण। हिन्दी–30 W.P.M अंग्रेजी–35 W.P.M सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0सी0ए0/एम0सी0ए0 अतिरिक्त योग्यता होगी।	सरकारी संस्थान/लोक उपक्रम/मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 3 (तीन) वर्ष का कम्प्यूटर कार्य/कार्यालय कार्य अनुभव

नियम एवं शर्तें :–

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग,झारखण्ड के अधिसूचना संख्या 05/म0बा0/ICPS–नियु0 नियमा0–575/2015–1835 दिनांक 20/07/2016 के आलोक में जिला स्तरीय संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्ते निम्नलिखित है:–

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक 14/स्थानीयता नीति–14 01/2015 का0 229/राँची, दिनांक 19/01/2022 के आलोक में प्रकाशित नियुक्ति विज्ञापन में झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी ही पात्र होगें।
2. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–15 नीति–नि0–07–05/2021 का0 3842/राँची, दिनांक10/08/2021 के आलोक में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक या 10वीं कक्षा तथा इंटरमीडिएट या 10+2 कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
   झारखण्ड राज्य की आरक्षण नीति से आच्छादित अभ्यर्थियों के मामले में झारखण्ड राज्य में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक या 10वीं कक्षा तथा इंटरमीडिएट या 10+2 कक्षा उत्तीर्ण होने संबंधी प्रावधान शिथिल रहेगा।
3. उल्लेखित सभी पदों पर नियुक्तियाँ पूर्णतया संविदा के आधार पर होगी। ऐसे नियुक्त व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार/विभाग का कोई दायित्व नहीं होगा।
4. प्रारंभिक चरण में ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जाएगी तथा इस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व पद विशेष पर नियुक्ति के लिए गठित नियुक्ति समिति के द्वारा उनके कार्यो की समीक्षा की जाएगी। तत्पश्चात कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा।
5. संविदा के आधार पर नियुक्ति के नियम में वर्णित प्रावधान के अनुरूप नवीकरण नहीं होने पर ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जाएगी।
6. अपूर्ण आवेदन तथा आवश्यक निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदकों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
7. आवेदकों द्वारा आवेदित पदों से संबंधित शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत उनके संबंध में चयन समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
8. उम्र सीमा की गणना 01.08.2022 के अनुसार की जाएगी।

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.09.2022 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. जिला स्तरीय पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से जिला समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा, प्रथम तल्ला, पाण्डेय गणपत राय भवन, समाहरणालय, जिला–लोहरदगा, पिन कोड– 835302 के पते पर भेजा जा सकता है।
3. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो उसे अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।

आवेदन करने का पताः– जिला समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा, प्रथम तल्ला, पाण्डेय गणपत राय भवन, समाहरणालय, लोहरदगा पिन नं0–835302

नोटः– आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा | विकास आयुक्त, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR 276417 Lohardaga (22-23)_D

सम्पादक की कलम से...

भष्टाचार का आयाम..

झारखंड में राजनीतिक भ्रष्टाचार आपराधिक आयाम ले चुका है। यही कारण है कि ईडी ने सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश, राजनीतिक परिवारों के सीए रहे जे जयपुरियार समेत अन्य लोगों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, मनरेगा व अवैध खनन मामले में मनी लाउंड्रिंग की कार्रवाई की आगे की कड़ी में ईडी ने रांची में आधा दर्जन से अधिक ठिकानों, सासाराम में प्रेम प्रकाश के रिश्तेदारों के दो ठिकानों, तमिलनाडु में मिड डे मील की सामग्रियों की सप्लाई से जुड़ी एक कंपनी व दिल्ली एनसीआर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रांची के हरमू स्थित प्रेम प्रकाश के किराये के मकान शैलोदय से दो एके-47, मैगजीन समेत 60 गोलियां मिली हैं। रांची पुलिस ने दावा किया है कि प्रेम प्रकाश के यहां से मिले दोनों एके-47 रांची पुलिस के हैं। हालांकि, पुलिस ने इस दावे को खारिज किया है कि प्रेम प्रकाश को सरकारी बॉडीगार्ड उपलब्ध कराये गये हैं। वहीं, संबंधित ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है। सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश के यहां से दो एके-47 व कारतूस बरामदगी के बाद राजनीति गरमा गयी है। रांची पुलिस के दो जवानों के हथियार बरामदगी के बाद यह अंदेशा जताया जा रहा है कि प्रेम प्रकाश को सीधे तौर पर बॉडीगार्ड तो नहीं मिले थे, लेकिन जवानों का कमान दूसरी जगह काटकर उन्हें प्रेम प्रकाश के साथ तैनात किया गया था। हालांकि, रांची पुलिस इस दावे को फिलहाल खारिज कर रही है। पूरे मामले में रांची पुलिस के अफसरों की भूमिका संदेहास्पद भी प्रतीत हो रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रत्येक बॉडीगार्ड या किसी बाहरी जगह पर तैनात पुलिसकर्मियों की समीक्षा पुलिस लाइन में होती है। पुलिस के सार्जेंट मेजर की यह जिम्मेदारी होती है कि वह पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की पूरी जानकारी रखें। हथियार बरामदगी के बाद पूरे मामले में एनआईए जांच की मांग विपक्ष के द्वारा की जा रही है। वहीं सांसद निशिकांत दूबे ने हथियार बरामदगी के मामले में चौंकाने वाला दावा किया है। दूबे ने कहा है कि प्रेम प्रकाश के जिस फ्लैट में हथियार मिले हैं, वह पिछले 25 दिनों से बंद था। सांसद दूबे ने दावा किया है कि एनआईए इस मामले में जांच करेगी तो पूरे महकमे में भूचाल आयेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि पुलिस यह बताये कि ये बॉडीगार्ड किसके नाम, कब और कहां के लिए निर्गत था? जिस स्थान पर पदस्थापित था वहां से पैदल आ रहा था या गाड़ी से? हथियार के साथ सिपाही मुख्य सड़क से घर जाते हैं या गली मुहल्ले घूमते हुए। पुलिस इन बाडीगार्डस/हथियार के ढ़ाई सालों के पदस्थापन/आवंटन का पूरा विवरण बताये। सब कुछ शीशे की तरह दिख जायेगा। निर्लज्जता की भी एक सीमा होती है। सुना गया है कि दलालों के सरगना प्रेम प्रकाश को बचाने के लिए पुलिस फिल्मी कहानी की पटकथा लिख रही है। बॉडीगार्ड्स के नाम एके-47, तैनाती किसी दूसरे के साथ, काम किसी तीसरे के साथ और मालखाना प्रेम प्रकाश का घर। ऐसे में सहज ही समझा जा सकता है कि राज्य में भ्रष्टाचार किस तरह अपनी पैठ जमा चुका है।

देश में उच्च शिक्षा व शोध की दिशा

> जैसे- आज की वैज्ञानिक प्रतिस्पर्धा वाली दुनिया में भारत के अनुसंधान एवं विकास की क्या स्थिति है? चीन व जापान जैसे देशों से भारत शोध कार्यों के मामले में पीछे क्यों है? शोध व विकास को लेकर भारत की प्रगति में वह कौनसी रुकावट है जो अनुसंधान का पहिया रोक रही है? गौरतलब है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में शुरू में ज्ञान के सृजन का हस्तांतरण भूमंडलीय सीख और भूमंडलीय हिस्सेदारी के आधार पर हुआ था। बाजारवाद के चलते शिक्षा मात्रात्मक रूप से तो बढ़ी और निजी संस्थाओं में भी विकसित होती गई, मगर गुणवत्ता के मामले में कमजोर पड़ती गई। यहीं से उच्च शिक्षा और उसमें निहित अनुसंधान की प्रगति का पहिया धीमा पड़ने लगा।

किसी भी देश का विकास वहां के लोगों के विकास से गहरा संबंध रखता है। कोई देश विकास के पथ पर तभी आगे बढ़ा है और बढ़ सकता है जब उसके पास उच्च शिक्षा के स्तर पर शोध और अनुसंधान के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों। प्रशासनिक चिंतक पीटर ड्रकर ने दशकों पहले कह दिया था कि आने वाले वक्त में ज्ञान का समाज दुनिया के किसी भी समाज से ज्यादा प्रतिस्पर्धात्मक बन जायेगा। किसी देश की समृद्धि का स्तर इस बात से आंका जायेगा कि वहां शिक्षा का स्तर कैसा है। बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अब दुनिया इस आकलन पर भी आकर अपना मंतव्य रखेगी कि अमुख देश का शोध और अनुसंधान किस स्तर का है। गौरतलब है कि शिक्षण, शोध एवं विस्तार कार्य इन तीनों उद्देश्यों की पूर्ति का माध्यम उच्च शिक्षा है, जबकि मानव जाति, संस्कृति और समाज का ज्ञान शोध से संचालित होता है। यूनेस्को के अनुसार ज्ञान के भंडार को बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से किये गये सृजनात्मक कार्य को ही शोध एवं विकास कहा जाता है। देखा जाए तो ज्ञान संचालित अर्थव्यवस्था और सीखने के समाज में उच्चत्तर शिक्षा अति महत्त्वपूर्ण है। जहां तक व्यावसायिक शिक्षा और पेशेवर प्रशिक्षण का सवाल है, बीते कुछ दशकों से इसकी मांग बढ़ी है। नई शिक्षा नीति 2020 भी ऐसी ही भावनाओं से ओत-प्रोत है। उच्च शिक्षा को लेकर जो सवाल उभरते हैं, उसमें एक यह कि क्या विश्व परिदृश्य में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच उच्चत्तर शिक्षा और ज्ञान के विभिन्न संस्थान स्थिति के अनुसार बदल रहे हैं? और दूसरा यह कि क्या शिक्षा का तकनीकी होने का बड़ा लाभ देश उठा पा रहा है? शोध और अनुसंधान को लेकर भी ऐसे ही सवाल मानस पटल पर उभरते रहे हैं। इसलिए कुछ ऐसे सवाल हैं जो भारत के संदर्भ में प्रासंगिक बने हुए हैं। जैसे- आज की वैज्ञानिक प्रतिस्पर्धा वाली दुनिया में भारत के अनुसंधान एवं विकास की क्या स्थिति है? चीन व जापान जैसे देशों से भारत शोध कार्यों के मामले में पीछे क्यों है? शोध व विकास को लेकर भारत की प्रगति में वह कौनसी रुकावट है जो अनुसंधान का पहिया रोक रही है? गौरतलब है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों में शुरू में ज्ञान के सृजन का हस्तांतरण भूमंडलीय सीख और भूमंडलीय हिस्सेदारी के आधार पर हुआ था। बाजारवाद के चलते शिक्षा मात्रात्मक रूप से तो बढ़ी और निजी संस्थाओं में भी विकसित होती गई, मगर गुणवत्ता के मामले में कमजोर पड़ती गई। यहीं से उच्च शिक्षा और उसमें निहित अनुसंधान की प्रगति का पहिया धीमा पड़ने लगा। इसमें संदेह नहीं कि अनुसंधान व विकास के क्षेत्र में भारत के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं। पड़ताल बताती है कि लगभग पांच दशक पहले पचास फीसद से अधिक वैज्ञानिक अनुसंधान विश्वविद्यालयों में ही होते थे। साथ ही युवाओं का शोध में कम तथा अन्य क्षेत्रों में जुड़ाव का अधिक होना भी है। महिलाओं के मामले में यह कहना अतार्किक नहीं होगा कि उच्च शिक्षा तक पहुंच ही उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में उपलब्धियों को छोड़ दें, तो शोध और अनुसंधान के मामले में वैश्विक पटल पर भारत की स्थिति मजबूत नहीं दिखती। मौजूदा समय में देश में उच्च शिक्षा ग्रहण करने वालों की संख्या सभी प्रारूपों में चार करोड़ से अधिक है। सभी प्रकार के विश्वविद्यालयों की संख्या भी हजार से अधिक है। चालीस हजार से ज्यादा महाविद्यालय हैं। इसके अलावा कई सरकारी और निजी शोध संस्थाएं भी देखी जा सकती हैं। यह बात जितनी शीघ्रता से समझ ली जायेगी कि शोध एक समुचित, सुनिश्चित और आकलन व प्राक्कलन से भरा विकास का एक ऐसा वैज्ञानिक रास्ता सुझाता है, जिससे देश के समावेशी ढांचे को न केवल मजबूत करना संभव है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का फलक भी इसी से हासिल किया जा सकता है। किसी भी देश का विकास वहां के लोगों के विकास से गहरा संबंध रखता है। कोई देश विकास के पथ पर तभी आगे बढ़ा है और बढ़ सकता है जब उसके पास उच्च शिक्षा के स्तर पर शोध और अनुसंधान के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों शोध और नवाचार के मामले में भारत अपने कुल सकल घरेलू उत्पाद का महज 0.7 फीसद ही खर्च करता है, जबकि अमेरिका 2.8 फीसद और चीन 2.1 फीसद के साथ तुलनात्मक बढ़त लिए हुए है। इतना ही नहीं इजराइल और दक्षिण कोरिया जैसे देश शोध संबंदी क्रियाकलापों पर कुल जीडीपी का चार फीसद से अधिक खर्च करते हैं।

■ **सुशील कुमार सिंह**

नौकर देवता के दिव्य दर्शन

आज बड़े साहब का नौकर नहीं आया था। शहर में नौकर की किल्लत जानवरों के बीच इंसानों को ढूँढ़ने जैसी हो गई है। अपनी हेकड़ी दिखाकर, नौकरी छोड़ देने की धमकी देने और पगार से पहले एडवांस खाकर गायब रहने वाले नौकर न दिखाई देने वाले भगवान की तरह होते हैं। जो नाम तो भजवा लेते हैं, लेकिन ऐन दर्शन देने की बारी आने पर पलटी मार जाते हैं। पहले मकान की तलाश पानी की उपलब्धता, अस्पताल और हरियाली देखकर की जाती थी, अब नौकर की उपलब्धता देखकर की जाती है। बड़े साहब के घरवाले एक पल के लिए सांस लिये बिना जी सकते हैं, लेकिन नौकर के बिना कतई नहीं। उनके घर में नौकर की कीमत का पता इसी बात से लगाया जा सकता है कि बड़े साहब की पत्नी आये दिन साहब और बच्चों को भला-बुरा सुना देती हैं, लेकिन अपने नौकर को कभी एक शब्द नहीं कहतीं। यह उनका नौकर के प्रति प्यार नहीं डर था। साहब घबराये हुए कभी हाथ की तो कभी दीवार की घड़ी देखते। गेट के आस-पास आभासी रेड कार्पेट बिछाए उसकी राह जोहते। साहब के दस्तखत के बिना गरीबों को अनाज वाली फाइल पिछले कुछ दिनों से मेज पर दम तोड़ रही थी, और इधर नौकर के बिना साहब। नौकर एक विशिष्ट प्राणी होता है। वह अपनी जीर्ण कुटिया में रहते हुए साहबों की बड़ी-बड़ी अट्टालिकाएँ हिलाने का माद्दा रखता है। ये खाते सब कुछ हैं, लेकिन अंग पर छटाक भर का मांस नहीं टिकता। टिके भी कैसे? टिकने के लिए तनावमुक्त रहना रहना पड़ता है और ये है कि साहबों को तनाव देने के लिए खुद तनाव में रहते हैं। नौकरों की ताकत का पता इसी बात से चल जाता है कि आजादी के बाद देश का जितना नुकसान नेताओं से नहीं हुआ उतना तो नौकरशाहों से हुआ है। नौकर नौकर न हुए अपने मर्जी के मालिक हो गये। पहले परिस्थितियाँ नौकरों को पैदा करत थीं। अब नौकर परिस्थितियों को पैदा करते हैं। वे हैं तो बड़े लोगों का उठना-बैठना है या फिर चलना-फिरना। खान-पान तनिको न भाय, नौकर बिन कुछ न सुहाय। किसी जन्म के पुण्य रहे होंगे कि फाटक के पास नौकर देवता के दर्शन हो गये। वाश बैसिन में पड़े बर्तन जो थोड़ी देर मुँह फुलाये बैठे थे उसके आने की खबर मात्र से चहक उठे। पोंछा लगाने वाला पोंछूभाई फिनायल भाभी के साथ खुशी के मारे सुरताल कर रहा था। आज नौकर न आता तो घर में बर्तनों का वाश बैसिन से और पोंछूभाई का फिनायल भाभी के साथ जरूर तलाक हो जाता। तब इन दो छुट्टम-छुटाई के साथ साहब और मेमसाहब का तीसरा केस भी कोर्ट कचहरी में अपनी जान की दुहाई माँगता। वह तो भला हो उन नौकर देवताओं का जो समय से पहुँचकर कइयों के घर टूटने से बचाते हैं। नौकर नौकर न हुए घर को जोड़कर रखने वाले एमसील हो गये।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

'आजाद कश्मीर' पर पाकिस्तान का नया ड्रामा

कश्मीर के सवाल पर भारत व पाकिस्तान, दोनों देशों में काफी गहमागहमी चल रही है। भारत ने अपने जम्मू-कश्मीर में कई नये कदम उठाये हैं तो उधर पाकिस्तान भी उसके तथाकथित 'आजाद कश्मीर' को अपना पांचवां प्रांत घोषित करने की सोच रहा है। अभी तक पाकिस्तान ने हमारे कश्मीर के जिस हिस्से को कब्जा लिया था, उसे स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दे रखा था। उसकी सरकार के मुखिया को 'प्रधानमंत्री' कहा जाता है। ऐसे कई 'प्रधानमंत्रियों' से पाकिस्तान में मेरी मुलाकातें हो चुकी हैं। उनमें से कुछ ने मुझसे यह भी कहा कि हमारी हैसियत नगरपालिका के अध्यक्ष जैसी भी नहीं है। तथाकथित 'आजाद कश्मीर' को पाकिस्तान का पांचवां प्रांत घोषित करने का विरोध जमीयत-ए-उलेमा-ए-इस्लाम के नेता फजलुर रहमान ने खुले-आम कर दिया है। वैसे पाकिस्तान के कई कश्मीरी नेताओं ने व्यक्तिगत बातचीत में मुझसे कई बार कहा है कि हम लोग कश्मीरी हैं, हम आजाद रहना चाहते हैं। हम पाकिस्तान का हिस्सा बनकर पंजाबियों की गुलामी क्यों करेंगे? **बेनजीर का प्लान :** पाकिस्तान की प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने एक 'ऑफ द रेकॉर्ड' बातचीत में मुझसे कहा था कि हम कश्मीर को आजाद मुल्क नहीं बनाना चाहते। आप अपना कश्मीर हमारे हवाले कर दें तो हम उसे अपना नया प्रांत बना लेंगे। यही बात उन्होंने एक ब्रिटिश पत्रकार को दूसरे दिन कही। उसने उसे सार्वजनिक कर दिया। हमारे नीति-निर्माताओं के सोचने लायक महत्वपूर्ण सवाल यही है कि पाकिस्तान में तथाकथित 'आजाद कश्मीर' के भविष्य के बारे में आज इतने सवाल क्यों उठ रहे हैं। जवाब मुश्किल नहीं है। हमारे कश्मीर के पूर्ण विलय की प्रक्रिया को देखकर अब पाकिस्तान की फौज और नेताओं के होश ठंडे पड़ गये हैं। उन्हें लग रहा है कि उनकी लाख कोशिशों के बावजूद अब वे कश्मीर को भारत से छीन नहीं सकते। -यदि कश्मीर का विशेष दर्जा भारत ने खत्म कर दिया है तो पाकिस्तान ने अपने कश्मीर में आजादी का जो ढोंग रचा रखा था, वह भी अर्थहीन हो गया है। पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त से हुई एक औपचारिक भेंट में कश्मीर की समस्या के शांतिपूर्ण समाधान की मांग की है। लेकिन उन्हीं की सरकार के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद में कश्मीर के सवाल को जिस आक्रामक ढंग से उठाया है, उससे साफ जाहिर होता है कि अभी भी पाकिस्तान को पता नहीं चला है कि कश्मीर का मसला कैसे हल करना है। जहां तक भारत का सवाल है, भारत ने किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर या देश में भी इस सवाल को कभी जमकर नहीं उठाया है कि पाकिस्तान का कब्जाया हुआ कश्मीर भारत को वापस कब और कैसे मिलेगा? इससे क्या सिद्ध होता है? क्या यह नहीं कि यदि पाकिस्तान 'आजाद कश्मीर' को अपना पांचवां प्रांत बना लेगा तो भारत औपचारिक विरोध करके चुप हो जायेगा? सर्वश्रेष्ठ तरीका तो यह है कि दोनों कश्मीर एक किये जाएं और जो दोनों देशों के बीच गहरी खाई बने हुए हैं, वे एक शानदार सेतु बन जाएं। भारत ने इधर पिछले तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर का काया-पलट कर दिया है। सबसे पहले उसने धारा 370 और 35 ए को खत्म करके जम्मू-कश्मीर को केंद्र-प्रशासित प्रदेश बनाया। दूसरा, उसने चुनाव-क्षेत्रों का फिर से निर्धारण कर दिया है, जिसके कारण जम्मू की विधानसभा सीटें बढ़ गईं हैं। तीसरा काम चुनाव आयोग करने जा रहा है, जिसने कश्मीरी नेताओं की नींद हराम कर दी है। वह यह कि कश्मीर में बसे गैर-कश्मीरियों को मतदान का अधिकार दे दिया जायेगा। कश्मीर के 75 लाख मतदाताओं में अब लगभग 25 लाख ये नये मतदाता जुड़ जायेंगे। चुनाव आयोग के इस कदम का लगभग सभी कश्मीरी नेता और पार्टियां एकजुट होकर विरोध कर रहे हैं। उनका विरोध स्वाभाविक है। यदि जम्मू की सीटें बढ़ जाएं और 25 लाख गैर-कश्मीरी मतदाता भी उनके साथ जुड़ जाएं तो जम्मू-कश्मीर की मुस्लिम-बहुल पार्टियों का हश्र क्या होगा? जो परिवार पिछले कई दशकों से कश्मीर के सिंहासन पर सवार थे, अब उनके बिना भी कश्मीर में सरकारें चल सकेंगी। लेकिन कश्मीर के नेता यदि ठंडे दिमाग से सोचें तो उनकी परेशानी अपने आप दूर हो सकती है। बस कुछ सवालों पर पूर्वाग्रह छोड़कर विचार करना होगाः यदि कोई भी कश्मीरी भारत के किसी भी हिस्से में रहकर वोट डाल सकता है तो कश्मीर में रहकर कोई भी भारतीय वोट क्यों नहीं डाल सकता? जैसे भारत के अन्य प्रांत, वैसे ही कश्मीर भी! यदि कश्मीरी नागरिक भारत का गृहमंत्री, राज्यपाल, सांसद, राजदूत, भारत-सरकार का सचिव आदि बन सकता है तो यही अधिकार किसी भी गैर-कश्मीरी नागरिक को कश्मीर में क्यों नहीं दिया जाना चाहिए?

■ **वेदप्रताप वैदिक**

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

उसी प्रकार वरूण की शक्ति वारूणी तथा कुबेरकी मदोन्मत्त शक्ति कौबेरी भी समरभूमिमं पहुंच गयी। इसी तरह अन्य देवताओं की शक्तियां भी उन्हीं देवोंके रूप धारणकर अपनी-अपनी सेनाओंके साथ रणभूमिमें उपस्थित हुई। उन शक्तियोंको वहां उपस्थित देखकर भगवती अम्बिका बहुत हर्षित हुईं। इससे देवता निश्चिन्त तथा प्रसन्न हो गये और दैत्य भयभीत हो उठे।।25-27।।

लोककल्याणकारी शिवजी भी उन शक्तियोंके साथ वहां संग्राममें भगवती चण्डिकाके पास आकर उनसे कहने लगे- देवताओंकी कार्यसिद्धके लिये आप शुम्भ-निशुम्भ तथा अन्य जो भी दानव उपस्थित हैं, उन सबका वध कर दीजिये। साथ ही सारी असुर-सेनाका संहार करके और इस प्रकार संसारको भयमुक्त करके ये समस्त शक्तियां अपने-अपने स्थानोंको चली जायं।[आप यह कार्य सम्पन्न करें जिससे] देवता यज्ञभाग पाने लगें, ब्रह्मण [निर्भय होकर] यज्ञ आदि करनेमें तत्पर हो जायं, सभी स्थावर-जंगम प्राणी सन्तुष्ट हो जायं, सब प्रकारके उपद्रव और अकाल आदि आपदायं समाप्त हो जायं, मेघ समयपर वृष्टि करें और कृषि लोगोंके लिये अधिक फलदायिनी हो।।28-32।।

व्यासजी बोले- लोकका कल्याण करनेवाले देवेश्वर शिवके ऐसा कहनेपर भगवती चण्डिकाके शरीरसे एक अद्भुत शक्ति प्रकट हुई। वह शक्ति अत्यन्त भंयकर तथा प्रचण्ड थी, वह सैकड़ों सियारिनोंके समवेत स्वरके समान ध्वनि कर रही थी और उसका रूप बहुत भयानक था। मन्द-मन्द मुसकानयुक्त मुखमण्डलवाली उस शक्तिने पंचमुख शिवजीसे कहा-हे देवदेव! आप दैत्यराज शुम्भके पास शीघ्र जाइये। हे कामुरिपु! इस समय आप मेरे दूतका काम कीजिये। हे शंकर! कामपीड़ित शुम्भ तथा मदोन्मत्त निशुम्भसे मेरे शब्दोंमें कह दीजिये-'तुम सब तत्काल स्वर्ग त्यागकर पाताललोक चले जाओ, जिससे देवगण सुखपूर्वक स्वर्गमें प्रविष्ट हो सकें और इन्द्रको स्वर्गलोक तथा अपना उत्तम इन्द्रासन पुनः प्राप्त हो जायं; साथ ही सभी देवताओंको उनके यज्ञभाग पुनः मिलने लगें। यदि जीवित रहनेकी तुमलोगोंकी बलवती इच्छा हो तो तुमलोग बहुत शीघ्र पाताललोक चले जाओ, जहां दानवलोग रहते हैं। अथवा अपने बलका आश्रय लेकर यदि तुम सब युद्धकी इच्छा रखते हो, तो मरनेके लिये आ जाओ, जिसमे मेरी सियारिने तुमलोगोंके कच्चे मांससे तृप्त हो जायं।। 33-39।।

व्यासजी बोले-चण्डिकाका यह वचन सुनकर शिव अपनी सभामें बैठ हुए दैत्यराज शुम्भके पास शीघ्र जाकर उससे कहने लगे।।40।।

शिवजी बोले-हे राजन्! मैं त्रिपुरासुरका संहार करनेवाला महादेव हूं। अम्बिकाका दूत बनकर मैं इस समय तुम्हारा सम्पूर्ण हित करनेके लिये यहां तुम्हारे पास आया हूं।[देवीने कहलाया है कि] तुमलोग स्वर्ग तथा भूलोक त्यागकर शीघ्र पाताललोक चले जाओ, जहां प्रह्लाद तथा बलवानोंमें श्रेष्ठ राजा बलि रहते हैं। अथवा मरनेकी ही इच्छा हो तो तुरंत सामने आ जाओ; मैं तुम सबको संग्राममें शीघ्र ही मार डालूंगी। तुमलोगोंके कल्याणके लिये महारानी अम्बिकाने ऐसा कहा है।।41-44।।

- क्रमशः

आज का इतिहास

2013 : सीरिया के इदलिब में बम धमाकों में 24 लोगों की मौत।
1759 : लंदन स्थित मोंटेगुवे हाउस में ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।
1784 : एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना।
1934 : बिहार में जबरदस्त भूकंप से करीब 20 हजार लोगों की मौत।
1949 : के एम करियप्पा भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने। तब से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
1965 : भारतीय खाद्य निगम की स्थापना।
1975 : पुर्तगाल ने अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1986 : थल सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ के एम करियप्पा (सेवानिवृत्त) को फील्ड मार्शल की पदवी दी गई।
1988 : भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुये वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए।
1992 : बुल्गारिया ने बाल्कन के देश मैसिडोनिया को मान्यता दी।
2013 : सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी में रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत तथा 150 लोग घायल।
2016 : पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत तथा 56 घायल।
1848 : कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंजेल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र प्रकाशित किया।
1878 : अमेरिका के कनेक्टिकट में पहली टेलीफोन डायरेक्टरी जारी की गयी।
1896 : महान कवि एवं लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का जन्म।
1948 : स्वतंत्र भारत के संविधान का ड्राफ्ट संविधान सभा के अध्यक्ष को पेश किया गया।
1952 : पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बंगलादेश) स्थित ढाका विश्वविद्यालय में बंगाली भाषा को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने के लिए प्रदर्शन किया गया।

संपादक के नाम पाठकों की पाती

फुटपाथ की दुकानें स्थायी हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

■ **अजय कुमार मेदिनीनगर।**

कम से कम हम तो नहीं पैदा करें पहाड़ो में आपदायें

न्यूज चैनलों या सोशल मीडिया में पिछले दो-तीन साल से हिमालयी पहाड़ी राज्यों से खौफनाक वीडियो आते ही रहते हैं। राजमार्गों पर गिरते-झड़ते पहाड़, जान बचाकर भागते लोग, टूटकर बहते घर इत्यादि के वीडियो आते ही रहते हैं। 20 अगस्त 2022 को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों में हुई भारी बरसात व भूस्खलन में 15 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। अनेक लोग घायल व लापता भी हुए हैं। पिछले एक दशक में भूस्खलनों के दौरान भारी मलबा, भारी शिलाखंड के वाहनों पर, श्रमिक शिविरों पर, आवासीय भवनों अस्पतालों, स्कूलों पर गिरने की घटनाओं से कई लोगों की मौत हुई है। जलवायु बदलाव प्रेरित अतिरेकी घटनाएं व अभी भी स्थिरता खोजती कम उम्र हिमालय की भूवैज्ञानिक प्रकृति निस्संदेह रह-रहकर आते घातक भूस्खलनों का कारण है। इसके साथ ही, जनसंख्या और आर्थिक गतिविधियों का दबाव भी बढ़ा है। क्षेत्रीय भूविज्ञान जटिलताओं, कमजोरियों को समझे बिना पहाड़ों पर काम हो रहे हैं। परिवेश की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में भी तमाम तरह की गतिविधियां थोपी जा रही हैं। इन्हीं वजहों से भूस्खलनों की संख्या बढ़ी है। सियासी दबावों के कारण ही जहां सड़क या भवन नहीं बनाये जाने चाहिए, वहां बना दिये जाते हैं। ऐसे में, यदि भूगर्भीय संरचनाओं की अवहेलना के साथ ही क्षेत्रीय जल विज्ञान को न समझा गया, पानी के आने व जाने के रास्तों पर ध्यान न दिया गया, तो भूस्खलन का खतरा और बढ़ेगा। जिस गति से खेत व मकान बनाये जा रहे हैं, उससे भी खतरा बढ़ा है। यदि हरित आवरण में कमी हो, तो सतही बहाव का पानी भूक्षरण करता ही है। पहाड़ों में भीतर ही भीतर पानी का बहाव व रिसाव दरारों चौड़ा व गहरा कर देता है। निर्माण कार्यों में भी अक्सर दरारें देखी जा रही हैं। भूस्खलनों में गुरुत्व बल से चट्टानें, मिट्टी, मलबा अपनी जगह छोड़ देते हैं। पहाड़ों में अब ज्यादातर निर्माण भूस्खलनों को बढ़ावा देने लगे हैं। पहाड़ों को स्थिर होने के लिए भी समय नहीं दिया जा रहा है। जमीनी स्तर पर निरंतर निर्माण व बदलाव का क्रम जारी है। मौसम में बदलाव के कारण कभी भी बारिश या भारी बारिश की आशंका बनी रहती है और कभी तेज धूप चुभने लगती है। लगातार बारिश, तेज बारिश और तेज धूप से भूस्खलन बढ़ता है। समय की कमी के कारण बड़े शिलाखंडों को हटाने के लिए बारूदी विस्फोट का सहारा लिया जाता है। पहाड़ दरक जाते हैं। पहाड़ी दरारों में पानी, बर्फ के जमने या पिघलने से भी पहाड़ कमजोर होते हैं। पहाड़ों का आधार टूटता है। घर बनाने का काम हो या समतलीकरण का काम, पहाड़ों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। भले ही किसी को लगे कि वह वह छोटे स्तर पर बदलाव कर रहा है, लेकिन वास्तव में एक छोटा बदलाव भी बड़े खतरे का कारण बन सकता है। भूमि कटाव रोकने के लिए मजबूत दीवारें बनाने का प्रावधान है, पर पैसा बचाने के लिए निजी या सरकारी स्तर पर सुरक्षा से समझौता किया जाता है। जलविद्युत परियोजना, जलाशय परिधि क्षेत्रों में भूकटाव, भूधसाव व भूस्खलन बढ़ जाते हैं। जलाशय परिधियों में भूमिगत जलभराव भी कालान्तर में भूस्खलन लाते हैं। रेल व सड़क परिवहन परियोजनाओं के लिए सुरंगों के प्रति बढ़ता रूझान भी पहाड़ों में भूस्खलनों के नये क्षेत्र बना रहा है। सुरंगों के लिए तो अनिवार्य रूप से निरंतर विस्फोट किया ही जाता है। अब पहाड़ी भूस्खलन केवल बारिश तक सीमित नहीं हैं। कभी भी हो सकते हैं। पहाड़ों में बेमौसम बरसातें व आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। वनाग्नियों के बाद की बरसात में भूस्खलन के मामले बढ़ जाते हैं। भूस्खलन ग्रस्त मार्गों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। रास्तों के नीचे की जमीन और पहाड़ की नियमित जांच होती रहनी चाहिए। यदि पहाड़ों से मलबा हटाया गया और स्थानीय उपचार पर ध्यान न दिया गया, तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पहाड़ों को प्यार चाहिए। पहाड़ों पर रहने का मतलब यह नहीं कि पहाड़ों का अहित किया जाए। पहाड़ों का अहित किया जायेगा, तो पहाड़ हमें किसी भी मौसम में चैन की सांस नहीं लेने देंगे। प्रकृति जो हमले कर रही है, उसका हम कुछ खास उपचार नहीं कर सकते, पर हम जो हमले कर रहे हैं, उसकी रोकथाम तत्काल संभव है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ **वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर** : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय** : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

आत्मा को ज्योतिर्मय करने का महापर्व है पयुर्षण पर्व

पयुर्षण पर्व जैन समाज का आठ दिनों का एक ऐसा महापर्व है जिसे खुली आंखों से देखते ही नहीं, जागते मन से जीते हैं। यह ऐसा मौसम है जो माहौल ही नहीं, मन को पवित्रता में भी बदल देता है। आधि, व्याधि, उपाधि की चिकित्सा कर समाधि तक पहुंचा देता है, जो प्रतिवर्ष सारी दुनिया में मनाया जाता है। जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में इस पर्व का अपना अपूर्व महत्व है। इसको पर्व ही नहीं, महापर्व माना जाता है। क्योंकि यह पर्व आध्यात्मिक पर्व है, और एकमात्र आत्मशुद्धि का प्रेरक पर्व है। इसीलिए यह पर्व ही नहीं, महापर्व है। जैन लोगों का सर्वमान्य विशिष्टतम पर्व है। चारों ओर से इन्द्रिय विषयों एवं कषाय से सिमटकर, स्वभाव में, आत्मा में निवास करना, ठहरना, रहना ही पर्युषण का वास्तविक अर्थ और उद्देश्य है। जिसका भावार्थ एवं फलितार्थ होता है-कषायादि का उपशमन, इन्द्रियों का संयम, विभावों से हटकर स्वभाव में रमण, भूलों का सिंहावलोकन, शुभ संकल्पों का आभास, मैत्री भाव का विकास एवं नव वर्ष के लिए नवीन योजनाओं का सृजन आदि-आदि।

पर्युषण पर्व अंर्तआत्मा की आराधना का पर्व है- आत्मशोधन का पर्व है, निद्रा त्यागने का पर्व है। सचमुच में पर्युषण पर्व एक ऐसा सवेरा है जो निद्रा से उठाकर जागृत अवस्था में ले जाता है। अज्ञानरूपी अंधकार से ज्ञानरूपी प्रकाश की ओर ले जाता है।

पयुर्षण पर्व जैन समाज का आठ दिनों का एक ऐसा महापर्व है जिसे खुली आंखों से देखते ही नहीं, जागते मन से जीते हैं। यह ऐसा मौसम है जो माहौल ही नहीं, मन को पवित्रता में भी बदल देता है। आधि, व्याधि, उपाधि की चिकित्सा कर समाधि तक पहुंचा देता है, जो प्रतिवर्ष सारी दुनिया में मनाया जाता है। जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में इस पर्व का अपना अपूर्व महत्व है। इसको पर्व ही नहीं, महापर्व माना जाता है। क्योंकि यह पर्व आध्यात्मिक पर्व है, और एकमात्र आत्मशुद्धि का प्रेरक पर्व है। इसीलिए यह पर्व ही नहीं, महापर्व है। जैन लोगों का सर्वमान्य विशिष्टतम पर्व है। चारों ओर से इन्द्रिय विषयों एवं कषाय से सिमटकर, स्वभाव में, आत्मा में निवास करना, ठहरना, रहना ही पर्युषण का वास्तविक अर्थ और उद्देश्य है। जिसका भावार्थ एवं फलितार्थ होता है-कषायादि का उपशमन, इन्द्रियों का संयम, विभावों से हटकर स्वभाव में रमण, भूलों का सिंहावलोकन, शुभ संकल्पों का आभास, मैत्री भाव का विकास एवं नव वर्ष के लिए नवीन योजनाओं का सृजन आदि-आदि।

पर्युषण पर्व- जप, तप, साधना, आराधना, उपासना, अनुप्रेक्षा आदि अनेक प्रकार के अनुष्ठानों का अवसर है। यह महापर्व आत्मिक उज्ज्वलता का पर्व है। आत्मावलोकन का दिन है, भीतर में झांकने का समय है। प्राणी के अनंत जन्म बाहर ही बाहर देखने में व्यतीत हो जाते हैं। वह नहीं जानता कि भीतर में क्या है? पर्युषण पर्व भीतर की ओर मुड़कर देखने की बात सिखाता है। बाहर देखने वाला किनारे पर रह जाता है। परंतु गहराई में डुबकी लगाने वाला अमूल्य रत्नों को पाता है। मनुष्य का मन तब तक हल्का-भारहीन नहीं बन सकता, जब तक वह अंतर की गहराई में पहुंचकर भारमुक्त नहीं हो जाता। भार-मुक्तता उपदेश सुन लेने मात्र से प्राप्त नहीं हो सकती। वह प्राप्त हो सकती है-निःशल्य भाव से अथवा आराधना-विराधना के शास्त्रीय ज्ञान से। इस हेतु प्रतिक्रमण करना आवश्यक होता है। प्रतिक्रमण का अर्थ है-प्रमाद के कारण जो गलतियों हुई और उससे चेतना पर जो व्रण या घाव हो गये हैं, उनकी दैनिक, पाक्षिक एवं सांवत्सरिक अवसर पर चिकित्सा कर घाव को भर देना। प्रतिक्रमण के द्वारा भूलों के कारणों की खोज की जा सकती है, तथा उनका निवारण भी किया जा सकता है। प्रति का अर्थ है-वापिस, और क्रमण का अर्थ है-लौटना। वापिस अपने आप में लौट आना। जैसे-असत्य से सत्य की ओर आना, अशुभ से शुभ की ओर आना, प्रमाद से अप्रमाद की ओर आना, वैर से मैत्री की ओर कदम बढ़ाना। आज का मनुष्य जो इतना अशांत है, उसका मूल कारण आत्मावलोकन का अभाव है। हर कोई दूसरे को तो दोषी ठहरा रहा है, लेकिन अपनी भूल को स्वीकार करने में किंचित मात्र भी पहल नहीं कर पा रहा है।

प्रतिक्रमण द्वारा अपनी जान या अनजान में हुई गलतियों का चिंतनपूर्वक निराकरण किया जा सकता है। प्रतिक्रमण करने का प्रमुख उद्देश्य है-भूलों का संशोधन। प्रतिक्रमण का फलित है-अतीत का प्रतिक्रमण, वर्तमान को सामायिक एवं आगामी काल के लिए प्रत्याख्यान। प्रतिक्रमण का प्रयोग-भूत, भविष्य एवं वर्तमान इन तीनों कालों की शुद्धि का आध्यात्मिक प्रयोग है। आत्मा ही दुःख-सुख की करने वाली और उनका क्षय करने वाली है। सत्प्रवृत्ति में प्रवृत्त आत्मा ही मित्र है और दुष्प्रवृत्ति में प्रवृत्त आत्मा ही अपनी शत्रु है। अतः किसी को मित्रा बनाना है, उसका रहस्य भी अंतर में खोजें और शत्रुओं को मिटाना है तो उसका राज भी अंतर में ही मिलेगा। वस्तुतः ही पर्युषण भीतर की सफाई का अमोघ उपाय है। संपूर्ण जैन समाज इस पर्व के अवसर पर जागृत एवं साधनारत हो जाता है। दिगंबर परंपरा में इसकी ''दशलक्षण पर्व'' के रूप में पहचान है। उनमें इसका प्रारंभिक दिन भाद्रव शुक्ला पंचमी और संपन्नता का दिन चतुर्दशी है। दूसरी तरफ श्वेतांबर जैन परंपरा में भाद्रव शुक्ला पंचमी का दिन समाधि का दिन होता है। जिसे संवत्सरी के रूप में पूर्ण त्याग-प्रत्याख्यान, उपवास, पौषध सामायिक, स्वाध्याय और संयम से मनाया जाता है। वर्ष भर में कभी समय नहीं निकाल पाने वाले लोग भी इस दिन जागृत हो जाते हैं। कभी उपवास नहीं करने वाले भी इस दिन धमार्नुष्ठानपूर्वक उपवास करते नजर आते हैं। पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है-आत्मा में अवस्थित होना। पर्युषण शब्द परि उपसर्ग व वस् धातु इसमें अन प्रत्यय लगने से पर्युषण शब्द बनता है। पर्युषण का एक अर्थ है-कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अतः यह पर्युषण-पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। पर्युषण महापर्व आध्यात्मिक पर्व है, इसका जो केन्द्रीय तत्त्व है, वह है-आत्मा। आत्मा के निरामय, ज्योतिर्मय स्वरूप को प्रकट करने में पर्युषण महापर्व अहं भूमिका निभाता रहता है। अध्यात्म यानि आत्मा की सन्निकटता। यह पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है, यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है। यह कषाय शमन का पर्व है। यह पर्व 8 दिन तक मनाया जाता है जिसमें किसी के भीतर में ताप, उत्ताप पैदा हो गया हो, किसी के प्रति द्वेष की भावना पैदा हो गई हो तो उसको शांत करने का उपक्रम इस दौरान किया जाता है। धर्म के 10 द्वार बताए हैं उसमें पहला द्वार है-क्षमा। क्षमा यानि समता। क्षमा जीवन के लिए बहुत जरूरी है जब तक जीवन में क्षमा नहीं तब तक व्यक्ति अध्यात्म के पथ पर नहीं बढ़ सकता।

इस पर्व में सभी अपने को अधिक से अधिक शुद्ध एवं पवित्र करने का प्रयास करते है। प्रेम, क्षमा और सच्ची मैत्री के व्यवहार का संकल्प लिया जाता है। खान-पान की शुद्धि एवं आचार-व्यवहार की शालीनता को जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाये रखने के लिये मन को मजबूत किया जाता है। मानवीय एकता, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, मैत्री, शोषणविहीन सामाजिकता, अंतर्राष्ट्रीय नैतिक मूल्यों की स्थापना, अहिंसक जीवनशैली का समर्थन आदि तत्त्व पर्युषण महापर्व के मुख्य आधार हैं। ये तत्त्व जन-जन के जीवन का अंग बन सके, इस दृष्टि से पर्युषण महापर्व को जन-जन का पर्व बनाने के प्रयासों की अपेक्षा है।

मनुष्य धार्मिक कहलाए या नहीं, आत्म-परमात्मा में विश्वास करे या नहीं, पूर्वजन्म और पुनर्जन्म को माने या नहीं, अपनी किसी भी समस्या के समाधान में जहाँ तक संभव हो, अहिंसा का सहारा ले- यही पयुर्षण की साधना का हार्द है। हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। हिंसा से समाधान चाहने वालों ने समस्या को अधिक उकसाया है। इस तथ्य को सामने रखकर जैन समाज ही नहीं आम-जन भी अहिंसा की शक्ति के प्रति आस्थावान बने और गहरी आस्था के साथ उसका प्रयोग भी करे। नैतिकताविहीन धर्म, चरित्रविहीन उपासना और वर्तमान जीवन की शुद्धि बिना परलोक सुधार की कल्पना एक प्रकार की विडंबना है। धार्मिक वही हो सकता है, जो नैतिक है। उपासना का अधिकार उसी को मिलना चाहिए, जो चरित्रवान है। परलोक सुधारने की भूलभुलैया में प्रवेश करने से पहले इस जीवन की शुद्धि पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। धर्म की दिशा में प्रस्थान करने के लिए यही रास्ता निरापद है और यही पर्युषण महापर्व की सार्थकता का आधार है।

पर्युषण महापर्व का अन्तिम चरण- क्षमावाणी या क्षमायाचना है, जो मैत्री दिवस के रूप में आयोजित होता है। इस तरह से पर्युषण महापर्व एवं क्षमापना दिवस- यह एक इंसान को दूसरे के निकट लाने का पर्व है। इंसान इंसान के बीच की दूरियों को समाप्त कर एक दूसरे को अपने ही समान समझने का पर्व है। गीता में भी कहा है ''आत्मौपम्येन सर्वत्रः, समे पश्यति योर्जुन'' श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-हे अर्जुन ! प्राणीमात्र को अपने तुल्य समझो। भगवान महावीर ने कहा- "मित्ती में सव्व भूएसु, वेरंमज्झण केणइ" सभी प्राणियों के साथ मेरी मैत्री है, किसी के साथ वैर नहीं है।

पर्युषण पर्व अंर्तआत्मा की आराधना का पर्व है- आत्मशोधन का पर्व है, निद्रा त्यागने का पर्व है। सचमुच में पर्युषण पर्व एक ऐसा सवेरा है जो निद्रा से उठाकर जागृत अवस्था में ले जाता है। अज्ञानरूपी अंधकार से ज्ञानरूपी प्रकाश की ओर ले जाता है। तो जरूरी है प्रमादरूपी नींद को हटाकर इन आठ दिनों में विशेष तप, जप, स्वाध्याय की आराधना करते हुए अपने आपको सुवासित करते हुए अंर्तआत्मा में लीन हो जाए जिससे हमारा जीवन सार्थक व सफल हो पाएगा।

❖ **ललित गर्ग**

किडनी डैमेज होने से पहले शरीर देता है ये संकेत



हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जब किडनी ठीक ढंग से काम नहीं करती है तो इसके लक्षण हमारे शरीर में दिखाई देते हैं। अगर इन लक्षणों पर ध्यान ना दिया जाए तो किडनी डैमेज हो सकती है और व्यक्ति की जान तक जा सकती है। किडनी हमारे शरीर का एक अहम अंग है और इसके बिना हमारे शरीर के काम करने की क्षमता ना के बराबर हो जाती है। किडनी हमारे शरीर में बनने वाले जहरीले पदार्थों को फिल्टर करके यूरिन के जरिए बाहर निकालती है। अगर किडनी सही ढंग से काम ना करे तो हमारे शरीर में टॉक्सिंस जमा होने लगेंगे जिसका सीधा असर हमारे दिल और लिवर पर पड़ेगा। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जब किडनी ठीक ढंग से काम नहीं करती है तो इसके लक्षण हमारे शरीर में दिखाई देते हैं। अगर इन लक्षणों पर ध्यान ना दिया जाए तो किडनी डैमेज हो सकती है और व्यक्ति की जान तक जा सकती है।

शरीर में सूजन : किडनी शरीर से विषाक्त पदार्थों और अतिरिक्त सोडियम को फिल्टर करने में मदद करती है। जब किडनी की तरह से काम नहीं कर पाती है तो इससे शरीर में गंदगी जमा होने लगती है। इससे शरीर में सूजन आ सकती है। इससे हाथ, पैर, पिंडलियों और टखनों में सूजन बढ़ जाती है।

भूख में कमी : शरीर में विषाक्त पदार्थों के जमा होने से भूख में कमी आने लगती है और वजन घटने लगता है। इस स्थिति में व्यक्ति को हर समय पेट भरा हुआ महसूस होता है और कुछ खाने का मन नहीं करता है।

त्वचा में खुजली और रूखापन : त्वचा में खुजली और रूखापन भी किडनी डैमेज का एक मुख्य संकेत है। जब किडनी ठीक तरह से काम नहीं करती है तो खून में विषाक्त पदार्थ जमा होने लगते हैं। इससे त्वचा में खुजली और रूखापन की समस्या होने लगती है।

कमजोरी और थकान : अगर आप हर समय कमजोरी और थकान महसूस करते हैं तो यह किडनी की समस्या का संकेत हो सकता है। किडनी में हानिकारक पदार्थों के जमा होने के कारण व्यक्ति हर वक्त कमजोर और थका हुआ महसूस करता है। ऐसे में पर्याप्त नींद लेने के बाद भी आपको दिनभर थकान महसूस हो सकती है।

पेशाब में दिक्कत : अगर पेशाब में दिक्कत हो रही हो तो यह भी किडनी डिसऑर्डर का संकेत हो सकता है। किडनी की समस्या होने पर सबसे पहले पेशाब में बदलाव नजर आता है। बार बार पेशाब आना, पेशाब में खून या पस आना या पेशाब में जलन होना किडनी खराब होने का लक्षण है।

आंखों के आसपास सूजन : किडनी खराब होने पर आंखों के आसपास सूजन दिखने लगती है। जब किडनी खराब होती है तो इससे शरीर में बड़ी मात्रा में प्रोटीन का रिसाव होता है। इससे आंखों के आसपास तरल पदार्थ का संचयन होने लगता है और सूजन दिखने लगती है।

अनिद्रा और बेचैनी : किडनी की बीमारी में व्यक्ति को अनिद्रा और बेचैनी हो सकती है। किडनी में विषाक्त पदार्थों के जमा होने से व्यक्ति किसी भी काम में ध्यान नहीं लगा पाता है और उसे हर समय बेचैनी महसूस होती है।

❖ **प्रिया मिश्रा**

भारत की इस झील में मछलियां नहीं, तैरते हैं कंकाल



उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित रूपकुंड झील वास्तव में एक ग्लेशियर है, जो लगभग 5,029 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यही कारण है कि यहां पर अधिक पानी की जगह बर्फ ही नजर आती है। लेकिन जब बर्फ पिघलती है, तो झील में सैकड़ों मानव कंकाल पानी में या सतह के नीचे तैरते दिखाई देते हैं। झील का नाम सामने आते ही एक बेहद ही खूबसूरत से पानी से भरे स्थान की तस्वीर आंखों के आगे आ जाती है। लोग झील के किनारे बैठकर कुछ वक्त सुकून के बिताना पसंद करते हैं। वहीं कुछ लोगों को वहां पर मछलियां पकड़ना भी अच्छा लगता है। लेकिन क्या आपने कभी किसी ऐसी झील की कल्पना की है, जिसमें मछलियों की जगह कंकाल तैरते हुए नजर आए। ऐसा सुनना ही कितना डरावना है। हालांकि, उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में एक ऐसी झील स्थित है, जिसे रूपकुंड झील के नाम से भी जाना जाता है। लोग इसे कंकाल झील भी कहकर पुकारते हैं।

ग्लेशियर झील है रूपकुंड चील : उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित रूपकुंड झील वास्तव में एक ग्लेशियर है, जो लगभग 5,029 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यही कारण है कि यहां पर अधिक पानी की जगह बर्फ ही नजर आती है। लेकिन जब बर्फ पिघलती है, तो झील में सैकड़ों मानव कंकाल पानी में या सतह के नीचे तैरते दिखाई देते हैं।

किसके हैं यह कंकाल : यह मानव कंकाल किसके हैं, इसके बारे में कुछ पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है। जब इस झील के बारे में पता चला था, तब यह माना जा रहा था कि यह अवशेष जापानी सैनिकों के थे जो इस क्षेत्र में घुस गए थे। हालांकि, बाद में जांच के बाद यह पता चला कि यह लाशें जापानी सैनिकों की नहीं हो सकतीं, क्योंकि ये काफी पुरानी थीं। 1960 के दशक में एकत्र किए गए नमूनों से यह अनुमान लगाया गया कि वे लोग 12वीं सदी से 15वीं सदी तक के बीच के थे।

ऐसा पड़ा रूपकुंड नाम : जहां एक ओर यह झील देखने में बेहद ही भयावह है, लेकिन इसका रूपकुंड नाम होना यकीनन काफी आश्चर्यचकित करता है। हालांकि, इस झील के नाम को लेकर एक मान्यता यह भी है कि इस कुंड की स्थापना भगवान् शिव ने अपनी पत्नी पार्वतीजी के लिए की। कहा जाता हैं कि जब देवी पार्वती अपने मायके से अपने ससुराल की ओर प्रस्थान कर रही थी तो तब उन्हें रास्ते में प्यास लगी और उन्होंने भगवान शिव से पानी की प्यास बुझाने के लिए कहा। तब भगवान शिव ने माता पार्वती की प्यास बुझाने के लिए उसी जगह पर अपने त्रिशूल से एक कुंड का निर्माण किया। इसके बाद, माता पार्वती ने उस कुंड से पानी पिया। उस वक्त माता के पानी में पड़ते सुन्दर प्रतिबिम्ब को देखते हुए शिव जी द्वारा इस कुंड को रूपकुंड नाम दिया गया।

❖ **मिताली जैन**

बच्चों के कान में तेल डालना कितना है सुरक्षित

शरीर के अन्य अंगों की तरह की बेबी के कान की सफाई भी उतनी ही जरूरी है। ऐसे में आप खुद ही घर का वैद्य बनने की जगह ईएनटी स्पेशलिस्ट या फिर चाइल्ड केयर एक्सपर्ट को दिखाएं। वह कुछ दवाइयों के जरिए बच्चे के कान में जमी मैल व गंदगी को क्लीन कर देंगे। छोटे बच्चे बेहद ही नाजुक होते हैं और इसलिए उनकी देख-रेख के दौरान अगर जरा सी भी लापरवाही बरती जाए तो इससे उन्हें बहुत अधिक नुकसान हो सकता है। दरअसल, जब बच्चे बेहद छोटे होते हैं, तो ना केवल उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो रहा होता है, बल्कि उनका प्रतिरक्षा तंत्र भी मजबूत नहीं होता है। जिसके कारण वह बहुत जल्दी बीमार पड़ जाते है। ऐसे में मां उन्हें दवाई देने के स्थान पर पहले कुछ घरेलू उपाय अपनाती हैं। इसी क्रम में अगर बच्चे के कान में गंदगी हो या फिर उसके कान में दर्द होता है तो वह तेल को गर्म करके उसकी बूंदें बच्चे के कान में डालती हैं। इसे एक बेहद ही प्रभावी घरेलू उपाय माना जाता है। लेकिन क्या यह उपाय छोटे बच्चों के लिए सुरक्षित है।

बच्चे के तेल में कान डालने से बचें : अगर बच्चे के कान में दर्द हो रहा है या फिर उसे कान से जुड़ी कोई समस्या है तो ऐसे में आप उसके कान में तेल डालने से बचें।

इसकी कई वजहें हैं

- सबसे पहले तो कोई भी तेल पूरी तरह से कीटाणुमुक्त नहीं होता है। जिसके कारण अगर इसका इस्तेमाल बच्चे के कान में बार-बार किया जाता है, तो इससे शिशु को इनफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है।
- वहीं, छह महीने से कम उम्र के बच्चों की समस्या का इलाज करने के लिए किसी भी तरह के घरेलू उपाय या घरेलू इलाज करने की सलाह नहीं दी जाती है। इससे बच्चे पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना अधिक रहती है।
- कभी-कभी कान में तेल डालने से पहले मां तेल को बहुत अधिक गर्म कर देती है, जिससे उनके कान व कान के पर्दे को नुकसान पहुंच सकता है।

क्या करें : शरीर के अन्य अंगों की तरह की बेबी के कान की सफाई भी उतनी ही जरूरी है। ऐसे में आप खुद ही घर का वैद्य बनने की जगह ईएनटी स्पेशलिस्ट या फिर चाइल्ड केयर एक्सपर्ट को दिखाएं। वह कुछ दवाइयों के जरिए बच्चे के कान में जमी मैल व गंदगी को क्लीन कर देंगे। साथ ही, उन्हें दर्द से भी निजात दिलाएंगे। आप उनकी सलाह पर किसी इयर ड्रॉप का इस्तेमाल बच्चे के कान में कर सकते हैं।

आज का राशिफल

मेष राशि : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहरी सहायता से कार्यों में गति आएगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

वृष राशि : चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। अतिउत्साह हानिप्रद रहेगा। कुसंगति से बचें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन राशि : राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धार्मिक कृत्यों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

कर्क राशि : यात्रा लाभदायक रहेगी। काफी समय से रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

सिंह राशि : स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा, साक्षात्कार व करियर संबंधी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

कन्या राशि : शैक्षणिक व शोध इत्यादि कार्यों के परिणाम सुखद रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी कार्य में उत्साह व प्रसन्नता से सफलता प्राप्त होगी।

तुला राशि : दुःखद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है।

वृश्चिक राशि : बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रतिद्वंद्वी पस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

धनु राशि : घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लंबे प्रवास की योजना बनेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में अनुकूलता रहेगी।

मकर राशि : संबंधियों तथा मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

कुंभ राशि : नई योजना बनेगी। पुराने किए गए निर्णयों का लाभ अब प्राप्त होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी।

मीन राशि : किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। फालतू खर्च होगा। असमंजस रहेगा। निर्णय लेने की क्षमता कम होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

बिरला ने हैलिफैक्स में 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन को किया संबोधित

हैलिफैक्स/नयी दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता का प्रतिनिधित्व संसद करती है और जनता उनसे कल्याण की अपेक्षा रखती है, इसलिए सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था होने के नाते संसद को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप काम करना चाहिए। श्री बिरला ने बुधवार को 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में ए पीपल्स पार्लियामेंट: एक्सेसिबिलिटी थ्रू इनोवेशन विषय पर आयोजित एक कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें एक समृद्ध, समावेशी और जागरुक समाज के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए, जिससे विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के माध्यम से हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हुई है और चुनावों में बढ़ता मतदान प्रतिशत दर्शाता है कि जनता लोकतंत्र को शासन की सर्वोत्तम पद्धति मानती है।

बांदीपोरा में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर (एजेंसी)। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार करके उनके पास से हथियार और गोला-बारुद बरामद किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दोनों को लाल किला मोड पेठकोट के समीप एक संयुक्त जांच चौकी पर जांच के दौरान उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वे वहां से गुजर रहे थे। उनके वाहन की तलाशी में तीन पिस्तौल, 24 नौ एमएम राउंड, पांच हथगोले, एक कंबल और पुलिस और स्वास्थ्य विभाग का फर्जी कार्ड बरामद किया गया है। इनकी पहचान पेठकोट बांदीपोरा के मोहम्मद यूसुफ वानी और बाग बांदीपोरा के मंजूर अहमद शाह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि वे लश्कर के कुछ सक्रिय आतंकवादियों के संपर्क में थे।

सांबा में घुसपैठ का प्रयास विफल, पाकिस्तानी घुसपैठिया घायल : सतर्क सैनिकों ने गुरुवार को जम्मू के सांबा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ के दो प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और इसी दौरान सुरक्षा बलों की गोलीबारी में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया घायल हो गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि तड़के बीएसएफ के सतर्क जवानों ने सांबा इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर थैला लिए एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि को देखा, जिसके बाद उन्होंने गोलीबारी की।

हिंद महासागर में और ताकतवर बनेगा भारत

दो सितम्बर को नौसेना के बेड़े में शामिल होगा आईएनएस विक्रांत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत को दो सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में लोकार्पण के बाद विधिवत रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा जिससे हिंद महासागर में नौसेना की ताकत कई गुणा बढ़ जायेगी। नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल एसएन घोरमड़े ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मोदी दो सितम्बर को कोच्चि में इस विमानवाहक पोत को देश को समर्पित करेंगे जिससे यह विधिवत रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल हो जायेगा। इसके साथ ही नौसेना के पास दो विमानवाहक पोत हो जायेंगे।

यह देश की एकता का प्रतीक : नौसेना के पास आईएनएस विक्रमादित्य विमानवाहक पोत पहले से ही है। नौसेना उप प्रमुख ने कहा कि विक्रांत को बनाने के बाद भारत 40 हजार टन से अधिक वजन वाले विमानवाहक पोत बनाने की क्षमता रखने वाले चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इस पोत को बनाने में इस्तेमाल किये गये उपकरण देश के 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में बने हैं जिससे इसके निर्माण में पूरे देश का योगदान झलकता है तथा यह देश की एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसे बनाने में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है और करीब 500 कंपनियों ने इसमें योगदान दिया है।

कई गुणा बढ़ जायेगी नौसेना की ताकत

इस पोत को बनाने में इस्तेमाल किया गया इस्पात देश में ही बना है और इसमें करीब 2500 किलोमीटर लंबी केबलिंग की गयी है जो देश में ही बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि इस विमानवाहक पोत के नौसेना को मिलने से वह हिंद महासागर में शांति और स्थिरता बनाये रखने की अपनी भूमिका को बखूबी निभा सकेगी। उन्होंने कहा कि साथ ही इससे नौसेना की ताकत भी कई गुणा बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि दो सितम्बर को नौसेना के बेड़े में शामिल किये जाने के बाद इस पोत के पूरी क्षमता के साथ संचालन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी और इसका अगले वर्ष के मध्य तक पूरी तरह संचालन शुरू हो जायेगा।

कर्नाटक में भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत, 15 घायल

बेंगलुरु (एजेंसी)। तुमकुरू में कलमबेल्ला के पास गुरुवार को सुबह एक सड़क दुर्घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और 15 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े चार बजे एक यात्री वाहन और लॉरी में टक्कर हो जाने से यह हादसा हुआ। सूत्रों के अनुसार, ऐसा बताया गया है कि हादसे में मारे गए लोग रायचूर जिले के विभिन्न भागों से आए दिहाड़ी मजदूर थे और बेंगलुरु जा रहे थे। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। सूत्रों ने बताया कि क्रूजर वाहन में लगभग 24 यात्री थे और उसमें क्षमता से अधिक लोगों को बैठाया गया था। उन्होंने कहा कि मृतकों में बच्चे भी शामिल हैं। तुमकुरू के उपायुक्त वाईएस पाटिल ने कहा, वे कल अपराह्न एक बजे क्रूजर से रवाना हुए। सवेरे लगभग साढ़े चार बजे जब उनका वाहन लॉरी के आगे निकलने का प्रयास कर रहा था तब लॉरी ने पीछे से वाहन को टक्कर मारी जिससे वह पलटकर डिवाइडर से टकरा गया। उन्होंने कहा कि नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और बाकी बचे 15 को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। दो की हालत गंभीर है जिन्हें बेंगलुरु के निमहंस में भेजा गया है।

पेगासस पर सुप्रीम कोर्ट में जांच रिपोर्ट दाखिल

पेगासस स्पाइवेयर जांच मामले में केंद्र सरकार ने नहीं किया सहयोग : जांच समिति

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय में 25 अगस्त को पेगासस स्पाइवेयर मामले में सुनवाई हुई। इस मामले पर गठित पैनल की रिपोर्ट भी सर्वोच्च न्यायालय में पेश की गयी। पैनल का आरोप है कि सरकार ने इस मामले की जांच में सहयोग नहीं करती है। इस मामले पर गठित पैनल की रिपोर्ट भी सर्वोच्च न्यायालय में पेश की गयी। वहीं, पैनल का आरोप है कि सरकार ने इस मामले की जांच में सहयोग नहीं किया। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने पैनल की रिपोर्ट को तीन भागों में शामिल किया था। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि पेगासस पैनल की रिपोर्ट का कुछ हिस्सा गोपनीय है। इसमें लोगों की निजी जानकारी भी हो सकती है। समिति का मानना है कि इस रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं की जा सकती है।

- जांच समिति को 29 में से पांच फोन में मिला मैलवेयर
- लेकिन यह स्पष्ट नहीं कि यह पेगासस था या नहीं

सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि जांच समिति को 29 में से पांच उपकरणों में मैलवेयर मिला। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि ये मैलवेयर वास्तव में पेगासस था या नहीं। इसके अलावा जिन लोगों ने अपने-अपने फोन जमा कराये उन्होंने रिपोर्ट जारी नहीं करने का भी अनुरोध किया था। मालूम हो कि सीजेआई के अलावा इस पीठ में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि पैनल की रिपोर्ट के उन हिस्सों का पता लगाया जायेगा, जिन्हें सार्वजनिक किया जा सकता है। इस मामले को चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया।

कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को आया होश

नयी दिल्ली (एजेंसी)। लोगों की दुआएं आखिर कबूल हो गयी। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को 15 दिन बाद होश आ गया है, यह खबर सुन परिवारवालों के साथ- साथ उनके फैंस भी काफी खुश हैं। परिवार वालों की मानें तो राजू ने हार्ट अटैक के बाद पहली बार आंखें खोली है और उनकी तबीयत में भी धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। निजी सचिव गर्वित नारंग ने बताया कि राजू श्रीवास्तव को सुबह 8.10 बजे होश आ गया। इसके बाद डॉक्टर्स की टीम ने उनकी कंडीशन को चेक किया। बताया जा रहा है कि उनके इलाज के लिए डॉक्टर न्यूरो फिजियोथेरेपी की मदद ले रहे हैं। डॉक्टर्स की टीम उनके हर पल को मॉनिटरिंग कर रही है। राजू को कुछ देर के लिए वेंटीलेटर से भी हटाया था। इससे पहले भी उन्हें वेंटीलेटर से हटाया गया था, लेकिन बुखार के चलते फिर दोबारा वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। राजू श्रीवास्तव के दोस्त सुनील पाल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा- गुड न्यूज दोस्तों...राजू भाई को होश आ गया है। थैंक गॉड..मैं कहता था ना कि चमत्कार होगा। परमात्मा हंसाने वाले को नाराज नहीं कर सकता।

अपने विरूद्ध मुहिम चलाया जाना बर्दास्त से बाहर होने पर गडकरी ने दी चेतावनी

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। केंद्र मंत्री नितिन गडकरी के बारे में गुरुवार 25 अगस्त को दिल्ली, मुंबई व अन्य कई शहर से निकलने वाले एक बड़े अंग्रेजी अखबार समूह में खबर लगायी गयी "Nitin Gadkari dropped from BJP parliamentary board after RSS brass nod". इस अखबार समूह का हिंदी, मराठी में भी अखबार निकलता है। इन सबमें वेबसाइट है। अंग्रेजी व हिंदी में न्यूज चैनल है। चर्चा है कि यह समूह इन दिनों केंद्रीय सत्ता सर्वोच्च द्वय का सबसे बड़ा कीर्तनी में शुमार है। इसके मैनेजमेंट के सर्वोच्च दो लोगों को बीते माह ईडी ने बुलाया था। इस अखबार समूह में 25 अगस्त को यह खबर प्रमुखता से आने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लगा कि यह जानबूझकर कर उनके खिलाफ मुहिम चलाया जा रहा है। उसके बाद उन्होंने कड़ा रूख अपनाते हुए ट्वीट किया- उनके विरुद्ध राजनीतिक लाभ के लिए नापाक और मनगढ़ंत अभियान चलाया जा रहा है। गडकरी ने इस ट्वीट को पीएमओ और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी टैग किया है। इसके बाद उस अखबार समूह के वेबसाइट पर लगी लीड खबर की हेडिंग में बदलाव किया जाने लगा। तीखी हेडिंग को नरम किया जाने लगा, लेकिन गडकरी का रुख इससे नरम नहीं हुआ है। मालूम हो कि गडकरी को पिछले सप्ताह भाजपा संसदीय बोर्ड से हटा दिया गया था। इसके बाद उनके कुछ बयानों को लेकर तरह-तरह की बातें कही जा रही थीं। यह जताया जा रहा था कि उनकी सरकार व पार्टी से अनबन चल रही है। इन सब अटकलों को उन्होंने खारिज कर दिया। गडकरी ने ट्वीट कर अटकल भरी खबरों को लेकर संकेत दिया कि वे नापाक व मनगढ़ंत खबरें फैलानेवालों के खिलाफ सरकार और पार्टी के व्यापक हित में कानूनी कार्रवाई का सहारा ले सकते हैं।

मेरे भाषणों को गढ़ा गया : गडकरी



उन्होंने ट्वीट किया, 'आज एक बार फिर, मुख्यधारा के मीडिया, सोशल मीडिया के कुछ वर्गों और विशेष रूप से कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ नापाक और मनगढ़ंत अभियान जारी रखने का प्रयास किया। बिना संदर्भ के मेरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिये गये भाषणों को गढ़ा गया।'

भाषण की यूट्यूब लिंक साझा की : इसके साथ ही उन्होंने मंगलवार को एक पुस्तक के विमोचन समारोह में दिये गये अपने भाषण की एक यूट्यूब लिंक भी ट्वीट के साथ साझा की। इस भाषण का सोशल मीडिया में चुनिंदा ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कही गयी बातों को काट-छांट कर इस तरह कहा गया था जैसे कि गडकरी कह रहे हों कि उन्हें संसदीय बोर्ड से हटाये जाने या अपना पद खोने की कोई परवाह नहीं है।

साफ शब्दों में दी चेतावनी : अपनी स्पष्टवादिता व अनूठी कार्यशैली के कारण लोकप्रिय नितिन गडकरी ने कहा कि वे ऐसे दुर्भावनापूर्ण हथकंडों से कभी प्रभावित नहीं हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी शरारतें जारी रहीं तो वे सरकार, पार्टी व लाखों मेहनती कार्यकर्ताओं के व्यापक हित में ऐसे तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। गडकरी ने आज किये गये ट्वीट को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भी टैग किया है।

इस बारे में एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि गडकरी ने गुरुवार 25 अगस्त को यह सफाई ऐसे समय दी है, जब एक प्रमुख अखबार ने भाजपा के कई वरिष्ठ सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट छापी। इसमें कहा गया है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष को 'आउट ऑफ टर्न' और बेबाक टिप्पणी करने की प्रवृत्ति के कारण भाजपा संसदीय बोर्ड से हटाया गया। इस पर गडकरी ने अपने ट्वीट में कहा कि वे पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में दिये गये अपने असल भाषण की लिंक साझा कर रहे हैं, ताकि स्थिति व पूरी बात स्पष्ट हो सके। इस बारे में संघ के एक बुजुर्ग का कहना है कि सह सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले जिस तरह से केंद्रीय सत्ता की राजनीति में इनवाल्व हो रहे हैं, जिस तरह से सर्वोच्च द्वय से घनिष्ठता बढ़ी है इसको लेकर भी तरह-तरह की बातें होने लगी हैं। कहा जाने लगा है कि जब से यह हुआ है तब से ही नितिन गडकरी को कमजोर करने का तरह-तरह का उपक्रम और तेज हुआ है। लेकिन यदि यह रुका नहीं, जारी रहा तो इससे भविष्य में भाजपा को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है।

भूपेंद्र चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाने से जाट वोट कितना होगा प्रभावित?

- कृष्णमोहन सिंह

नयी दिल्ली। केंद्रीय हुक्मरान द्वय ने उत्तर प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी (जाट) को बना दिया। जो फिलहाल ने योगी सरकार में पंचायती राज मंत्री हैं। विधान परिषद सदस्य हैं। यह उस मुरादाबाद मंडल से हैं, जहां की सभी छह लोकसभा सीटें भाजपा 2019 में हार गयी। वे सीटें हैं- मुरादाबाद, बिजनौर, नगीना, अमरोहा, संभल, रामपुर। भूपेंद्र चौधरी एक बार मुलायम सिंह यादव के विरूद्ध 1999 में लोकसभा चुनाव लड़े थे, हार गये। इस तरह देखा जाये तो भूपेंद्र चौधरी का कोई मजबूत आधार नहीं हैं। इस बारे में मेरठ के एक जाट बुजुर्ग का कहना है कि केवल जाट होने से यह कहा जाये कि इनको राज्य भाजपा का अध्यक्ष बनवाने से पश्चिम उत्तर प्रदेश के जाट झूमकर भाजपा को वोट देंगे, तो यह खयाली पुलाव से ज्यादा कुछ नहीं हैं। क्योंकि पश्चिम उत्तर प्रदेश के जाटों की खाप बहुत ही दमदार है। वे अपने को मजबूत व श्रेष्ठ मानते हैं। उनकी जमीन जोत भी ठीक ठाक है। नये कृषि नीति के विरूद्ध पश्चिम उप्र, हरियाणा व पंजाब के जाट व किसान ही दिल्ली बार्डर पर एक साल तक धरने पर बैठे थे। जिसमें लगभग 700 किसानों की मौत हुई। चर्चा है कि भूपेंद्र चौधरी केंद्रीय भाजपा सत्ता के दूसरे नंबर वाले साहब के चहेते हैं। उन्होंने ही इनको उप्र भाजपा अध्यक्ष बनवाया है। लेकिन जो लोग यह प्रचार कर रहे हैं कि इनके बनाने से उप्र., हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के जाट मतदाता झूम कर भाजपा व उसके सत्ताधारी हुक्मरानों की जयकार करेंगे, उनको 2024 के लोकसभा चुनाव में असलियत पता चलेगा।

पश्चिम उप्र. के कई जाट आपसी बातचीत में कहते हैं कि केंद्र सरकार व उसके हुक्मरान ने राजस्थान के धनखड़ (जाट) को उपराष्ट्रपति बनाया, उसके बाद मुरादाबाद के भूपेंद्र चौधरी (जाट) को भाजपा अध्यक्ष बनाया। यह सब किया गया गुजराती सेठ अडाणी को लाभ पहुंचाने के लिए, हर हाल में नया कृषि कानून लागू करने की राह आसान करने के लिए। इसके विरूद्ध आंदोलित किसानों, विशेषकर जाट किसानों की नाराजगी दूर करने के लिए। जाट किसान इससे भ्रमित नहीं होनेवाले हैं। जो लोग बड़े पद पर बैठाये गये हैं, उनका सरोकार आम जाट किसानों से नहीं है। इनकी काट तो चौधरी टिकैत व मलिक ही कर देंगे। इसलिए इसकी संभावना कम है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 80 में से जो 16 सीटें हारी थी, वे सभी 2024 के चुनाव में जीत सकेगी। क्योंकि धनखड़ व भूपेंद्र दोनों ही आधार वाले नेता नहीं हैं। सबको पता है कि इनसे ज्यादा ईडी, आयकर जैसी एजेंसियां प्रभावी हो रही हैं। असली खेल तो इन एजेंसियों के मार्फत होगा, केवल प्रतीक के तौर पर ऐसे चेहरे आगे किये जा रहे हैं, पद पर बैठाये जा रहे हैं ताकि उनकी आड़ में सेठ अडानी हितैषी के बजाय जाट हितैषी, पिछड़ा हितैषी अवधारणा बनाना, प्रचारित करना और आसान हो जाये।

न्यूज गैलरी

सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने किया शानदार प्रदर्शन

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सहोदया इंटर स्कूल प्रतियोगिता में भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया। कक्षा 4 के नवीन कुमार महतो ने एकल गीत के लिए प्रथम रनर-अप ट्रॉफी हासिल की। डांस ट्रूप फ्रीडम क्रू ने अपने डांस परफॉर्मेंस के लिए फर्स्ट रनर अप ट्रॉफी भी जीती। कविता पाठ प्रतियोगिता के लिए कक्षा 8 (ग्रुप बी) के अनंता सिन्हा ने फर्स्ट रनर अप तथा कक्षा 5 (ग्रुप ए) की अवंती बथवाल सेकेंड रनर अप ट्रॉफी जीती। हिंदी कविता पाठ में कक्षा 4 की आराध्या पराशर ने फर्स्ट रनर अप स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या परमजीत कौर विजेताओं को आशीर्वाद दिया और आने वाले वर्षों में और भी कई प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

अर्चित आनंद 36 वें राष्ट्रीय खेल में जूरी ऑफ अपील के रूप में आमंत्रित

रांची। झारखंड राज्य तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष अर्चित आनंद को 36 वें राष्ट्रीय खेल में जूरी ऑफ अपील के रूप में आमंत्रित किया गया है,अर्चित भारतीय तलवारबाजी समिति के कार्यकरनी सदस्य भी हैं। उन्हें इस उपलब्धि के लिए झारखंड तलवारबाजी संघ के सभी सदस्यों ने बधाई दी।

दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे डिलीवरी ब्वाय

रांची। राजधानी में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन जोमैटो के सैकड़ों डिलीवरी ब्वॉय हड़ताल पर रहे। हर ऑर्डर पर प्रति किलोमीटर पैसे बढ़ाने की मांग को लेकर गुरुवार को भी इन्होंने काम बंद रखा। वहीं, इस दौरान कुछ कर्मियों ने काम किया, जिन्हें बाकी सदस्य रोकते रहे। इधर, लालपुर चौक के समीप इन राईडरों ने सुबह प्रदर्शन कर कंपनी द्वारा दिए जा रहे कम पैसे का विरोध किया। कहा, जब तक कंपनी प्रति ऑर्डर पैसे नहीं बढ़ाएगी, वे काम पर नहीं लौटेंगे। हालांकि, इस बीच कुछ कर्मियों के काम करने से जोमैटो की ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवा पूरी तरह से बाधित नहीं रही।

सरकार के सकारात्मक पहल को बाधित करने का षड्यंत्र : पुष्कर महतो

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंडियो एवं झारखंड आंदोलनकारियों के व्यापक हितार्थ में किए जा रहे पहल के कार्यों को बाधित पहुंचाने का राजनीतिक षड्यंत्र किया जाना शर्मनाक बात है। श्री महतो गुरुवार को एक प्रेस बयान जारी करते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ किए जा रहे हैं कार्रवाई के संदर्भ में कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण का मूल्य जन मानस के कल्याण एवं विकास का रहा है। वर्तमान सरकार अलग राज्य के आंदोलनकारियों के सपनों को धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस पहल के साथ कार्य कर रही हैं. ऐसी स्थिति में राजनीतिक षड्यंत्र व राज्य सरकार के खिलाफ ओछी हरकतें होना झारखंडी जन भावनाओं के ऊपर सीधा- सीधा हमला है .झारखंडी जन मानस की भावनाओं पर कुठाराघात न किया जाए।

हिन्दुस्तान ओलंपियाड में सफल डीपीएस के विद्यार्थी सम्मानित

रांची। डीपीएस रांची में गुरुवार को हिन्दुस्तान ओलंपियाड-2022 में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और चेक प्रदान किया गया। डीपीएस रांची के 12वीं कला संकाय के विद्यार्थी वेदांत स्टेट टॉपर बने थे। उन्हें सर्टिफिकेट, मेडल के साथ 5100 रुपये का चेक प्रदान किया गया। जिला टॉपर छात्रा सातवीं की शिवानी सिंह को 2100 रुपये और कक्षा तीन के राजदीप बेरा को 2100 रुपये का चेक और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

बढ़ते अपराधिक मामले में लोगों का फूटा गुस्सा, किया सड़क जाम

अंकिता के दोषियों को मिले शीघ्र फांसी की सजा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरुवार को दुमका में 12वीं क्लास की छात्रा अंकिता सिंह पर पेट्रोल डालकर जान से मारने के लिए आग लगा देने वाली घटित घृणित घटना जो कि बहुत ही निंदनीय है। उसको लेकर तमाम सामाजिक संगठन और धार्मिक संगठन के लोगों ने एक साथ अल्बर्ट एक्का चौक तक ऐसे अपराधी के खिलाफ विरोध मार्च निकाला गया। सभी ने एक स्वर में कहा कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे ऐसे अपराधिक मामलों का हम सभी विरोध करते हैं और अंकिता के पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में फांसी की सजा देने की मांग करते हैं। लोगों ने यह भी कहा कि अंकिता और उनके परिवार को सुरक्षा मिले ताकि आगे और किसी तरह की घटनाओं कोई अंजाम न दे सके। गंभीर रूप से घायल अंकिता का

अच्छा से अच्छा इलाज किया जाए, उसके भविष्य के लिए उसे एक सरकारी नौकरी दिया जाए और उचित मुआवजा मिले ताकि उसके आने वाले भविष्य में किसी भी तरह का कष्ट ना हो। ऐसे अपराधी जो एसिड फेंक व पेट्रोल फेंक कर और रेप कर हत्या का प्रयास करने वाले दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। साथ ही स्कूल से लेकर कॉलेजों में ऐसे घृणित कार्यों के संबंध में बच्चों और लोगों को इस तरह घृणित कामों के संबंध में जानकारी दी जाये और इसे कालेजों में पढ़ाया भी जाए कि ऐसी घटनाए बहुत ही घृणा होती हैं जो दोनों के परिवार बर्बाद बर्बाद हो जाता है। समाज एसे लोगों को अलग कर देता है इसलिए ऐसे कार्यों से बचें और दूसरों को भी समझाएं। नारी सम्मान सबसे बड़ा सम्मान है, हम सभी मिलकर अपनी मां, बहन और बेटी के खिलाफ हो रहे ऐसे अपराधिक मामलों पर ऐसे अपराधियों के खिलाफ विरोध का मोर्चा खोले। पूरे शहर के लोगों ने कहा कि हम लोग अंकिता सिंह के परिवार के साथ है किसी भी तरह की परेशानी होने पर हम सभी उनके साथ खड़ा रहेंगे। इस विरोध के कार्यक्रम में युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति, क्षत्रिय परिवार, केंद्रीय धूमकुडिया समिति, रांची महानगर काली पूजा समिति, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, राष्ट्र बचाओ आंदोलन, भारतीय युवा संघ, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन, मां काली सेना, करणी सेना, झारखंड प्रदेश अभिभावक संघ, मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने समर्थन दिया।

उपायुक्त की बैठक में 21 सामान्य, उग्रवादी हिंसा के 02 और चौकीदार से संबंधित 01 अभ्यावेदन को समिति ने किया स्वीकृत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरुवार को उपायुक्त सह अनुकंपा समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समिति द्वारा सामान्य, चौकीदार एवं उग्रवादी हिंसा के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 29 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गयी। इनमें उग्रवादी हिंसा के 03, चौकीदार के 02 एवं सामान्य के 24 अभ्यावेदन थे। सामान्य अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद समिति ने 24 में से 21 अभ्यावेदनों को स्वीकृत किया जबकि शेष 03 अभ्यावेदनों पर विभाग से मार्गदर्शन का निदेश दिया गया। उग्रवादी हिंसा से संबंधित 03 मामले पर विचार विमर्श करते हुए समिति ने 02 को स्वीकृति प्रदान की जबकि एक मामले में विभाग से मागदर्शन का निदेश दिया गया। विचार विमर्श के बाद चौकीदार से संबंधित 02 मामलों में से एक को समिति ने स्वीकृत किया।

मेयर आशा लकड़ा ने सावन सिंधारा महोत्सव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले बहनों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुरुवार को सावन सिंधारा महोत्सव एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बाल गोपाल बच्चों के माताओं एवं बहनों को मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची मेयर आशा लकड़ा ने अपने आवासीय परिसर में अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब रांची लाइफ के अध्यक्ष युवराज पासवान, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक महेश चंद्रा, राज वर्मा, राजू महतो, राजकिशोर राणा, शक्ति वाहिनी की केंद्रीय अध्यक्ष समाजसेविका आरती गुप्ता एवं आस्था जीवन के सचिव विनोद कुमार साहू आदि मौजूद थे। विदित हो विगत दिनों लायंस क्लब रांची लाइफ, आस्था जीवन एवं छात्र क्लब बाल गोपाल मंच के संयुक्त तत्वावधान में हेशल देवी मंडप रोड, रवि स्टील विवेकानंद कॉलोनी, रातु रोड सुखदेव नगर एवं कोकर में अर्चना गुप्ता,

कुमारी अनिता, पूनम कुमारी, अंजू कुमारी, सुनीता चौधरी, नीतू देवी आदि जजेज के देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में ममता पसारी (तितलियां ग्रुप), नीतू देवी, ऋतुराज वर्षा एवं सावन सिंधारा महोत्सव में संगीता अग्रवाल,रेणु मौर्या, कुमारी शीला उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बाजी मारी। नन्हे मुन्ने बच्चे एवं महिलाओं का स्वास्थ्य चेकअप अंजू कुमारी द्वारा किया गया था। आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन बच्चों के माताओं एवं बहनों को मुख्य अतिथि मेयर आशा लकड़ा ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव किशोर शर्मा, संचालन युवराज पासवान एवं धन्यवाद ज्ञापन सुबोध कुमार शर्मा ने किया। आज के बहुमूल्य समय के लिए संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने मेयर आशा लकड़ा जी के प्रति आभार जताई।

प्रदेश भाजपा का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर 27 से 29 तक मधुबन में

रांची। भाजपा प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 27,28एवम 29अगस्त को मधुबन में होगा,यह जानकारी प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने दी। जिसमे प्रदेश पदाधिकारी,प्रदेश कार्यसमिति,विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ विभिन्न मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष,विभाग,प्रकोष्ठ , प्रकल्प के प्रदेश संयोजक शामिल होंगे। उन्होंने कहा को प्रशिक्षणार्थियों को 26अगस्त की शाम तक प्रशिक्षण शिविर स्थल मधुबन पहुंचने की सूचना दी गई है। श्री सिंह ने बताया कि 27अगस्त को प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रीय महामंत्री सांसद एवम प्रदेश प्रभारी दिलीप सैकिया और प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश करेंगे। प्रशिक्षण प्रमुख ने बताया कि तीन दिनों में 15सत्र आयोजित है जिसे केंद्रीय एवम प्रदेश के नेतागण संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि सत्र लेने वालों में प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ,राष्ट्रीय महामंत्री एवम प्रदेश प्रभारी दिलीप सैकिया, नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, केंद्रीय प्रशिक्षण प्रभारी डॉ मुरलीधर राव,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,उत्तरप्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद जयंत सिन्हा, कमल संदेश के संपादक शिवशक्ति बक्शी शामिल हैं।

दो विकलांग भाइयों ने सीएम हाउस में खड़े होकर हाथ में आवेदन लेकर हर मंत्री-विधायक से लगायी गुहार

रांची। मुख्यमंत्री आवास में गुरुवार को सरगर्मी बढ़ी हुई थी। मंत्रियों, विधायकों और सांसदों का आना जाना लगा था. शाम करीब साढ़े चार बजे छोटे कद के दो भाई (कलीम खान और तसलीम खान) सीएम हाउस के बाहर हाथ में आवेदन लेकर हर आने-जाने वालों के सामने खड़े होकर गुहार लगाते दिखे. जब उन दोनों भाइयों से पूछा गया कि ये आवेदन किस चीज का है, तो छोटे भाई तसलीम ने बताया कि वे विकलांगता से ग्रसित हैं, जिस वजह से उनके शरीर का सही तरीके से विकास नहीं हो पाया। उनका कद भी नहीं बढ़ पाया. तसलीम ने बताया कि वे सीएम हाउस में सीएम से नौकरी मांगने आये हैं। नौकरी नहीं होने की वजह से उनकी माली हालत काफी खराब है. तसलीम ने बताया कि दोनों भाई करीब साल भर से नौकरी दिलाने का आग्रह कर रहे हैं पर उनकी कोई सुननेवाला नहीं।

विद्यार्थी अपने में प्रबंधकीय क्षमता को विकसित करें : डॉ अनिल

रांची। इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आईएसएम) पुंदाग में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के एमबीए व होटल मैनेजमेंट डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिए इंडक्शन क्लास गुरुवार से शुरू हुई। मुख्य अतिथि जैक चेयरमैन डॉ अनिल महतो ने युवाओं को खुद में प्रबंधकीय क्षमता विकसित करने को कहा। विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे संसाधनों-समय का कुशल प्रबंधन के लिए सोच को प्रभावशाली बनाएं। रांची विश्वविद्यालय की डॉ गीता सिंह ने जीवन में नैतिक मूल्यों को धारण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के समक्ष अपार अवसर है। सिर्फ उन्हें अपनी क्षमता और ताकत की पहचान करते हुए उन अवसरों का लाभ उठाना है। संस्थान के निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने कहा कि जीवन में असफलता प्रत्येक सफलता का पायदान है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा गौरव कुमार दूबे, ग्राम– दूबे तहले, मंझिआंव, जिला– गढ़वा, झारखण्ड को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा विशेश केन्द्रीय सहायता योजना अन्तर्गत भण्डरिया प्रखण्ड के बहेरा टोली में भूतही नाला पर डाइवर्सन का विगत माह ही निर्माण कार्य कराया गया था, जिसका पहुँच पथ दिनांक 20.08.2022 को क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण बहेरा टोली CRPF कैम्प तक सुरक्षाकर्मियों को पहुँचने में काफी परेशानी हो रही है।

अतः दो दिनों के अन्दर उक्त डाइवर्सन का पहुँच पथ का मरम्मति करना सुनिश्चित् करे अन्यथा आपके एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई करना अधोहस्ताक्षरी की वाध्यता होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 276411 Rural Development(22-23)#D

कार्यालय :- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लातेहार

आवश्यक सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत प्रखण्ड स्तर पर गठित PMU के लिए प्रखण्ड समन्वयक, एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदो पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक–13.11.2021 को जिला स्तरीय चयन समिति की आयोजित बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में निम्न प्रतिक्षारत अभ्यार्थियों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन दिनांक–02.09.2022 को 11:00 बजे पूर्वाहन् से डी0आर0डी0ए0 मिनी सभागार में निर्धारित है। प्रतिक्षारत अभ्यर्थियों की सूची इस प्रकार है:–

1. प्रखण्ड समन्वयक –

क्र0सं0	मेधा क्रमांक	आवेदन संख्या	आवेदक का नाम	कोटि	अभियुक्ति
1	02	419156196348	ALOK RANJAN	SC	Waiting

2. लेखापाल–सह–कम्प्यूटर आपरेटर –

क्र0सं0	मेधा क्रमांक	आवेदन संख्या	आवेदक का नाम	कोटि	अभियुक्ति
1	07	420156197979	ROHIT KUMAR	BC-1	Gen. Waiting-1
2	09	420156198097	CHANDAN KUMAR PRASAD	GEN	Gen. Waiting-2
3	15	420156196308	RANJAN GANJHU	ST	ST. Waiting -1

अतः निर्धारित तिथी को अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्र, जो आवेदन में संलग्न किया गया है (यथा शैक्षणिक/जाति/स्थानीय/अनुभव प्रमाण पत्र) एवं इसकी दो प्रति में स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ डी0आर0डी0ए0 मिनी सभागार में उपस्थित होंगें।

उप विकास आयुक्त,
लातेहार।

PR.NO.276390 Rural Development(22-23):D

सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर सुनहरा अवसर

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, गढ़वा

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, गढ़वा एवं नन्दी फाउन्डेशन के महिन्द्रा प्राईड क्लाश रूम के संयुक्त प्रयास से आयोजित सॉफ्ट स्कील डेवलपमेन्ट/पर्सनालटी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम

निःशुल्क

SOFT SKILL DEVELOPMENT-CUM-PERSONALITY DEVELOPMENT PROGRAM TRAINING

Limits Seats

7 Days (40-60 Hour's) Training Module Includes
1. LIFE SKILLS- compassion, respect, gratitude, being a responsible global citizen
2. SOFT SKILL- grooming, body language, teamwork, time management, social manners, etc
3. COMMUNICATION SKILL- functional English and the ability to express themselves clearly in the local language
4. PERSENTATION SKILLS- speaking clearly, coherently and confidently.
5. INTERVIEW SKILL- resume preparation, interview question, mock interviews

सीटें सीमित हैं ..... आवेदन शीघ्र जमा करें।

अहर्त्ता (Eligibility)
1) नियोजनालय में निबंधित इण्टर/स्नातक/स्नातकोत्तर पास।
2) ।ा।/पोलिटेक्नीक/मेडिकल/इंजीनियरिंग/बी0एड0 एवं तकनीकि योग्यता संबंधित अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत या पास।
3) झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य।
नोट :– ऐसे युवक/युवतियाँ जो नियोजनालय में निबंधित नहीं है वे अपना निबंधन नियोजनालय में करा कर उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन कैसे करें (How to Apply)
1) प्रशिक्षण हेतु उम्मीदवार जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा/आई0टी0आई0,हंसकेर,गढ़वा/भण्डरिया एवं झगड़ाटांड़ या गढ़वा जिला प्रशासन के अधिकृत वेबसाईट www.garhwa.nic.in से रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।
2) नियोजनालय का निबंधन कार्ड की छायाप्रति।
3) शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4) अपना हाल का दो पास्टपोर्ट साईज फोटोग्राफ।

रजिस्ट्रेशन फॉर्म में माँगी गई वाँछित सूचना के साथ आवेदन (Registration Form) पूर्ण रूप से भर कर जिला नियोजन कार्यालय,गढ़वा को यथाशीघ्र हाथों–हाथ या निबंधित डाक से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, सीटों की संख्या सीमित है, प्रशिक्षण शीघ्र शुरू होने वाला है।

गढ़वा जिला के तमाम शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अपील है कि निःशुल्क Soft Skill Training प्राप्त कर अपने आत्मविश्वास/व्यक्तित्व निखार/परीक्षा हेतु साक्षात्कार का मार्गदर्शन प्राप्त कर रोजगार प्राप्त करने की दिशा में अहम कदन बढ़ायें।
- प्रशिक्षण स्थल– जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा।
- विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 276416 Labour Employment and Traning (22-23)_D

पृष्ठ एक के शेष

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के...
पायेगी। निशिकांत ने कहा कि राज्य का मुख्यमंत्री ही भ्रष्टाचार के मामले में अगर अयोग्य करार दिये जाते हैं तो उन्हें फिर से चुनाव में आना चाहिए। राज्य के मुखिया पर लगे भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई, ऐसे में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

आमने-सामने आये हेमंत-बाबूलाल : गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्वीट पर बाबूलाल मरांडी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा कि संवैधानिक संस्थानों को तो खरीद लोगे, जनसमर्थन कैसे खरीद पाओगे? झारखंड के हमारे हजारों मेहनती पुलिसकर्मियों का यह स्नेह और यहां की जनता का समर्थन ही मेरी ताकत है। इस ट्वीट को रीट्वीट करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि खरीदना-बेचना, मैनेज करना, रिश्वत लेना तो सोरेन परिवार के डीएनए में रहा है। चाहे अलग राज्य लेने का सवाल हो या और कुछ। इसलिए जो लोग ऐसा करते रहे हैं, उनकी सोच दूसरों के बारे में भी वैसी ही होती है।

हमारा प्रयास राज्य का हर...
तैनात हैं। उन सबों का व्यक्तिगत जीवन, व्यक्तिगत भावनाएं होती हैं। उन्हें भी मान-सम्मान से जीने का अधिकार है। उन सभी को मान-सम्मान मिले, इसके लिये हम सदैव प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वछता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चंपई सोरेन, अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल, युवा मामले के मंत्री हफीजुल अंसारी, स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग मंत्री जगरनाथ महतो, सांसद विजय हांसदा एवं सांसद महुआ माजी उपस्थित थीं।

प्रेम प्रकाश गिरफ्तार...
संबंध अवैध खनन से जुड़े मामले के आरोपी पंकज मिश्रा से है। उनकी संलिप्तता पायी गयी है। साथ ही कई दस्तावेज ईडी ने बरामद किये हैं। बरामद दस्तावेज के संबंध में पूछताछ की जानी है। ईडी ने दावा किया कि आरोपी की संलिप्तता मनी लाउंड्रिंग में पायी गयी है। अवैध कमाई से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग किया गया है। इसको देखते हुए 14 दिनों की पुलिस रिमांड पर लेने की अनुमति दी जाये। इसका विरोध आरोपी के वकील ने किया। अदालत ने दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद ईडी को छह दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति प्रदान की। आरोपी पीपी की पेशी के बाद अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया। ईडी जेल से पीपी को शुक्रवार को अपने कब्जे में लेगी।

प्रेम प्रकाश के घर से...
के यहां रहनेवाले पूर्व परिचित स्टाफ के पास आलमीरा में दोनों हथियार को रखा था। दूसरे दिन अब वे हथियार लेने वहां पहुंचे, तो वहां ईडी की छापेमारी चल रही थी। इस मामले में रांची पुलिस की ओर से दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

गोलीकांड मामले में...
से दुर्यव्यवहार किए जाने के कारण इरशाद द्वारा अपने दोस्त बेताब, मो० आरजू, मंजर, जुमन एवं अपनी मामी के साथ मिलकर वादी तौहिद आलम की हत्या का प्लान बनाया। इस घटना को अंजाम देने के लिये मुख्य आरोपी मो० इरसाद के द्वारा अपने दोस्त बेताब, मो० आरजू एवं जुमन को 3,50,000/- (तीन लाख पचास हजार) रूपया का सुपारी दिया । इसी प्लान के तहत बेताब एवं मंजर ने दिनांक 17.08.2022 की रात्रि में इस घटना को अंजाम दिया। अनुसंधान के क्रम में इस कांड के मुख्य आरोपी मो० इरसाद, मो० आरजू एवं गौशिया परवीन को आपराधिक षडयंत्र रचकर घटना को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। घटना में उपयोग किये गये चार मोबाईल जप्त किया गया है । गिरफतारी मो0 इरसाद,गौशिया परवीन पति तौहिद आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अभियान में शामिल पुलिस टीम : अभय कुमार सिन्हा,समीर तिर्की, जितेन्द्र कुमार, पीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा, एएसआई नबी अंसारी, टाइगर मोबाइल के जवान अनिल कुमार पासवान राकेश कुमार सिंह संतन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मामी के प्रेम में पागल भांजे ने मामा...
परवीन, मो. इरशाद व आरजू को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं फरार शूटर मंजर व जुम्मन की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि इरशाद का उसकी सगी मामी से पिछले काफी दिनों से इश्क चल रहा था। इसकी भनक मामा तौहीद आलम का लग गई थी। मामा के दुकान चले जाने के बाद भांजा मामी के घर चला जाता था। इस बात को लेकर टेलर मास्टर अपनी पत्नी को टार्चर करने लगा। इस बीच एक दिन उसने भांजे को भी घर आने से मना कर दिया। इससे आहत इरशाद ने अपनी मामी, दोस्त आरजू, मंजर व जुम्मन के साथ मिलकर मामा को रास्ते हटाने की योजना बना ली। इसके लिए बकायदा उसने तीन से चार किस्तों में मंजर व जुम्मन को सुपारी की राशि भी अदा की।

न्यूज गैलरी

बीबीएल और आईएलटी-20 लीग में खेलेंगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज क्रिस लिन बिग बैश लीग के 11 मैच खेलेंगे और संयुक्त अरब अमीरात में होनेवाली पहली इंटरनेशनल लीग टी-20 में भी भाग लेंगे। बीबीएल के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले लिन ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से करार किया है जिससे वह दोनों टूर्नामेंटों में भाग ले सकें। क्रिकेट आस्ट्रेलिया उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देगा जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नियमों के तहत किसी विदेशी लीग में भाग लेने के लिए जरूरी है। लिन ने पिछले सप्ताह गल्फ जाइंट्स टीम के साथ करार किया है। वहीं, बीबीएल में वह एडीलेड स्ट्राइकर्स के लिए खेलेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम की घोषणा

वेलिंगटन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होनेवाली चैपल-हैडली वनडे क्रिकेट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम की घोषणा कर दी गयी है। न्यूजीलैंड टीम में ट्रेंट बोल्ट को भी शामिल किया गया है। उन्होंने हाल ही में क्रिकेट न्यूजीलैंड के साथ अपना केंद्रीय अनुबंध रद्द कर दिया था। बोल्ट समेत पांच तेज गेंदबाजों को न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह दी गयी है जो तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेगी। पसली की चोट से उबरे मैट हेनरी की भी टीम में वापसी हुई है। मांसपेशी में खिंचाव के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा और तीसरा वनडे नहीं खेल सके केन विलियमसन भी न्यूजीलैंड टीम में लौट आये हैं।

चैपल-हैडली वनडे क्रिकेट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड टीम : - केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कोंवे, लॉकी फर्ग्युसन, मार्टिन गुप्टिल, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिशेल, जिम्मी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनेर, बेन सीयर्स, टिम साउदी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रियांक पांचाल करेंगे भारत 'ए' ही अगुवाई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल को न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे तीन चार दिवसीय मैचों के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय भारत 'ए' टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। पांचाल के अलावा टीम में रुतुराज गायकवाड़, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं। तेज गेंदबाज उमरान मलिक को भी टीम में शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों पर भी गौर किया है तथा बंगाल के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन, मध्य प्रदेश को रणजी ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले रजत पाटीदार और मुंबई के सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। टीम में युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा, मध्यम गति के गेंदबाज मुकेश कुमार और यश दयाल जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पहले और तीसरे चार दिवसीय मैच की मेजबानी करेगा जबकि दूसरा मैच हुबली के राजनगर स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत 'ए' टीम : प्रियांक पांचाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, केएस भरत (विकेटकीपर), उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, सौरभ कुमार, राहुल चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, उमरान मलिक, मुकेश कुमार, यश दयाल, अर्जन नागवासवाला।

83 क्रिकेट विश्व कप फाइनल की टिकट नहीं मिली तो बीसीसीआई प्रेसिडेंट ने शुरू करवा दिया एशिया कप

नयी दिल्ली (एजेंसी)। 27 अगस्त से शुरू होनेवाला एशिया कप कभी इस रूप में न पहुंचता अगर बीसीसीआई अध्यक्ष को 1983 क्रिकेट विश्व कप फाइनल देखने का टिकट मिल जाता। एशिया कप करवाने की प्लानिंग इसी दिन शुरू हुई थी। दरअसल, हुआ यूं कि कपिल देव के नेतृत्व में इंगलैंड गयी भारतीय टीम के साथ उस वक्त के प्रेसिडेंट एनकेपी साल्वे भी थे। खेल पत्रिका विज्डन में छपे लेख अनुसार- साल्वे 25 जून 1983 को लॉर्ड्स में खेले गये विश्व कप फाइनल को स्टैंड से देखना चाहत थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने प्रण किया कि अब वो विश्व कप के बराबर एक टूर्नामेंट खड़ा करेंगे। साल्वे भारत आये और अपने इरादे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ साझा किये। तब पीसीबी के हेड नूर खान थे। उनके साथ श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के हेड गामिनी दिसानायके भी जुड़ गये। 1983 में ही 19 सितम्बर के दिन एशियन क्रिकेट कॉन्फ्रेंस (अब एशियन क्रिकेट कॉंसिल) बनायी गयी। इसमें भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका फुल मैंबर थे। बाद में बंगलादेश, मलेशिया और सिंगापुर को भी जोड़ लिया गया। यह क्रिकेट जगत की बड़ी घटनाओं में से एक थी, क्योंकि इससे पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में बड़े फैसले इंटरनेशनल क्रिकेट बोर्ड यानी आईसीसी लेता था। लेकिन भारत द्वारा क्षेत्रीय संस्था खड़ी करने पर आईसीसी के भी कान खड़े हो गये। साल 1984 में ही पहला एशिया कप करवाया गया। इसके लिये यूएई को चुना गया। साल 1984 से लेकर यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में ही खेलाा गया, लेकिन 2016 में इसे टी-20 फॉर्मेट में खेला गया। अब 2022 में एक बार फिर से इसी टी-20 फॉर्मेट में खेला जायेगा।

एशिया कप के रोचक फैक्ट्स

- भारत के पूर्व स्पिनर अरशद अयूब एशिया कप में पांच विकेट लेनेवाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1998 में ढाका में पाकिस्तान के खिलाफ 21 रन देकर पांच विकेट हासिल किये थे।
- सनथ जयसूर्या एशिया कप में सबसे अधिक रन 1220 रन बनानेवाले खिलाड़ी हैं। दूसरे नंबर पर कुमार संगाकारा (1075 रन) हैं। सचिन तेंदुलकर भी एशिया कप में 971 रन बना चुके हैं।
- मुथैया मुरलीधरन एशिया कप के सबसे सफल गेंदबाज हैं। उनके नाम पर 24 मैचों में 30 विकेट हैं। दूसरे नंबर पर श्रीलंका के ही लासिथ मलिंगा (29 विकेट) हैं।
- विराट कोहली के नाम एशिया कप का सर्वश्रेष्ठ स्कोर (183*) बनाने का रिकॉर्ड। शाहिद अफरीदी की स्ट्राइक रेट (140.74) सबसे ज्यादा। सबसे ज्यादा शतक श्रीलंका के जयसूर्या (6) ने लगाये हैं।

भारतीय कोचों-खिलाड़ियों को खेल विज्ञान में और शिक्षित करने की जरूरत : मैथ्यू

नयी दिल्ली (एजेंसी)। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे अरूण बासिल मैथ्यू का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों ने उच्चतम स्तर पर खेल विज्ञान को समझने में काफी लंबा सफर तय किया है, लेकिन अभी भी सुधार की गुंजाइश है। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में भी भारतीय टीम के साथ गए मैथ्यू ने बर्मिंघम खेलों में खिलाड़ियों की चिकित्सा जरूरतों का जिम्मा संभाला था। उन्होंने कहा कि आजकल अधिकांश को अभ्यास, आहार, चोटों की अच्छी खासी जानकारी है। कोचों को धन्यवाद जिनकी वजह से यह संभव हो सका। मैं जरूर कहूंगा कि भारतीय खेलों में यह नयी चीज है और सरकार की नीतियों और अच्छी रणनीतियों को इसका श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी सुधार की गुंजाइश है। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को खेल विज्ञान में और शिक्षित करना होगा। अभ्यास का सही मॉडल, खुराक और चोटों से बचाव की रणनीति, आराम और रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम की जानकारी देनी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को तलाशने पर और फोकस करना होगा। उन्हें खेल विज्ञान की अच्छी जानकारी देनी होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, पैरा चक्का फेंक खिलाड़ी अनीश कुमार पिल्लई, हॉकी खिलाड़ी नवजोत कौर कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। उन्होंने कहा कि सिंधू शुरू में पॉजिटिव पाई गई लेकिन उसकी सीटी वैल्यू बहुत अधिक थी यानी दूसरों को संक्रमित करने का खतरा नहीं था। बाद में उसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई। उसे कोई लक्षण भी नहीं थे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

शुभमन गिल भी चले काऊंटी की राह, ग्लैमरगन से खेलते आयेंगे नजर

मुंबई (एजेंसी)। भारत के बल्लेबाज शुभमन गिल भी काऊंटी खेलने जा रहे हैं। शुभमन ग्लैमरगन के साथ खेलेंगे। इससे पहले भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा (ससेक्स), वाशिंगटन सुंदर (लंकाशायर), क्रुणाल पांड्या, मोहम्मद सिराज (दोनों वार्विकशायर), उमेश यादव (मिडिलसेक्स), नवदीप सैनी (केंट) के लिए खेल रहे हैं। अब शुभमन रवि शास्त्री (1987-91) और सौरव गांगुली (2005) के बाद काउंटी चैंपियनशिप में ग्लैमरगन के लिए खेलनेवाले तीसरे भारतीय होंगे। भारतीय क्रिकेटर शुभमन ने वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ एक दिवसीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था। वेस्टइंडीज में उन्होंने जहां 102.50 के औसत से 205 रन बनाए और तो जिम्बाब्वे के खिलाफ 122.50 के औसत से 245 रन। गिल के पास 11 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जिसमें उन्होंने 30.47 की औसत से 579 रन बनाए हैं। उनका आखिरी मैच जुलाई में बर्मिंघम के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेला था जिसमें उन्होंने 17 और 4 रन बनाए थे। वह भारत के घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में पंजाब के लिए 12 प्रथम श्रेणी मैच खेलते हुए 65.33 की औसत से 1176 रन बना चुके हैं। ग्लैमरगन की बात की जाए तो वह इस समय डिविजन टू टेबल में 10 मैचों में 5 जीत के साथ तीसरे स्थान पर है। उनके पास अभी भी चार और मैच बाकी हैं और वे कार्डिफ में 5 सितंबर को वोस्टरशायर के खिलाफ सीजन फिर से शुरू करेंगे। शुभमन को मौका मिलने की पूरी संभावना है क्योंकि इस क्लब से कॉलिन इनग्राम सीपीएल के लिए तो मार्नस लाबुस्चगने और माइकल नेसर ऑस्ट्रेलिया के लिए नैशनल ड्यूटी पर होंगे।

पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2022 की होगी शुरुआत

रांची के खेलगांव में 07-09 सितम्बर तक होगा चैम्पियनशिप

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पीएनबी मेटलाइफ ने 12 राज्य बैडमिंटन संघों के बैनर तले भारत के 12 राज्यों में आयोजित होनेवाली पीएनबी मेटलाइफ जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022 (जेबीसी) के शुभारंभ की घोषणा की। जेबीसी का छठा संस्करण मुंबई, बैंगलोर, सूरत, लखनऊ, रांची, इंदौर, चंडीगढ़, त्रिशूर, हैदराबाद, भुवनेश्वर, गुवाहाटी और दिल्ली सहित 12 शहरों में आयोजित किया जायेगा। इन 12 शहरों में 7 से 17 साल की उम्र के बीच के सभी बैडमिंटन खिलाड़ी और आकांक्षी खिलाड़ी पीएनबी मेटलाइफ जेबीसी 2022 की प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकेंगे। प्रतिस्पर्धा के लिए बनायी गयी विभिन्न श्रेणियों में अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 और अंडर-17 शामिल हैं। जेबीसी 2022 की पंजीकरण प्रक्रिया 9319483219 पर कॉल करके पूरी की जा सकती है। रांची में खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, खेलगांव में 07-09 सितंबर तक चैम्पिनशिप आयोजित होगा। मैच सिंगल्स प्रारूप में होगा और प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम आयु सीमा के दायरे में रहते हुए ज्यादा से ज्यादा दो श्रेणियों में खेल सकता है। राज्य स्तर के विजेताओं को सम्मानित किये जाने के लिए उन्हें दिल्ली में आयोजित होनेवाले सम्मान समारोह में आमंत्रित किया जायेगा। जहां दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पीएनबी मेटलाइफ ब्रांड एंबेसडर पीवी सिंधु और पीएनबी मेटलाइफ के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आशीष श्रीवास्तव उन्हें सम्मान देंगे। पीएनबी मेटलाइफ के एमडी और सीईओ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पीएनबी मेटलाइफ ने युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच देकर भारत में दूसरे सबसे प्रमुख खेल को बढ़ावा देने के लिए 2015 में पहली जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप शुरू की।

टेनिस सनसनी एंजेलिक नहीं खेलेंगी यूएस ओपन

बर्लिन (एजेंसी)। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन और पूर्व विश्व नंबर दो एंजेलिक कर्बर ने घोषणा की कि वह गर्भवती हैं और इस सीजन के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन को मिस करेंगी। 34 साल की कर्बर आखिरी बार विंबलडन में खेली थीं, जहां वह तीसरे दौर में हार गयी थीं। जर्मन खिलाड़ी पूरी तरह से अपने करियर को आगे बढ़ाने की योजना पर भी काम कर रही हैं। ट्विटर पर उन्होंने लिखा- मैं वास्तव में यूएस ओपन खेलना चाहती थी। आखिरकार मैंने फैसला किया कि एक के खिलाफ दो उचित प्रतिस्पर्धा नहीं है।

बाइचुंग ने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी और पूर्व भारतीय कप्तान बाइचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के दो सितम्बर को होनेवाले चुनाव के लिए गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए नए सिरे से नामांकन भरा। पद्मश्री से सम्मानित इस 45 वर्षीय फुटबॉलर के नाम का प्रस्ताव आंध्र फुटबॉल संघ ने किया जबकि राजस्थान फुटबॉल संघ ने उसका अनुमोदन किया। भूटिया ने कहा- मैंने एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन भर दिया है और मुझे लगता है कि मैं इस पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा कि मैंने देश के लिए और शीर्ष क्लबों के लिए इतने अधिक मैच खेले हैं तथा मैं प्रशासन के बारे में भी थोड़ा बहुत जानता हूं, क्योंकि मैं खेल मंत्रालय थे मिशन ओलंपिक विभाग और कई अन्य समितियों में हूं। मैं चाहता हूं कि भारतीय फुटबॉल नयी ऊंचाइयों पर पहुंचे। भूटिया ने इससे पहले भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था। तब उनके नाम का प्रस्ताव उनके पूर्व साथी खिलाड़ी दीपक मंडल ने किया था जबकि प्रतिष्ठित महिला फुटबॉलर मधु कुमारी ने उसका अनुमोदन किया था। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर तथा पश्चिम बंगाल में भाजपा के नेता कल्याण चौबे को को भी अध्यक्ष पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। चौबे के नाम का प्रस्ताव गुजरात फुटबॉल संघ ने किया जबकि उसका अनुमोदन अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल संघ ने किया।

एशिया कप से पहले विराट कोहली-बाबर आजम मिले

दुबई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम 27 अगस्त से शुरू होनेवाले एशिया कप 2022 के लिए दुबई पहुंच चुकी है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया 28 अगस्त को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। सभी की निगाहें इस मैच पर होंगी। हालांकि, इस महा मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मौजूदा कप्तान बाबर आजम ने एक-दूसरे से मुलाकात की जिसकी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। भारत एशिया कप के इतिहास में सबसे सफल टीम है और दो बार की डिफेंडिंग चैंपियन भी है। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2012 में टूर्नामेंट जीता था। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो अपलोड किया है। इसमें हार्दिक पांड्या, युजवेंद्र चहल को राशिद खान और मोहम्मद नबी के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। इस दौरान विराट कोहली पर ध्यान केंद्रित किया गया था, क्योंकि वह पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम से मिले थे। हाल के फॉर्म के अनुसार बाबर दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों में से एक हैं जबकि कोहली लम्बे समय से फॉर्म में वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भिड़ंत से पहले कोहली ने अपने मौजूदा फॉर्म की तुलना 2014 में इंग्लैंड के दौरे पर अपने संघर्ष के दिनों से की थी। कोहली ने शो में कहा था कि इंग्लैंड में उनकी विफलताओं का एक पैटर्न था जबकि रनों की मौजूदा कमी चिंता का विषय नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड में जो हुआ वह एक पैटर्न था, इसलिए कुछ ऐसा था जिस पर मैं काम कर सकता था और कुछ ऐसा जिसे मुझे दूर करना था।

मेरे लिये वास्तव में प्रक्रिया करना एक आसान बात : विराट कोहली

कोहली ने आगे इंटरव्यू में कहा, अभी जैसा कि आपने ठीक ही उल्लेख किया है, ऐसा कुछ भी नहीं है जिसे आप यह कह सकते हैं कि समस्या यहां हो रही है। इसलिए मेरे लिए वास्तव में प्रक्रिया करना एक आसान बात है क्योंकि मुझे पता है कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और कई बार जब मैं उस लय को वापस महसूस करना शुरू करता हूं, तो मुझे पता चलता है कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। मेरे लिए यह कोई मुद्दा नहीं था, जो इंग्लैंड में नहीं था; मुझे ऐसा नहीं लगता था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था। इसलिए मुझे एक चीज पर कड़ी मेहनत करनी पड़ी, जिसे बार-बार उजागर किया जा सकता था; अभी यह ऐसा नहीं है।